CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

तापमान अधिकतम :31°C न्यूनतम: 20°C

सेंसेक्स 80,737.51 निफ्टी 24,542.50

सोना 99,570 चांदी 1,00,100

मुरादाबाद, बुधवार 4 जून 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 295 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 7 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## भारत को 48 घंटे में हराना चाहता था पाकिस्तान

### CDS अनिल चौहान ने किया खुलासा: कैसे फेल हुई पाक की रणनीति

पुणे, वार्ता

**चीफ ऑफ** डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को पहलगाम आतंकी हमला और ऑपरेशन सिंदूर पर बात की। वे मंगलवार को पुणे यूनिवर्सिटी पहुंचे थे।

उन्होंने यहां भविष्य के युद्ध और युद्ध विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि 10 मई रात एक बजे पाकिस्तान ने भारत को 48 घंटे में घुटने पर लाने की प्लानिंग की थी, उसने कई जगह पर एक साथ हमले किए और संघर्ष को बढ़ाया, लेकिन उसकी योजना 8 घंटे में ही फेल हो गई थी। इसके बाद बड़े नुकसान के डर से सीजफायर के लिए कॉल किया। हमने केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। उन्होंने कहा कि भारत आतंक और न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग की छाया में रहने वाला नहीं है। प्रोफेशनल मिलिट्री फोर्स पर असफलताओं और नुकसान का असर नहीं पड़ता। आपको अपना मनोबल बनाए रखने की जरूरत है। नुकसान महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि परिणाम महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में जो कुछ हुआ उससे कुछ हफ्ते पहले ही पाकिस्तान आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर ने भारत और हिंदुओं के खिलाफ जहर उगला था। पहलगाम में जो -शेष पृष्ठ दो पर

**नुकसान के डर से सीजफायर के लिए कॉल किया**



### ऑपरेशन सिंदूर: विदेश गए डेलिगेशन से मिलेंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख दुनिया को बताने गए डेलिगेशन ग्रुप्स से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले हफ्ते मुलाकात कर सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीएम मोदी सभी 7 डेलिगेशन ग्रुप से 9 या 10 जून को मिलेंगे। इस दौरान डेलिगेशन अपने दौरे की रिपोर्ट प्रधानमंत्री को देंगे। भाजपा के बैजयंत पांडा के नेतृत्व वाला डेलिगेशन मंगलवार को भारत लौट आया है। इस ग्रुप में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, फंगनन कोन्याक और रेखा शर्मा, सांसद असदुद्दीन ओवैसी, सतनाम सिंह संधू, गुलाम नबी आजाद और पूर्व विदेश सचिव हर्ष श्रृंगला शामिल हैं।

### कोरोना संक्रमण से पांच और मरीजों की मौत

**नई दिल्ली।** देशभर में कोरोना संक्रमण के कुल सक्रिय मामलों की संख्या मंगलवार सुबह बढ़कर 4026 तक पहुंच गई। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से पांच और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 37 पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से मंगलवार सुबह आठ बजे तक जारी आंकड़ों के अनुसार देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4026 पहुंच गई। अभी तक 2700 मरीजों को स्वस्थ होने पर अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और एक जनवरी से अब तक 37 लोगों की मौत हुई है। पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 65 सक्रिय मामले सामने आए हैं और 512 मरीजों के स्वस्थ होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, लेकिन इस अवधि के दौरान पांच और मरीजों की जान चली गई।

### बाढ़-लैंडस्लाइड से नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में 37 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** देश के पूर्वोत्तर राज्यों में 29 मई को मानसून ने दस्तक दी थी। 5 दिन बीतने के बाद भी मानसून वहीं ठहरा हुआ है। इसके चलते मणिपुर, असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय, मिजोरम और सिक्किम में तेज बारिश हो रही है। मंगलवार को मप्र-राजस्थान समेत 20 राज्यों में बारिश का अलर्ट है।
नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में बाढ़-लैंडस्लाइड से अब तक 36 लोगों की मौत हो चुकी है। असम के 22 जिलों में 5.35 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं और अब तक 11 लोगों की मौत हुई है। 15 नदियां उफान पर हैं। सड़क, रेल और बोट सर्विस प्रभावित है। कुल 165 राहत शिविरों में 31 हजार 212 लोग ठहराए गए हैं।

### 'इंडिया' ने दोहराई संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों के इंडिया समूह ने पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर, सैन्य कार्रवाई तथा आतंकवाद को खत्म कर पाकिस्तान को अलग-थलग करने में देश कितना सफल रहा, इन सब मुद्दों पर व्यापक चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मंगलवार को मांग करते हुए पीएम मोदी को पत्र लिखा है, जिसमें 16 दलों के नेताओं ने हस्ताक्षर किए हैं। इंडिया समूह के नेताओं ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद की स्थिति और सांसदों के सात प्रतिनिधिमंडलों को दुनिया के विभिन्न देशों की राजधानियों में भेजकर आतंकवाद पर हम अपना पक्ष रखने में कितना सफल रहे इसकी जानकारी देश चाहता है।

### पंजाब में आईएसआई के जासूस सहित दो गिरफ्तार

#### सेना की गतिविधियों से संबंधित संवेदनशील जानकारी कर रहा था साझा

**तरनतारन/जयपुर।** काउंटर- इंटेलिजेंस-पंजाब से प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, तरनतारन पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में पाकिस्तान की आईएसआई के एक जासूस को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि आरोपी की पहचान मोहल्ला रोडूपुर, गली नज़र सिंह वाली, तरनतारन निवासी गगनदीप सिंह उर्फ गगन के तौर पर हुई है। गिरफ्तार आरोपी पाकिस्तान की आईएसआई और गोपाल सिंह चावला के संपर्क में था। उधर राजस्थान इंटेलिजेंस ने जैसलमेर के रोजगार कार्यालय में कार्यरत सहायक प्रशासनिक अधिकारी शकूर खान को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिरीक्षक (सीआईडी सुरक्षा) विष्णुकांत गुप्ता ने बताया कि शकूर खान की गतिविधियां काफी समय से संदिग्ध पाई जा रही थी।




### वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन के लिए छह जून को उम्मीद पोर्टल होगा लॉन्च

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार 6 जून को उम्मीद पोर्टल लॉन्च करने जा रही है। इसका मकसद वक्फ संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन और पारदर्शिता को बढ़ावा देना है। उम्मीद का पूरा नाम है- यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट, एम्पावरमेंट, एफिशिएंसी और डेवलपमेंट। यह एक सेंट्रल पोर्टल होगा, जिस पर देशभर की वक्फ संपत्तियों को रजिस्टर किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, पोर्टल लॉन्च होने के छह महीने के भीतर सभी वक्फ संपत्तियों को रजिस्टर करना अनिवार्य होगा। इस पर संपत्तियों का पूरा विवरण देना होगा, जैसे- लंबाई, चौड़ाई और जियो टैग की गई लोकेशन। अगर किसी संपत्ति का नाम किसी महिला के नाम पर दर्ज है, तो उसे वक्फ संपत्ति घोषित नहीं किया जा सकेगा। रजिस्ट्रेशन का काम संबंधित राज्य वक्फ बोर्ड करेंगे। अगर किसी वजह से तकनीकी या अन्य कारणों से समय पर रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया, तो एक से दो महीने की अतिरिक्त मोहलत दी जा सकती है। लेकिन अगर फिर भी संपत्ति रजिस्टर्ड नहीं होती, तो उसे विवादित मानते हुए वक्फ ट्रिब्यूनल के पास भेजा जाएगा।

### जमीन घोटाले में तीन पर गिरी गाज

## DM हरिद्वार समेत दो IAS सस्पेंड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** हरिद्वार नगर निगम भूमि घोटाले में उत्तराखंड की धामी सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले में दो आईएएस और एक पीसीएस अफसर समेत कुल 12 लोगों को निलंबित कर दिया गया है। मामले में डीएम, एसडीएम व पूर्व नगर आयुक्त पर भी गाज गिरी। अब विजिलेन्स जमीन घोटाले की जांच करेगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नगर निगम हरिद्वार में हुए जमीन घोटाले पर सख्त रुख अपनाते हुए, दो आईएएस, एक पीसीएस अधिकारी सहित सात अधिकारियों को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। इस मामले में तीन अधिकारी पूर्व में निलंबित हो चुके हैं, जबकि दो की पूर्व में सेवा समाप्त की जा चुकी है। इस तरह इस प्रकरण में अब तक 10 अधिकारी निलंबित किए जा चुके हैं। हरिद्वार नगर निगम द्वारा ग्राम सराय में कूड़े के ढेर के पास स्थित अनुपयुक्त 2.3070 हैक्टेयर भूमि -शेष पृष्ठ दो पर

**चार अन्य पर भी हुई कार्रवाई, अब तक हरिद्वार नगर निगम जमीन घोटाले में 12 नपे**

हमारी सरकार ने पहले ही दिन से स्पष्ट किया है कि लोकसेवा में पद' नहीं बल्कि 'कर्तव्य' और 'जवाबदेही' महत्वपूर्ण है। चाहे व्यक्ति कितना भी वरिष्ठ हो, अगर वह जनहित और नियमों की अवहेलना करेगा, तो कार्रवाई निश्चित है। हम उत्तराखंड में भ्रष्टाचार मुक्त नई कार्य संस्कृति विकसित करना चाहते हैं। सभी लोक सेवकों को इसके मानकों पर खरा उतरना होगा

**- पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

## उप्र में पूर्व अग्निवीरों को मिलेगा 20% आरक्षण



शाह टाइम्स ब्यूरो

**भूतपूर्व सैनिक की तरह की गई सेवा अवधि को घटाते हुए अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी**

**लखनऊ।** उप्र सरकार ने पुलिस आरक्षी, पीएसी, आरक्षी घुड़सवार एवं फायरमैन की सीधी भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को (चार साल की सेवा के पश्चात) 20 प्रतिशत पदों को आरक्षित रखते हुए क्षैतिज आरक्षण प्रदान किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में मंगलवार को यह निर्णय लिया गया, जिसके तहत भूतपूर्व सैनिक की तरह अग्निवीर के रूप में की गई सेवा अवधि को घटाते हुए अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि भारत सरकार द्वारा अग्निपथ योजना शुरू की गई है, जो देशभक्त और प्रेरित युवाओं को सशस्त्र बलों (भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायुसेना) में सेवा करने का अवसर देती है। इसके तहत अग्निवीरों का पहला बैच 2026 में सेवा से बाहर आएगा। उत्तर प्रदेश के पूर्व अग्निवीरों को प्रदेश सरकार के इस निर्णय का लाभ मिलेगा। वहीं प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने एवं राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के लिए मॉडल उचित दर दुकानों/अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। मंत्रिमंडल की बैठक में इन भवनों के निर्माण में गति लाने के लिए राजकोषीय बचत से भी अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण का निर्णय लिया गया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने पत्रकारों को बताया कि अब मनरेगा के अतिरिक्त राज्य वित्त आयोग, -शेष पृष्ठ दो पर



# एटीएम से सात लाख की ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी के घर से अवैध बंदूक व 45 कारतूस बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सुहागपुर निवासी एक व्यक्ति से ग्राम के ही एक युवक ने दोस्ती का फायदा उठाकर उसके खाते से सात लाख रुपये निकाल लिए। जब पीड़ित ने विरोध किया, तो उसके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने जब आरोपी के घर दबिश दी, तो मौके से 45 कारतूस और एक बंदूक भी बरामद की गई है। इस घटना को लेकर ग्राम में सनसनी फैल गई है और लोग आपस में इस मामले की चर्चा करते नहीं थक रहे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पीड़ित लालमनी पुत्र स्व. नन्हे सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने छह माह पूर्व अपनी 437 गज खेती की जमीन बेची थी, जिससे प्राप्त लाखों रुपये उसने एक्सिस बैंक में जमा किए थे। लालमनी के अनुसार ग्राम का ही मेहराब पुत्र जमीर अहमद उससे मेलजोल रखता था और अक्सर उसके घर आता-जाता रहता था। उसी दौरान उसने एटीएम और पिन की जानकारी भी हासिल कर ली थी।

लालमनी का आरोप है कि 12 अप्रैल 2025 को मेहराब उसे बिजनौर ले गया, जहां उसे शराब पिलाई गई और उसी रात चोरी-छिपे उसका एटीएम कार्ड भी निकाल लिया गया। बाद में जब उसने बैंक जाकर पासबुक की एंट्री कराई, तो पता चला कि उसके खाते से सात लाख रुपये एटीएम के जरिए निकाले जा चुके हैं। जब लालमनी ने इस संबंध में मेहराब से बात की तो उसने न सिर्फ गाली-गलौच की, बल्कि मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित के अनुसार आरोपी ने यह स्वीकार भी किया कि उसने ही एटीएम चुराया और पैसे निकाले हैं। सूचना पर जब पुलिस ने मेहराब के घर दबिश दी, तो वहां से एक देसी बंदूक और 45 कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गांव में इस घटनाक्रम को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।

# वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर पत्रकार जगत में शोक

**कालागढ़।** वरिष्ठ दो पत्रकारों की मौत से पत्रकार जगत में शोक छा गया, जिस पर उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और वरिष्ठ प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने उत्तराखंड राज्य के वरिष्ठ पत्रकार और दैनिक जागरण के ब्यूरो प्रमुख विकास धूलिया एंव जफर जैदी के निधन पर गहरा दुख और शोक व्यक्त किया है। विकास धूलिया एवं जफर जैदी के निधन को उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश की पत्रकारिता जगत के लिए भारी आघात बताते हुए कहा है कि उनके निधन से राज्य की पत्रकारिता ने अपना एक सशक्त दीप स्तंभ खो दिया है।

जफर जैदी, विकास धुलिया का पत्रकारिता जीवन मूल्यों और सिद्धांतों पर आधारित था। वे सच्चे कलमकार थे और कभी भी किसी प्रलोभन या किसी सत्ता के सुख के चक्कर में नहीं पड़ते थे और ना झुकते थे। एक बेबाक पत्रकार, मिलन, निडर पत्रकार थे। गढ़वाल के जाने-माने धुलिया परिवार के सच्चे उत्तराधिकारी थे जिनमें स्वर्गीय भैरव दत्त धूलिया जैसे उनके पुरखे थे, जिन्होंने आजादी की लड़ाई जहां लड़ी वहीं कर्म भूमि जैसे साप्ताहिक को आजादी की मशाल बनाया। वहीं जफर जैदी वरिष्ठ पत्रकार साहब की मिशाल दी जाती है।

# अफजलगढ़ के बाजारों में पसरा सन्नाटा

## ईद में तीन दिन बाकी, फिर भी रौनक गायब



**शेख अब्दुल बारी**

**अफजलगढ़।** बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के साथ-साथ कोरोना की आहट से बाजारों में ईद उल अजहा के मौके पर सन्नाटा पसरा हुआ है।

गौरतलब है कि ईद उल अजहा जैसे बड़े त्यौहार में अब महज तीन दिन ही बाकी हैं। लेकिन बाजारों में अभी तक वह चहल-पहल देखने को नहीं मिल रही, जो हर साल नजर आती थी। शहर के मुख्य बाजारों में दुकानदार खाली बैठ कर ग्राहकों का इंतजार कर रहे हैं। हर साल ईद से पहले बाजारों में कपड़े, जूते, चप्पल, इत्र, सजावटी सामान और मिठाइयों की जमकर खरीदारी होती थी। लेकिन इस बार नजारा कुछ अलग है। दुकानों पर ग्राहकों की संख्या बहुत कम है, जिससे व्यापारी वर्ग चिंता में है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि इस बार महंगाई ने लोगों की जेब पर असर डाला है। पहले लोग परिवार के सभी सदस्यों के लिए नए कपड़े और अन्य सामान खरीदते थे। अब वे सिर्फ जरूरी चीजों तक ही सीमित हो गए हैं। व्यापारियों को आखिरी दिनों का इंतजार है।ठ

यापारियों को अब आखिरी दो-तीन दिनों से उम्मीद है कि शायद थोड़ा बहुत बाजारों में रौनक लौट आए। व्यापारी अकरम ने बताया कि हर साल इन दिनों में बाजारों में इतनी भीड़ होती थी कि दुकान पर खड़े रहना मुश्किल हो जाता था, लेकिन इस बार पूरे दिन में गिनती के ग्राहक आ रहे हैं। ग्राहकों की चुप्पी, दुकानदारों की चिंता प्रमुख बाजारों जैसे मैन बाजार, सब्जी मंडी रोड और मौहल्ला नायक सराय के आसपास की गलियों में भीड़ नदारद है। ईद की चहल-पहल की जगह इस बार बाजारों में सन्नाटा और उदासी छाई हुई है।

दूसरी तरफ बकरे के व्यापारी भी परेशान है। बाजार में महंगे बकरे नहीं बिक पा रहे है। आठ से 15 हजार रुपए तक के बकरे ही बाजार में बिक रहे हैं। महंगे बकरे खरीदने में ग्राहकों की दिलचस्पी नहीं है। क्योंकि कटरे में मात्र तीन हजार रुपए से लेकर पांच हजार रुपए तक के हिस्से में कुर्बानी हो जाती है।

# चिकित्सीय शिविर में मरीजों ने उठाया लाभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ग्राम मंडोरी में आज पूर्व प्रधान ताहिर मलिक और उनके समाज सेवी पुत्र तफसील मलिक ने अपने निवास पर मैट्रो हॉस्पिटल स्योहारा की ओर से एक नि:शुल्क चिकित्सीय शिविर का आयोजन कराया। शिविर में सैकड़ों लोगों की जांच कर उनको नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई।

इस मौके पर ताहिर मलिक और तफसील मलिक ने कहा कि उनको और उनके परिवार को अच्छा लगता है यदि वो अपने लोगों के कुछ काम आ जाएं तो और उनके द्वारा इस तरह के सामाजिक काम निरंतर जारी रहेंगे।

इस मौके पर मेट्रो अस्पताल की और से डॉ. आसिम अली, डॉ. राशिद इफरा चौधरी, इलमा चौधरी एडवोकेट, आतिफ मलिक, अफान मलिक, नदीम मलिक, उवेद मलिक, फरीद मलिक, शौकीन मलिक, गुड्डू कुमार, इस्लामुद्दीन, बबलू कुमार, भूपेंद्र कुमार, सुरेश कुमार, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# ओवरलोड विद्युत ट्रांसफार्मर फटा

## तेल की चपेट में आने से एक पशु झुलसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गांव अमीनाबाद में 100 केवी का विद्युत ट्रांसफार्मर ओवरलोड होने की वजह से फट गया। इस दौरान ट्रांसफार्मर में आग लग गई। ट्रांसफार्मर फटने के दौरान निकले तेल की चपेट में आने से एक पशु झुलस गया। साईकिल आदि सामान भी जल गया। सूचना पर पुलिस व विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची। गनीमत रही कि बड़ा हादसा होने से टल गया।

नहटौर क्षेत्र के गांव अमीनाबाद निवासी विपुल कुमार के मकान के पास 100 केवी का विद्युत ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। ग्यारह हजार की लाईन उनके मकान के ऊपर से गुजर रही है जो हर समय खतरा बनी हुई हैं। 100 केवी विद्युत ट्रांसफार्मर से करीब 12 ट्यूबवेल व गांव के 80 कनेक्शन जुड़े हुए है। विद्युत ट्रांसफार्मर ओवरलोड होने के कारण सोमवार की रात करीब 10 बजे अचानक ट्रांसफार्मर फटने के दौरान आग लग गई। ग्यारह हजार की लाइन के तार घर के आंगन में गिर गए। विद्युत ट्रांसफार्मर फटने के दौरान गर्म तेल की चपेट में आकर घर के आंगन में बंधी गाय की बछिया बुरी तरह झुलस गई व अन्य सामान भी जल गया। इस मामले की सूचना पुलिस व विद्युत विभाग को दी गई। विपुल कुमार का कहना है कि एक वर्ष पूर्व भी इसी प्रकार की घटना हो चुकी हैं, जिसमें एक पशु की जान जा चुकी है। उसने विद्युत विभाग से घर के बराबर में रखे ट्रांसफार्मर को हटाने के लिए अधिकारियों से सम्पर्क किया, किंतु कोई सुनवाई नहीं हो सकी।

दूसरी ओर विद्युत विभाग के जेई चेतराम सिंह का कहना है कि ग्यारह हजार की लाईन बर्षो पुरानी है और मकान बाद में बना है, जिसको हटाने के लिए विभाग की स्वीकृति जरूरी है और प्रक्रिया भी लम्बी है। जांच कर इस मामले को गम्भीरता से लिया जाएगा।

# किसानों से 7 प्रतिशत ब्याज वसूल रही सहकारी समितियां

## भाकियू टिकैत ने जताया विरोध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** किसान सहकारी समितियों में किसानों से ऋण पर 7 प्रतिशत ब्याज लेने का भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने विरोध किया है। उनका कहना है कि सरकार का इस तरह का कोई शासनादेश नहीं है। समिति के अधिकारी जबरन किसानों से अधिक ब्याज के नाम पर वसूली कर रहे हैं। इसको किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पूर्व तहसील अध्यक्ष राजेंद्र सिंह का कहना है कि किसान सहकारी समितियों में किसानों से ऋण पर इस वर्ष 3 प्रतिशत ब्याज के स्थान पर 7 प्रतिशत ब्याज की वसूली की जा रही है। इस तरह का शासनादेश कोई भी दिखाने को तैयार नहीं है। सरकार की ओर से ब्याज वृद्धि का कोई शासनादेश जारी नहीं किया गया है। उनका अनुरोध है की समितियों में कोई भी किसान 7 प्रतिशत ब्याज ना दे। इसके लिए भारतीय किसान यूनियन टिकैत आंदोलन कर रही है। समिति के अधिकारियों की मनमानी के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन टिकैत किसानों के साथ मिलकर उसका पूरजोर विरोध कर रही। इस मामले को लेकर वह कोऑपरेटिव के एआर से भी मिल चुके हैं लेकिन कोई शासनादेश दिखाने को तैयार नहीं है। सरकार ने ऐसा कोई शासनादेश जारी ही नहीं किया।

# अच्छे स्वास्थ्य व आय के लिए करें गन्ने व मोटे अनाज वाली फसल की खेती

## सरकार की योजनाओं की दी जानकारी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत अच्छे स्वास्थ्य और अच्छी आय प्राप्ति हेतु गन्ना के साथ मोटे अनाज वाली फसल की खेती को बढ़ावा देने वाली तकनीक के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही प्राकृतिक खेती, बासमती धान की खेती, पशुपालन, ब्रांड आधारित कृषि तकनीक, गन्ना उत्पादन तकनीक, मृदा परीक्षण एवं संतुलित उर्वरक प्रबंधन साथ ही सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मंगलवार को अभियान के दौरान अन्य कई-कई महत्वपूर्ण विषयों जैसे सब्जी अनुसंधान, जलवायु-अनुकूल फसल किस्में, जल संरक्षण तकनीक और एकीकृत कीट प्रबंधन तकनीक, पोषण उद्यान अपनाने और जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों से लड़ने की भी जानकारी दी गई। किसानों द्वारा लाए गए गन्ने का निरिक्षण करके उसका समुचित इलाज भी बताया गया।

इस दौरान जनपद स्तरीय अधिकारी उप कृषि निदेशक गिरीश चंद्र, जिला कृषि अधिकारी जसवीर तेवतिया, एसएमएस आदित्य कुमार उपस्थित रहे। मंगलवार को ब्लॉक नजीबाबाद के ग्राम असदल्लापुर, चंदक, कमराजपुर, नंगला पितोड़ा, दिनौरी महाराजपुर, हरेवली, ब्लॉक-किरतपुर के ग्राम शाहपुर सुक्खा, भनेड़ा, बुढ़पुर नैन सिंह आदि गांवों में किसानों से वार्ता की गई।

# थाना परिसर में सुंदर कांड पाठ का आयोजन

**कोतवाली देहात।** थाना परिसर में सुंदर कांड का पाठ आयोजित किया गया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया।

थाना परिसर में मंगलवार सुबह विशाल हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ में प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह सोलंकी ने पूर्ण आहुति दी। इसके बाद सुंदरकांड का पाठ आयोजित किया गया। सुंदरकांड के पाठ के बाद भंडारे का आयोजन किया गया।भंडारे में सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान सीओ नगीना अंजनी कुमार, ग्राम प्रधान इमरान शमी, धर्मेंद्र गिरी, दीपक कुमार, टोनी सिंह, इमरान कुरैशी, दानिश मिर्जा आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखंड से नाबालिग लड़की को भगा कर लाया युवक परिवार सहित फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नाबालिग युवती को भाग ले जाने के आरोपी के घर पर उत्तराखंड व अफजलगढ़ पुलिस की संयुक्त कार्यवाही से थाना क्षेत्र के ग्राम में हड़कंप मच गया। आरोपी युवक परिवार सहित फरार हो गया। पुलिस खाली हाथ बैरंग लौट गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तराखंड जनपद उधम सिंह कस्बा व थाना जसपुर के मौहल्ला नई बस्ती निवासी दिलशाद हुसैन द्वारा अपनी 14 वर्षीय नाबालिग पुत्री की गुमशुदगी की रिपोर्ट जसपुर थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस जांच में पता लगाया कि अपने रिश्तेदारी में काम कर रहे थाना अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम हिदायतपुर चौहड़वाला निवासी हसन पुत्र अली हसन नाबालिक युवती को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। जिसपर मंगलवार को उत्तराखंड पुलिस ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से युवती के पिता की निशानदेही पर आरोपी युवक के घर पर रेड की पुलिस की आमद की खबर लगते ही आरोपी युवक परिजनों सहित घर से फरार हो गए। पुलिस को खाली हाथ बैरंग वापस लौटना पड़ा। पुलिस की कार्यवाही से ग्राम में हड़कंभ मच गया। सूत्रों की माने तो गत सोमवार की रात को ही नाबालिग लड़की का निकाह भी करा दिया गया। जो ग्राम में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारत को...**

हुआ वह पीड़ितों के लिए घोर क्रूरता थी। ऑपरेशन सिंदूर के पीछे सोच यह थी कि पाकिस्तान से राज्य प्रायोजित आतंकवाद को रोकना है। सीडीएस ने कहा कि पाकिस्तान की प्लानिंग फेल होने के बाद उसने भारत से फोन (हॉटलाइन) पर संपर्क किया था। उसे लगा था कि अगर यह जारी रहा, तो उसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ेगा। जनरल चौहान ने कहा कि जब पाकिस्तान की ओर से बातचीत और तनाव कम करने का अनुरोध आया, तो हमने भी इसे स्वीकार कर लिया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भी युद्ध और राजनीति बराबरी से हो रही थी। भारतीय सेना ने पाकिस्तानी ठिकानों पर बहुत सोच-समझकर सटीक हमले किए और उनमें से कुछ दो मीटर जितने करीब थे। सीडीएस चौहान ने भारत-पाकिस्तान तनाव के दौरान फाइटर जेट खोने के सवाल पर कहा कि जब मुझसे हमारे नुकसान के बारे में पूछा गया, तो मैंने कहा कि ये महत्वपूर्ण नहीं है, क्योंकि परिणाम और आप कैसे कार्य करते हैं। यह महत्वपूर्ण है। नुकसान और संख्या के बारे में बात करना बहुत सही नहीं होगा। उन्होंने क्रिकेट का उदाहरण देते हुए कहा कि मान लीजिए कि आप क्रिकेट टेस्ट मैच खेलने जाते हैं और आप एक पारी से हार जाते हैं, तो कितने विकेट, कितनी गेंदें और कितने खिलाड़ी हैं। इसका कोई सवाल ही नहीं है।

**डीएम हरिद्वार...**

को करोड़ों रुपये में खरीदने पर सवाल उठने के बाद, मुख्यमंत्री धामी ने इस प्रकरण की जांच के आद. ेश दिए थे। जिसके बाद सचिव रणवीर सिंह चौहान ने मामले की प्रारंभिक जांच कर, रिपोर्ट 29 मई को ही शासन को सौंपी थी। इसी जांच रिपोर्ट के आधार पर मुख्यमंत्री ने कार्मिक विभाग को दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिस पर कार्मिक एवं सतर्कता विभाग ने मंगलवार को सभी सात आरा. ेपी अधिकारियों को निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद, कार्मिक विभाग ने मंगलवार को हरिद्वार नगर निगम के तत्कालीन प्रशासक और मौजूदा डीएम कर्मेंद्र सिंह, तत्कालीन नगर आयुक्त वरुण चौधरी, हरिद्वार के तत्कालीन एसडीएम अजयवीर सिंह, वरिष्ठ वित्त अधिकारी निकिता बिष्ट, वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक विक्की, रजिस्ट्रार कानूनगो राजेश कुमार, हरिद्वार तहसील के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कमलदास को निलंबित कर दिया है। जमीन घोटाला प्रकरण में अब तक हुई कार्रवाई: कर्मेन्द्र सिंह - जिलाधिकारी और तत्कालीन प्रशासक नगर निगम हरिद्वार (निलंबित),वरुण चौधरी - तत्कालीन नगर आयुक्त, नगर निगम हरिद्वार (निलंबित),अजयवीर सिंह- तत्कालीन, उपजिलाधिकारी हरिद्वार (निलंबित), निकिता बिष्ट - वरिष्ठ वित्त अधिकारी, नगर निगम हरिद्वार (निलंबित),विक्की - वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक (निलंबित), राजेश कुमार - रजिस्ट्रार कानूनगो, तहसील हरिद्वार (निलंबित), कमलद. ास-मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, तहसील हरिद्वार (निलंबित)। पूर्व में हो चुकी कार्रवाई: रविंद्र कुमार दयाल- प्रभारी सहायक नगर आयुक्त (सेवा समाप्त), आनंद सिंह मिश्रवाण- प्रभारी अधिशासी अभियंता (निलंबित), लक्ष्मी कांत भट्ट्- कर एवं राजस्व अधीक्षक (निलंबित), दिनेश चंद्र कांडपाल- अवर अभियंता (निलंबित), वेदपाल- सम्पत्ति लिपिक (सेवा विस्तार समाप्त), हरिद्वार नगर निगम घोटाले में बताया जा रहा है कि यह: मामला 15 करोड़ की जमीन को 54 करोड़ में खरीदने का है, जिसमें हरिद्वार नगर निगम ने एक अनुपयुक्त और बेकार भूमि को अत्यधिक दाम में खरीदा। न भूमि की कोई तात्कालिक आवश्यकता थी, न ही खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती गई। शासन के नियमों को दरकिनार कर यह घोटाला अंजाम दिया गया।

**उप्र में...** सांसद निधि, विधायक निधि, पूर्वांचल विकास निधि, बुन्देलखंड विकास निधि या अन्य किसी राज्य या केन्द्र सरकार की योजना, जिसमें इनका निर्माण अनुमन्य है, अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जा सकेगा। जहां इन योजनाओं के माध्यम से धनराशि की उपलब्धता नहीं हो सकेगी, वहां खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा बचत से धनराशि की व्यवस्था की जाएगी। इस प्रकार प्रति जनपद 75-100 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण प्रति वर्ष कराया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त इस भवनों के अनुरक्षण इत्यादि की व्यवस्था का भी प्राविधान किया गया है।

# नकली उर्वरक व कीटनाशक पर बनेगा सख्त कानूनः शिवराज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार नकली उर्वरक और कीटनाशक बनाने वालों पर कार्रवाई करने के लिए सख्त कानून की तैयारी कर रही है।

चौहान ने मंगलवार को 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के छठे दिन महाराष्ट्र में पुणे जिले के नारायणगांव में किसानों से बातचीत करते हुए कहा कि नकली खाद या कीटनाशक बनाने वाली और किसानों को आपूर्ति करने वाली किसी भी कंपनी या व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई के लिए सरकार सख्त कानून बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कीटनाशकों और उर्वरकों के सही और संतुलित प्रयोग होना चाहिए। सरकार एक सख्त कानून बनाने पर विचार कर रही है, जिसके अंतर्गत जो भी कंपनी या व्यक्ति नकली उर्वरक या कीटनाशक बनाकर किसानों को आपूर्ति करते हुए पकड़ा जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। चौहान ने कहा कि क्षेत्रवार कृषि विकास योजना तैयार की जाएगी। केंद्र और राज्य सरकार दोनों मिलकर कृषि और किसानों की प्रगति के लिए काम करेंगे। बातचीत के दौरान किसानों ने केंद्रीय मंत्री को अपनी चिंता से अवगत कराया और न्यूनतम समर्थन मूल्य, बेमौसम बारिश के कारण कृषि उपज को होने वाले नुकसान, खेती पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, समय पर कृषि उपकरण और बीज नहीं मिलने, बेहतर प्रशीतन भंडारण सुविधाओं, कृषि प्रसंस्करण केंद्रों की उपलब्धता और अन्य महत्वपूर्ण मामलों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इससे पहले दिन में केंद्रीय मंत्री ने कृषि वैज्ञानिकों के साथ नारायणगांव कृषि उपज मंडी समिति और टमाटर मंडी, स्थानीय खेतों और कोल्ड स्टोरेज सुविधा का दौरा किया, जहां उन्होंने टमाटर और अन्य फसल उगाने वाले स्थानीय किसानों से बातचीत की।










**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# आने वाला वक्त कांग्रेस का: हैनरीता

## नहटौर के बैरमाबाद गढ़ी में गर्म जोशी से स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कांग्रेस की जिला अध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह ने कहा कि आने वाला वक्त कांग्रेस का है।

प्राप्त समाचार के अनुसार कांग्रेस संगठन सर्जन अभियान के अंतर्गत नहटौर विधानसभा के ग्राम बैरमाबाद गढ़ी में फुरकान अंसारी के निवास पर एक सभा का आयोजन किया गया। कांग्रेस की जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह का स्वागत सभा के आयोजक फुरकान अंसारी व ग्रामीणों ने धूमधाम से किया। सभा की अध्यक्षता खुर्शीद अहमद ने की तथा संचालन जावेद अंसारी ने किया।

सभा में उपस्थित आरके सिंह ने कांग्रेस के संगठन को गति देने हेतु विस्तार से ग्रामीणों के सामने कांग्रेस की नीतियों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि गैर कांग्रेसी सरकारों ने देश व प्रदेश का भला नहीं किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के देश व प्रदेश की सत्ता में रहते हुए रिकार्ड विकास कार्य हुए थे और भाईचारा कायम था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी भाई को भाई से लडवाने का काम नहीं किया। साथ ही समाज के दबे कुचले वर्ग की खुशहाली के लिए हर संभव प्रयास किए। हरित क्रांति कांग्रेस की देन थी।



### अवाम का रूख कांग्रेस की तरफ

**बिजनौर।** गैर भाजपाई अवाम का रूख तेजी के साथ कांग्रेस की तरफ बढ़ रहा है। अवाम का मानना है कि कांग्रेसी एक मात्र ऐसी पार्टी है जिसके नेता डट कर भाजपा सरकार की गलत नीतियों का विरोध कर रहे है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भाजपा सरकार की गलत नीतियों के विरोध में लगातार आवाज उठा रहें हैं। वह न तो जेल जाने से डरते है और न ही उन्हें गोलियों से डर लगता है। वह सत्ता की खातिर भाई को भाई से नहीं लड़वाते है। कांग्रेस का देश की आजादी में अहम योगदान था। आज देश व प्रदेश के हालात बद से बदत्तर हो गए है। अवाम का मानना है कि छोटी पार्टियां भाजपा से डरती हैं। वह सौदेबाजी कर लेती हैं।

जिला अध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यह देश में नफरत का जहर फैला कर देश के युवाओं को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। लेकिन हम कांग्रेसी मौहब्बत के दिए जलाकर नफरत के अंधेरों को मिटाकर ही दम लेंगे। जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह ने ग्रामीणों का आह्वान करते हुए कहा कि आप देश को इन पाखंडियों से निजात दिलाने के लिए कांग्रेस का साथ दीजिए। साथ ही जननायक राहुल गांधी के हाथों को मजबूत बनाए।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह ने हर घर कांग्रेस का झंडा अभियान की शुभारंभ किया और घरों पर अपने हाथों से कांग्रेस का ध्वज लगाया। सभा में जावेद अंसारी, जहांगीर जैदी, वसीम अकरम, फुरकान अंसारी, खुर्शीद अहमद, साबिर अंसारी, डॉ. खालिद, मकसूद अहमद, डॉ. जाकिर, इमरान अंसारी, फारूक अंसारी, धीर सिंह, नासिर अंसारी, फिरोज अंसारी, समर आलम, दानिश अंसारी, साजिद खान, रतिराम सिंह, सलमान, शहजाद, अनस, इकबाल, सनव्वर अंसारी, गुलफाम अंसारी, नतेद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

## सैर करने निकली किशोरी लापता

**बढ़ापुर।** कस्बे के एक मोहल्ला निवासी की करीब 15 वर्षीया पुत्री जो अल्पबुद्धि बताई जाती है। कुछ दिन पहले से अपने घर से निजी बस स्टैंड तक की सुबह की सैर के लिए जाती थी। किशोरी 29 मई की सुबह पांच बजे घर से सैर के लिए निकली थी, जिसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी। परिजन किशोरी को तलाश रहें है। किशोरी के पिता ने उसी दिन पुलिस में किशोरी की गुमशुदगी दर्ज करा दी थी। किशोरी के पिता ने बताया कि उसकी लापता पुत्री को उन्होंने अपनी सभी रिश्तेदारियों में ढूंढ़ लिया, लेकिन उसका कहीं कोई अता पता नहीं चला है। कस्बे के रास्तों व निजी बस स्टैंड पर स्थित दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों से उसके सुबह सवेरे बढ़ापुर से दिल्ली जाने वाली निजी बस में सवार होने की जानकारी मिली थी, जिस पर बस के परिचालक से संपर्क साधने पर पता चला कि किशोरी नगीना स्थित अकबराबाद चौराहे पर बस से उतरी थी। परिजनों को इसके बाद की किशोरी की कोई अवस्थिति नहीं मिल रहीं है। परिजनों ने बताया कि किशोरी का मोबाइल नंबर भी उसी दिन से बंद आ रहा है। परिजनों के साथ साथ पुलिस भी किशोरी की गहनता से तलाश में लगी है, लेकिन पांच दिन बाद भी किशोरी का कोई सुराग नहीं लगने पर उसके परिजन चिंतित है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि किशोरी की बरामदगी के लिए थाने के दो एसआई लापता किशोरी की गहनता से खोजबीन कर रहें है।

# शव सड़क पर रख कर जाम लगाया

### बौरेकी में नाबालिग की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम बौरेकी में नाबालिग की मौत के मामले में ग्रामीणों ने सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद आए शव को जलालाबाद-बौरेकी मार्ग पर रखकर प्रदर्शन कर जाम लगाया। ग्रामीणों ने हत्या का आरोप लगाते हुए मामले में पुलिस पर कोई कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बौरेकी निवासी दिलशाद का पुत्र फैसल (15 वर्ष) रविवार की रात घर से बाहर गया था। करीब साढ़े आठ बजे वह घर के निकट मृत मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेजा था। परिजनों का आरोप था कि ग्राम के ही एक किशोर से उसका झगड़ा हुआ था। परिजनों व ग्रामीणों ने पोस्टमार्टम के बाद पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं करने पर सोमवार दोपहर बाद शव आने पर जलालाबाद-बौरेकी मार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। सूचना पर पुलिस टीम के साथ पहुंचे सीओ नितेश प्रताप सिंह ने ग्रामीणों को शांत कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया। परिजनों ने पुलिस को मामले में तहरीर सौंपी हैं। लगभग दो घंटों के जाम में मार्ग से गुजरने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# मुफ्ती नबील रशीदी का तालीम पर जोर

**मुजाहिद फारूकी**

**नूरपुर।** मुफ्ती नबील अहमद रशीदी ने तालीम पर जोर देते हुए कहा कि अपने बच्चों को अच्छी तालीम दिलाने के लिए मां और बाप को पूरी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि तालीम से ही कामयाबी के रास्ते खुलते हैं।

वरिष्ठ समाजसेवी मौलाना असरारुल हक के निवास पर पहुंचे पूर्व विधायक मुफ्ती जलील के पौते हजरत मुफ्ती नबील अहमद रशीदी का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर मुफ्ती नबील अहमद रशीदी ने कहा कि आज के दौर में तालीम की बहुत बड़ी अहमियत है। मां-बाप एक वक्त का खाना न खाए, मगर अपने बच्चों को अच्छी तालीम जरूर दिलाए। तालीम से ही कामयाबी मिलती है। आज हमारे बच्चे तालीम से दूर होते जा रहे है। बच्चों में तालिम न होने की वजह से हम दुनिया में परेशान हाल है।



### मौलाना असरारूल हक के द्वारा गर्मजोशी से स्वागत

उन्होंने कहा कि हम तालीम के हथियार से ही सामने आने वाली चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर सकते हैं और अपने आप को पिछड़ेपन से बाहर निकाल कर अपनी कौम व मिल्लत को सम्मान दिला सकते हैं। उन्होंने कहा कि अपने मदरसों के कागजात सही तरीके से रखें। ताकि किसी दूसरे व्यक्ति को आपके ऊपर उंगली उठाने का मौका न मिल सके। मदरसों में दीनी तालीम के साथ दुनिया की तालीम पर भी ध्यान देना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को पढ़ा लिखा कर एक काबिल इंसान बनाना है, ताकि हमारे बच्चे पढ़ लिख कर इंजीनियर, आईपीएस व डॉक्टर बन कर अपने मां-बाप के साथ देश का नाम रोशन कर सके। उन्होंने कहा कि मां-बाप अपनी बेटियों पर भी ध्यान दें। उन्हें कभी भी अकेले बाहर न भेजें। आज का वक्त बहुत खराब चल रहा है।

इस मौके पर जमीअत उलेमा-ए-हिंद के नगर अध्यक्ष मौलाना अबरार कासमी, हकीम असरारुल हक, मुफ्ती मौहम्मद सलमान कासमी, मौलाना वकील अहमद, मौलाना मौहम्मद तल्हा, मुफ्ती कफील अहमद, हाफिज मौहम्मद इरशाद, मास्टर हाफिज, मौहम्मद लुकमान, मौहम्मद मूसा आदि मौजूद रहे। हजरत मुफ्ती नबील ने जाते वक्त भाईचारे व मुल्क की सलामती के लिए दुआ कराई।

# ईद को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क

### ईदगाह व प्रमुख मार्गों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवादादाता**

**अफजलगढ़।** ईद उल अजहा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय नजर आ रहा है।

क्षेत्राधिकारी राजेश सिंह सोलंकी एवं थाना अध्यक्ष सुमित राठी ने थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ईदगाहों एवं प्रमुख मार्गों का भौतिक निरीक्षण किया। सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और साफ-सफाई सहित तमाम आवश्यक बिंदुओं की गंभीरता से समीक्षा की। उन्होंने मौके पर



मौजूद पुलिसकर्मियों और प्रशासनिक कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही पर्व के दिन सुगम यातायात और शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए विशेष रणनीति पर चर्चा की गई। सीओ राजेश सिंह सोलंकी ने बताया कि शांति और सौहार्द बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और निगरानी के लिए ड्रोन कैमरों सहित अन्य तकनीकी संसाधनों का भी उपयोग किया जाएगा।

उन्होंने स्थानीय नागरिकों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह से बचें और किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। थाना प्रभारी सुमित राठी ने कहा कि ईद उल अजहा के अवसर पर बड़ी संख्या में नमाज अदा करने के लिए नमाजी एकत्र होते हैं। ऐसे में हर पहलू का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए वैकल्पिक मार्गों की योजना भी तैयार की गई है। प्रशासन की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया कि धार्मिक स्वतंत्रता के साथ-साथ कानून व्यवस्था बनाए रखना सभी की साझा जिम्मेदारी है।

# रेप में लुकादड़ी के सलमान को तीन वर्ष का कारावास

### सत्रह हजार रुपए का अर्थदण्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय स्पेशल पॉक्सो एक्ट ने जबरदस्ती घर में घुस कर रेप करने के आरोपी सलमान को तीन वर्ष के कठोर कारावास एवं 17 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार वादिनी ने 14 अक्टूबर 2022 को नजीबाबाद थाने में तहरीर दी थी कि अभियुक्त सलमान पुत्र जहीर निवासी ग्राम जसवंतपुर लुकादड़ी ने जबरदस्ती घर में घुस कर उनकी नाबालिग पुत्री की इज्जत लूट ली और किसी को बताने पर वादिनी व उनकी पुत्री को जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 452, 376, 511, 504 व 506 आईपीसी एवं धारा 7/8 पॉक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था।

अभियुक्त को सजा दिलाने के लिए पुलिस के द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई। न्यायालय स्पेशल पॉक्सो एक्ट ने सलमान को तीन वर्ष के कठोर कारावास एवं 17 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

## धामपुर नगर पालिका में महताब अहमद ने सभासद पद की ली शपथ



### काफी समय से लंबित था शपथ ग्रहण कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर पालिका धामपुर के वार्ड सभासद अकबर दीवाना के निधन से रिक्त हुई सीट पर हुए उपचुनाव में विजयी रहे महताब अहमद ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। उन्हें नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ने शपथ दिलाई।

इस अवसर पर पालिका के अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला, नगर पालिका के सभासदगण एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण कार्यक्रम लंबे समय से प्रशासनिक स्तर पर लंबित था, जिसे अब औपचारिक रूप से संपन्न कराया गया। गौरतलब है कि हाल ही में सम्पन्न हुए पुन: मतदान में महताब अहमद ने पूर्व सभासद अकबर दीवाना की पत्नी को चार मतों से हराकर विजय प्राप्त की थी। इसके साथ ही उन्होंने इस सीट पर कब्जा जमाया। शपथ ग्रहण के दौरान महताब अहमद को उपस्थित गणमान्य लोगों ने बधाई दी और नगर हित में कार्य करने की अपेक्षा जताई।

# तालीम से ही तरक्की का रास्ता

### राजनीति में आने पर विशेष जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** वरिष्ठ पत्रकार व शाह टाइम्स के जिला प्रभारी समीउल्लाह ने कहा कि तालीम से ही तरक्की का रास्ता खुलता है।

प्राप्त समाचार के अनुसार बुध बाजार स्थित मंसूरी मार्केट में सलीम क्लॉथ हाउस में पहुंचे जनपद के लोकप्रिय शाह टाइम्स अखबार के जिला प्रभारी समीउल्लाह का जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने लोगों से बातचीत करते हुए कहा कि मुस्लिम समाज अपने बच्चों की तालीम पर ध्यान दें। अगर राजनीति में आना है, तो पढ़ा लिखा होना बहुत जरूरी है। अगर आपके बच्चे अच्छे पढ़ लिखे होंगे, तभी समाज तरक्की करेगा। तालीम से ही तरक्की के रास्ते खुलते हैं। उन्होंने नशे व दूसरी बुराईयों से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि समाज के जिम्मेदार इसमें अपनी भूमिका निभाए। नशे व दूसरी बुराईयों के विरोध में जागरूकता अभियान चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज के जिम्मेदार खुद को राजनीति में भी सक्रिय रखें। उन्होंने कहा कि आज का दौर बड़ा मुश्किल वाला है। इसलिए सोच समझ कर रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जब भी समाज के लोगों को मेरी जरूरत पड़ेगी, मैं किसी भी जरूरतमंद के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा हूं। कोई भी पीड़ित व कमजोर अपने आप को अकेला न समझे। उसकी आवाज को अधिकारियों तक पहुंचाने का काम किया जायेगा। उसके लिए हर वक्त तैयार खड़ा हूं, क्योंकि शाह टाइम्स अखबार खबरें छुपाता नहीं, छापता है। उन्होंने पत्रकारों से भी सही लेखनी व ईमानदारी से पत्रकारिता करने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता में दिन ब दिन गिरावट आ रही है। कुछ लोग चंद पैसों की खातिर अपना ईमान बेच देते हैं। उन्होंने कहा कि समाज के शिक्षित युवकों को पत्रकारिता में आना चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता समाज व देश की सेवा करने का अच्छा माध्यम है।



इस मौके पर समाजवादी आंदोलन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अकबर नबी इदरीसी, डॉ. वसीम सिद्दीकी, मुजाहिद फारुकी, संभावित प्रत्याशी जिला पंचायत सलीम अहमद, नवाब मलिक, कारी फखरुद्दीन अंसारी, मुस्तुफा अहमद आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### किसान यूनियन के अध्यक्ष बने अरविन्द



**बिजनौर।** थाना मंडावर अंतर्गत ग्राम इनामपुरा में राष्ट्रीय किसान यूनियन की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें यूनियन के पदाधिकारियों ने विचार रखे। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह तोमर ने इनामपुरा के रहने वाले अरविन्द प्रधान को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। बैठक का संचालन यूनियन के मण्डल मुरादाबाद उपाध्यक्ष सर्वेद्र चौधरी ने किया। अध्यक्षता पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने की। बैठक में यूनियन के जिला महासचिव खुर्शीद अहमद, प्रदेश प्रभारी हुकम जंघाला, मीडिया प्रभारी रिजवान मलिक, मंडावर नगर अध्यक्ष आकिल हुसैन, युवा जिला अध्यक्ष विनीत चिकारा आदि मौजूद रहे।

### स्वयंसेवकों ने चलाया सफाई अभियान




**बिजनौर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जसपुर नगर का एक दल वन विहार कार्यक्रम हेतु कालागढ़ बैराज के निकट रामगंगा नदी किनारे आया। रामगंगा नदी के किनारे स्वयंसेवकों ने पहले तो अपनी शाखा लगाकर कार्यक्रम किए। उसके बाद दल के सभी स्वयंसेवकों ने रामगंगा को प्रदूषण मुक्त रखने हेतु पर्यटकों द्वारा नदी किनारे फैलाए गए कूड़े-कचरे की सफाई करने का अभियान चलाया। स्वयंसेवकों द्वारा कालागढ़ के आसपास स्थित अनेक मंदिरों एवं अन्य धार्मिक स्थलों का भ्रमण भी किया। दल में जसपुर के नगर कार्यवाह जितेंद्र कुमार के साथ संदीप कुमार, अवधेश कुमार, अवनीश कुमार, उमेश कुमार, महेश कुमार, शिवा मिश्रा, चंद्रपाल सिंह, नरेंद्र कुमार, कोमल सिंह आदि शामिल रहे।

### विजय पाल सिंह आर्य को श्रद्धांजलि

**धामपुर।** जिला आर्य प्रतिनिधि सभा की बैठक रानीबाग कॉलोनी स्थित सुबोध कुमार आर्य उ.प्र. प्रधान के निवास पर देव यज्ञ से प्रारम्भ हुई। जिसमें सर्वप्रथम जिला सभा के पूर्व प्रधान स्व. विजय पाल सिंह आर्य को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक की अध्यक्षता राम सिंह आर्य (सरकथल माधो) ने की। संचालन जिला मंत्री राजपाल सिंह आर्य ने किया। बैठक में पिछली कार्यवाही की पुष्टि की गई। आय-व्यय का अनुमोदन करते हुए वार्षिक उत्सव कराने, तहसील प्रभारियों की समीक्षा तथा कोरोना वायरस से बचाव तथा सावधानियों पर चर्चा की गई। बैठक में चन्द्रपाल आर्य, सुबोध आर्य, अमित आर्य, रमेश आर्य, योगेश शर्मा, जगदीश प्रसाद आर्य, सुशील आर्य, सुरेन्द्र सिंह आर्य, हेमन्त कुमार, भूदेव आर्य, संजीव आर्य, सौरभ कुमार आदि उपस्थित रहे।

### नूरपुर में शरीफ गिरफ्तार

**बिजनौर।** वादी ने एक जून को नूरपुर थाने में तहरीर दी थी कि अभियुक्त शरीफ पुत्र शफीक निवासी मौहल्ला गांधी नगर ने आठ अभियुक्तों के साथ मिल कर उसके ऊपर जानलेवा हमला करते हुए तमंचे की बट से सिर फोड़ दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने शरीफ को गिरफ्तार कर लिया है।

### हल्दौर में रावेन्द्र गिरफ्तार

**बिजनौर।** हल्दौर पुलिस ने खासपुरा में जानलेवा हमला करने के मामले में रावेन्द्र उर्फ काले पुत्र हरी सिंह को गिरफ्तार किया है। उसके पास से दरांती भी बरामद की गई हैं। शुभम कुमार पुत्र वीरभान सिंह ने चार अभियुक्तों के खिलाफ धारदार हथियारों से हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### चांदपुर में मोहित गिरफ्तार

**बिजनौर।** चांदपुर पुलिस ने ग्राम कमालपुर निवासी मोहित कुमार पुत्र सुखवीर सिंह को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

### कृष्णा सहित तीन गिरफ्तार

**बिजनौर।** विभिन्न न्यायालयों के आदेशों पर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में धामपुर का आसिफ, शहर कोतवाली का कृष्णा कुमार व राजेन्द्र कुमार शामिल है।

### नुमाइश से बाइक चोरी

**मंडावर।** रविवार की रात नुमाइश देखने आए युवक की अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गए। चोरी की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। कस्बे में चंदक मार्ग पर सुन्दर कॉलोनी के सामने नुमाइश लगी है। रविवार की रात आठ बजे के करीब मौहल्ला कस्साबान निवासी अरमान सुन्दर कालोनी के गेट पर अपनी बाइक खड़ी कर नुमाइश देखने गया था। जब वह नुमाइश देखकर वापस अपनी बाइक लेने सुन्दर कॉलोनी के गेट पर पहुंचा, तो उसकी बाइक वहां से गायब थी। उसने अपनी बाइक को इधर-उधर काफी तलाश किया। लेकिन बाइक का कही पता नहीं चला। अरमान के ताऊ मोबिन ने बाइक चोरी की तहरीर दे दी है।

### भीम सिंह बने बिजनौर जिला प्रभारी

**बिजनौर।** पीपल्स पार्टी ऑफ इण्डिया डेमोक्रेटिक राज्य कार्यकारणी की बैठक में मूल निवासी भीम सिंह को पश्चिमी उत्तर प्रदेश का कार्यालय सचिव व बिजनौर जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया। भीम सिंह के मनोनयन से उनके समर्थकों में हर्ष है।

### प्रेमी के साथ फरार महिला बरामद

**शेरकोट।** मोहल्ला खुराडा निवासी महिला का बिजनौर निवासी इकरार के साथ इंस्ट्राग्राम पर प्यार हुआ था। प्यार में दीवानी हुई महिला अपने पति को धोखा देकर प्रेमी के बुलावे पर गत 27 मई को अपने बच्चों को लेकर प्रेमी के पास चली गई थी। महिला के पति ने पुलिस को तहरीर देकर प्रेमी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने महिला को बरामद कर लिया है और प्रकरण में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार व जंगलराज

## सपा की मासिक बैठक में बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने पर जोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा की मासिक बैठक में वक्ताओं ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आज भ्रष्टाचार व जंगलराज का दौर चल रहा है। लोकतंत्र की हत्या की जा रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज सपा की मासिक बैठक जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन की अध्यक्षता व डॉ. रहमान के संचालन में हुई। बैठक में मुख्य रूप से नूरपुर के विधायक राम अवतार सैनी, नजीबाबाद के विधायक हाजी तसलीम अहमद, पूर्व मंत्री हाजी नईमुल हसन व पूर्व सांसद यशवीर धोबी आदि उपस्थित रहे। पूर्व मंत्री व सपा के सबसे वफादार नेता हाजी नईमुल हसन ने कहा कि अब हम सबको दृढ़ संकल्प के साथ 2027 में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की सरकार बनानी है और प्रदेश को विकास की राह पर अग्रसर करना है। नूरपुर विधायक राम अवतार सैनी ने क्रांतिकारी अभिवादन के साथ समस्त कार्यकर्ताओं में जोश एवं उत्साह भरते हुए कहा कि हम सभी को एकजुट होकर पूरी ताकत के साथ हर एक विधानसभा के प्रत्येक बूथ पर जाकर काम करना है। पार्टी को बूथ स्तर पर भी मजबूत करना है।

नजीबाबाद के विधायक हाजी तसलीम अहमद ने कहा कि भाजपा सरकार में प्रदेश में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और जंगलराज पूरी तरह से व्याप्त है। पूर्व सांसद यशवीर धोबी ने कहा कि किसान, मजदूर, व्यापारी व नौजवान भाजपा की डबल इंजन सरकार से परेशान और निराश हैं। पूर्व मंत्री ठाकुर मूलचन्द चौहान ने कहा कि भाजपा संविधान और संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को भी मानने वाले नहीं है। इसीलिए समय-समय पर उनके खिलाफ तिरस्कारपूर्ण बयान देते रहते हैं।




जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से घर-घर पीडीए पर्चा पहुंचाने की अपील करते हुए कहा कि हर पदाधिकारी हर माह कम से कम दस कार्यक्रम पीडीए का करेगें। कार्यक्रम की फोटो, दिनांक व स्थान की सूचना प्रत्येक दिन जिला कार्यालय को देगें। सभी विधानसभा अध्यक्ष अपनी-अपनी विधानसभा क्षेत्र की बूथ कमेटियां, जोन प्रभारी व सेक्टर प्रभारियों की सूची बना कर जल्द से जल्द जिला कार्यालय पर जमा करेगें। जिन विधानसभा अध्यक्षों, नगर अध्यक्षों व प्रकोष्ठों के अध्यक्षों ने अपनी कमेटियां नही बनायी है, वह जल्द से जल्द अपनी कमेटियां बना कर जिला कार्यालय पर जमा करेंगें। उन्होंने कहा की सभी विधानसभा अध्यक्ष विधानसभा कमेटी की मासिक बैठक हर माह की पांच तारीख को अपने विधानसभा क्षेत्र में करेंगे।

प्रदेश कार्यालय के निर्देशानुसार सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्ष अपनी मासिक बैठक जिला कार्यालय पर हर माह की आठ व नौ तारीख को करेंगे। जिसमें आठ तारीख को युवजन सभा, लोहिया वाहिनी, यूथ ब्रिगेड, छात्र सभा, व्यापार सभा, महिला सभा व अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष अपनी कमेटियों की मासिक बैठक करेंगे। नौ तारीख को अल्पसंख्यक सभा, शिक्षक सभा, बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी, मजदूर सभा, पिछडा वर्ग, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ, सैनिक प्रकोष्ठ, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अपनी कमेटियों की बैठक करेंगे। सभी नगर अध्यक्ष हर माह किसी भी तारीख को अपनी नगर कमेटी का मासिक बैठक अपने नगर क्षेत्र में करेगें। जिसकी सूचना व फोटो जिला कार्यालय को देगें।

बैठक में वरिष्ठ नेता डॉ. रमेश तोमर, बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी कपिल गुर्जर, सतपाल सिंह, चौधरी दारा सिंह, प्रभा चौधरी, विपिन यादव, शहजाद अंसारी, मदन सैनी, शमशाद अंसारी, श्लोक पवार, कृपा रानी प्रजापति, पंकज अग्रवाल, नजीबाबाद के नगर अध्यक्ष फरहान खान, शिवकुमार गोस्वामी, राधा सैनी, पंकज विश्नोई, महमूद कस्सार, डॉ. शफीक अहमद, बीके कश्यप, मास्टर लईक अहमद, ओम प्रकाश सिंह, डॉ. शहबाज, जावेद अख्तर, सतवीर यादव, नितिन यादव, नईम मकरानी, बहादुर अंसारी, जुल्फिकार कुरैशी, अखलाक पप्पू, नाजिम खान, रफीक अहमद, हाफिज मौहम्मद यूसुफ, जुल्फिकार कुरैशी, तालिब अंसारी, तरुण लाम्बा, नमन कुमार, अशोक आर्य, काशिफ खान, अबरार अहमद, खुर्शीद अकबर, तसव्वर हुसैन, मुदित त्यागी, कायम रजा, मौहम्मद हनीफ, हाफिज शमीम अंसारी, मौहम्मद आलम, सुभाष विश्वकर्मा, अब्दुल वहाब, मौहम्मद याकूब, महेंद्र पाल सिंह, मतलूब, मांगेराम, रईस अहमद, हाजी मौहम्मद, मोहसिन, मौहम्मद आतिफ, कय्यूम खान, नवाब मंसूरी, साहिल, मौहम्मद इमरान, मौहम्मद अर्शी, मौहम्मद आसिफ, मौहम्मद इमरान, आमिर सुहेल, हाशिम खान, शिव कुमार यादव, सलमान कुरैशी, नदीम कुरैशी, सरफराज, मुस्तकीम सभासद, परवेज खान, इरशाद खान, शकील अहमद, शाह आलम चौधरी, गजेंद्र भंडारी, शमीम अब्बास नकवी, अनवर खा मनसुब, हाजी मौहम्मद खादिम, सरफराज सिद्दीकी, मोबीन खान, वाजिद मलिक, गंगाराम सैनी, डॉ. महाराज सिंह सैनी, नासिर प्रधान, राजपाल विश्वकर्मा, मनोज राजपूत, डॉ. योगेंद्र चौधरी, जगदीश यादव, आलोक चौधरी, देवानंद भुय्यार, संजय पाल, राजेश गोयल, शब्बू, सुरेंद्र वाल्मीकि, जगविंदर चौधरी, मौहम्मद साबिर, इकबाल अहमद, शफक्कत, डॉक्टर नितिन यादव, सौरभ राजपूत, मौहम्मद आरिफ कस्सार, अरशद चौधरी, कैसर अली, रमेश सिंह, हितेश यादव, अफजाल उल हक, अहमद खिजर खान आदि उपस्थित थे।

# लोन ऑफिसर के अभद्र व्यवहार एवं भ्रष्टाचार से ग्रामीण परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भागूवाला।** सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनाओं का क्षेत्र के युवाओं को लाभ नहीं मिल पा रहा। फाइल पास करने के नाम पर लोन ऑफिसर पंजाब नेशनल बैंक निशंक द्वारा रिश्वत मांगी जाती है। रिश्वत न देने पर अनहोनी खामियां निकालकर कर फाइल रिजेक्ट कर देते हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार पूरा मामला नजीबाबाद क्षेत्र थाना मंडावली ग्राम भागूवाला पंजाब नेशनल बैंक का है। भागूवाला निवासी अरमान पुत्र मुस्तकीम अहमद द्वारा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत उद्यमिता विकास संस्थान उत्तर प्रदेश द्वारा एक फाइल पास की गई थी जो की 29 अप्रैल 2025 को पास हो गई थी। संपूर्ण डॉक्यूमेंट पास होने के बाद पंजाब नेशनल बैंक ब्रांच भागूवाला आ गई थी। फाइल में संपूर्ण डॉक्यूमेंट संलग्न हैं। ब्रांच मैनेजर पंजाब नेशनल बैंक भागूवाला द्वारा विजिट करने के लिए फाइल लोन ऑफिसर निशंक को दे दी गई थी। लोन ऑफीसर विजिट करने को लेकर टाल मटोल करते रहे। अरमान द्वारा बार-बार बैंक के चक्कर लगाने के बाद बीते शनिवार को लोन ऑफीसर निशंक द्वारा विजिट की गई। विजिट के दौरान लोन ऑफिसर निशंक ने एक एप्लीकेशन भी अपने हाथ से लिखी और अरमान के साइन भी करवा लिए। इस दौरान लोन ऑफिसर निशंक द्वारा अरमान से बातचीत की गई कि यदि मैं आपकी फाइल पास कर दूं तो मुझे क्या दोगे। इस बात को सुनकर अरमान ने चुप्पी साध ली। तो लोन ऑफिसर निशंक ने अरमान को बैंक में आकर मिलने को कहा। इससे पहले की अरमान लोन ऑफिसर से बैंक में जाकर मिलते, उन्होंने यह बात अपने घर वालों को बताई। अरमान के घर वालों ने उससे कहा तुम्हें जाने की कोई जरूरत नहीं है। हम अपने आप बैंक जाकर मिल लेंगे। हमें किस बात के पैसे देने हैं। सरकार द्वारा युवा स्वरोजगार योजना चलाई गई है। जिससे युवा अपना रोजगार बिना परेशानी के कर सकें। मंगलवार को अरमान के घर वाले जब बैंक पहुंचे और उन्होंने फाइल के बारे में बात की, तो देखा की लोन ऑफिसर अंतर्यामी निकले। उन्होंने अनाप-शनाप खामियां निकालकर फाइल को खारिज कर दिया। बताया उधार करता के पास पर्याप्त ज्ञान नहीं है। सब्सिडी हासिल करने के उद्देश्य से लोन पर्याप्त किया जा रहा है। इनकी बात से साबित होता है कि अन्य बैंकों को भी चाहिए की अंतर ज्ञानी लोन ऑफिसर निशंक पंजाब नेशनल बैंक भागूवाला से जानकारी के अनुसार ज्ञान पर्याप्त कर ले। जिससे उनके बैंकों का पैसा डूबने से बच जाए। जबकि सरकार द्वारा आदेश पारित किया गया है। सरकार की ओर से साफ है कि बैंकों की ओर से की जाने वाले लापरवाही को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन का मानना है कि उत्तर प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा लोगों को स्वरोजगार के लिए मदद मिले। इसके लिए लोन देने में किसी तरह की आनाकानी नहीं होनी चाहिए। बैंकों को इस मूवी में सरकार का साथ देना चाहिए। अगर बैंक किसी का आवेदन रद्द करता है, तो उसे लिखित में कारण बताना होगा। अगर बैंक की ओर से बताई गई वजह वाजिब नहीं हुई तो प्रशासन से इसकी शिकायत का प्रावधान रखा गया है। इसके बाद अधिकारी खुद जाकर पूरे मामले की जांच करेंगे। बैंकों को कैसे सीमा में आवेदन पर फैसला लेकर लोन जारी करना होगा। ऐसा न करने पर विभाग की ओर से अधिकारी नियमित रूप से बैंक का दौरा करेंगे और समिश्चित करेंगे कि इस योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे। सरकार जनता को सुविधा देने के लिए विभिन्न तरह की योजनाएं चला रही है। जिससे उत्तर प्रदेश की जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके, इसके बावजूद भी पंजाब नेशनल बैंक भागूवाला के लोन ऑफीसर निशंक सरकारी योजनाओं को पलीता लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। अब आप खुद ही समझ लीजिए कि क्या कारण रहा की फाइल एक महीने पहले पास हुई और विजिट एक महीने बाद की जा रही है। आखिर ऐसे भ्रष्ट कर्मचारियों के चलते कैसे मिलेगा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का जनता को लाभ। अब देखना यह है कि ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ सरकार अभियान चलाकर क्या कार्यवाही करती है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह भी पता चला है की लोन ऑफीसर निशंक ने यह कसम खा रखी है कि मेरे रहते हुए एक भी गवर्नमेंट फाइल पास नहीं होगी। अब कैसे मिलेगा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का मंडावली क्षेत्र की जनता को लाभ।

सूत्रों का तो यह भी कहना है यदि उच्च अधिकारियों द्वारा इनकी गोपनीय जांच की जाए, तो यह किस तरह से ग्राहकों के साथ अभद्र व्यवहार एवं अपनी अकड़ दिखाते हैं तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

# निराश्रित गोवंशों को ब्लॉक कार्यालय में बांधा

## राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने जमकर की नारेबाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** क्षेत्र में घूम रहे निराश्रित गौवंशों के द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाने को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ किसानों ने क्षेत्र के अलग अलग गांव से निराश्रित गोवंशों को पकड़कर ब्लॉक कार्यालय पर बांध दिए और जमकर नारेबाजी की।



राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष प्रधान उदित चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ता क्षेत्र के गांव नकीबपुर, फलोदी, माहू नंगली आदि गांव से सात निराश्रित गोवंशों को पकड़कर अपने साथ लेकर ब्लॉक कार्यालय पर पहुंचे ओर उन्होंने निराश्रित गौवंशों को ब्लॉक कार्यालय पर बांध दिया। किसानों का कहना था कि निराश्रित गौवंश किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे है। ब्लॉक के अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी ब्लॉक के अधिकारियों ने समस्या का समाधान नहीं किया है। आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिलता है। किसानों ने चेतावनी दी कि समस्या का समाधान नहीं होता है तो क्षेत्र में जितने भी गौवंश घूम रहे है, सभी को ब्लॉक कार्यालय पर लाकर बांध दिया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस मौके पर जोगेंद्र सिंह, सत्यपाल सिंह, बलवीर सिंह, देव त्यागी, खिलेंद्र आदि किसान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान का शुभारंभ

## सामाजिक संस्था स्योहारा यूथ सोसाइटी ने 21 पौधे लगाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर की सामाजिक संस्था स्योहारा यूथ सोसाइटी ने पर्यावरण दिवस से पूर्व पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान में छोटे मासूम बच्चों के हाथों से 21 पौधे लगवाकर अपने तीन दिवसीय जागरूकता अभियान को आरंभ किया।

संस्था अध्यक्ष तनवीर चौधरी ने बताया कि समस्त सदस्यों की मदद से 100 पौधे ऐसे स्थान पर लगाने का लक्ष्य है, जहां पर पौधों की देख रेख होती रहे। पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम में संस्था ने छोटे बच्चों के हाथों से पौधे लगवाये। पर्यावरण दिवस के अवसर पर इस जागरूकता अभियान का समापन होगा। समाजसेवी व वरिष्ठ चिकित्सक डा. मनोज वर्मा ने पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान के मौके पर कहा है कि जिस तरह से हमारे जीवन के लिए तमाम चीजों की आवश्यकता है उन सबसे ज्यादा शुद्ध वातावरण की आवश्यकता होती है। पेड़ पौधों से हमारे जीवन के लिए ताजा ऑक्सीजन मिलता है, जिससे हमारा शरीर स्वस्थ और तंदुरुस्त रहता है। वातावरण की जरूरत इंसानों से लेकर धरती पर रहने वाले हर जानवर व पक्षी को होती है। इसीलिए हमें मानवता को ध्यान में रखते हुए अपने जीवन में पौधा हमेशा लगाने चाहिए, जिससे आने वाले समय में हमें शुद्ध वातावरण मिल सके।



इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा, युवा समाजसेवी असजद चौधरी, जुबैर जैदी, वासित अली, आमीन अहमद आदि सभी सदस्यों के इस नेक काम की सराहना करते हुए हौसला अफजाई की।

## थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**कोतवाली देहात।** ईद के त्यौहार के दृष्टिगत थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में त्यौहार को शांतिपूर्वक ढंग से मनाने तथा संरक्षित पशुओं की कुर्बानी न करने की बात कही गई। थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए सीओ नगीना अंजनी कुमार ने कहा कि ईद का त्यौहार शांतिपूर्वक ढंग से मनाया जाए। संरक्षित पशुओं की कुर्बानी न दी जाए। कुर्बानी के अवशेषों को दफनाया जाए। खुले में कुर्बानी न की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई भी हुड़दंग करता हुआ मिलता है। तब उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। त्यौहार शांतिपूर्वक ढंग से मनाने की अपील की गई। बैठक में एसडीएम नगीना आशुतोष राम प्यारे जायसवाल, प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह सोलंकी, धर्मेंद्र गिरी आदि मौजूद रहे।

# राहतपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगाया शरबत शिविर

## गर्मी में राहगीरों को मिली राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राहतपुर गांव में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मी से राहत दिलाने के लिए शरबत वितरण शिविर का आयोजन किया। भाजपा भागूवाला मंडल के बूथ अध्यक्ष के शव कुमार पाल के नेतृत्व में यह शिविर लगाया गया।

शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, मंडल अध्यक्ष कमल सैनी और ग्राम प्रधान मौहम्मद मुस्तफा ने किया। कार्यकर्ताओं ने



गाड़ियों, ऑटो रिक्शा और अन्य वाहनों को रोककर यात्रियों को ठंडा शरबत पिलाया।

इस अवसर पर चौधरी ईशम सिंह ने कहा कि गर्मी में जल पिलाना पुण्य कार्य है। उन्होंने केशव कुमार पाल और उनकी टीम की सराहना की। साथ ही उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपने घरों की छतों पर पक्षियों के लिए पानी का पात्र रखें।

शिविर में सचिन देशवाल, अनुज काकरान, मौहम्मद माजिद, डॉ. मयंक चौहान, युवी चौधरी, लाला जयप्रकाश समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में केशव कुमार पाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## मोहित कुमार चाकू के साथ अरेस्ट



**चांदपुर।** पुलिस अधीक्षक बिजनौर द्वारा चलाये जा रहे अपराधों की रोकथाम व अपराधियों के सत्यापन अभियान के दौरान पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि एक ग्रामीण युवक को मय एक अवैध चाकू के साथ किसी वारदात को अंजाम देने के इरादे से संदिग्धावस्था में घूम रहा है। तभी उ.नि. प्रशांत कुमार द्वारा अपनी टीम के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने पकड़े गये युवक का नाम मोहित कुमार पुत्र सुखवीर सिंह उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम कमालपुर थाना चांदपुर बताते हुए उसके विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर उसका चालान कर न्यायालय पेश कर दिया।

# बिंदल शुगर मिल पहुंचा प्रगतिशील कृषकों का प्रतिनिधिमंडल

## मिल अधिकारियों ने किया जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गन्ना आयुक्त उ.प्र. लखनऊ के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री गन्ना कृषक भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद मेरठ की मवाना शुगर मिल एवं जनपद बागपत की मलकपुर चीनी मिल एवं रमाला चीनी मिल के लगभग 200 प्रगतिशील कृषकों का प्रतिनिधि मण्डल जनपद बिजनौर की बिन्दल शुगर मिल चांगीपुर के क्षेत्र भ्रमण हेतु आया।



भ्रमण से पूर्व कृषकों का हरि मंगलम बैंकट हॉल में एक कृषक गोष्ठी एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जितेंद्र कुमार मलिक उपाध्यक्ष गन्ना द्वारा इस भ्रमण कार्यक्रम में आये सभी आगन्तुकों का स्वागत किया गया एवं ट्रैंच विधि से गन्ने की अधिक पैदावार कैसे लें एवं गन्ने में लगने वाले कीट एवं बीमारियों एवं उनकी रोकथाम के बारे में विस्तार से बताया गया। तत्पश्चात क्षेत्र भ्रमण ग्राम हसुपुरा निवासी कपिल कुमार के पेड़ी प्रदर्शन के प्लाटों में गन्ना प्रजाति को. -0118, को शा 13235 एवं कोलख 14201 पेड़ी प्रबन्धन के प्रदर्शन प्लाटों में पेड़ी प्रबंधन डिवाइस के प्रयोग एवं नैनौ यूरिया नैनो डीएपी के पर्णीय छिड़काव एवं अन्य कृषण क्रियाओं को भ्रमण के दौरान देखा। साथ ही साथ ग्राम तंगरौला निवासी मोहित कुमार के द्वितीय पेड़ी को.- 0238 का अवलोकन किया एवं हीमपुर प्रथया निवासी कृषक रणवीर सिंह एवं ग्राम अकबरपुर पट्टी के अतर सिंह के यहां नवीन गन्ना प्रजाति के प्रदर्शन प्लाटो का अवलोकन किया। जो सभी कृषकों के आकर्षण का केन्द्र रही। इसके पश्चात धावड़ी निवासी कृषक प्रदीप कुमार यादव के फार्म पर ट्राइकोडर्मा कलचर के प्रयोग, गन्ने की ट्रेंच विधि में हरी खाद के रूप में डैचा का प्रयोग एवं गन्ने की खेती के साथ केले एवं मक्का को सहफसल के रूप में खेती करना। यह कृषकों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

भ्रमण के दौरान ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक गन्ना विकास परिषद चांदपुर, वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक जोगिंदर मलिक व सरूर आलम जैदी, गन्ना प्रबंधक विपिन कुमार बालियान, अतिरिक्त गन्ना प्रबंधक भूपेंद्र बालियान, उप गन्ना प्रबंधक राजवीर सिंह, अर्जुन बालियान आदि कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

आवश्यक सूचना
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
'शाह टाइम्स'
का नजीबाबाद में तहसील प्रभारी व रिपोर्टर बनने के इच्छुक संपर्क करें।
कार्यालय:- बाबा प्लाजा, बिजनौर।
मो. नं.:- 9927777377
9412536647

# धामपुर समर मेला 2025 का भव्य शुभारंभ





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** केएम इंटर कॉलेज मैदान में शाह टाइम्स के संयोजन में आयोजित धामपुर समर मेला 2025 का भव्य शुभारंभ बीती रात धामपुर विधायक अशोक कुमार राणा ने नारियल फोड़कर, वैदिक मंत्रोच्चार एवं फीता काटकर किया। उन्होंने इसे धामपुर की संस्कृति, परंपरा और मनोरंजन का संगम बताते हुए इसे यादगार आयोजन करार दिया।

### पहले दिन ही उमड़ी हजारों की भीड़

शुभारंभ अवसर पर विधायक राणा ने मेले का भ्रमण किया और विशेष रूप से लगाए गए निशानेबाजी स्टॉल पर तीन बार सटीक निशाना साधकर उपस्थित जनसमूह से तालियां बटोरीं। इस दौरान उन्हें शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मंच पर उनके पहुंचने पर पुष्प वर्षा कर उनका भव्य स्वागत भी किया गया।

पूजन कार्यक्रम के मुख्य यजमान रहे आयोजक बलजीत शर्मा, जिसमें वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आचार्य पंडित रविकांत वशिष्ठ ने विधायक राणा को तिलक कर मेला आरंभ कराया। मंच रंग-बिरंगी लाइटिंग से सुसज्जित रहा, जिससे मेला स्थल रात्रि में जगमगाता रहा।

इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता उदित जैन, अनिल के गोयल, आदित्य जैन, उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा, वरिष्ठ रोटेरियन एसपी सलूजा, जावेद रहमान, आशीष राजपूत, भूपेंद्र सैनी, भूपेंद्र सिंह चौहान, शिक्षाविद दीपेंद्र सिंह चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गोयल, सुरेंद्र सैनी, जयवीर सिंह सिसोदिया, अंकुर गोयल, अर्पित गोयल, मनोज गोयल, रवि शंकर सैनी, संतोष राजपूत, सहित नगर के दर्जनों गणमान्य नागरिक और पत्रकार मौजूद रहे।

### आकर्षण बना दुबई सिटी सेल्फी पॉइंट

मेले में हवाई जहाज की थीम पर बना 'स्पेशल एंट्री गेट' सभी आगंतुकों को रॉयल फीलिंग दे रहा है। वहीं दुबई सिटी थीम पर बना सेल्फी पॉइंट युवाओं और परिवारों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

### खरीदारी, स्वाद और मनोरंजन का संगम

पहले ही दिन शहर व आस-पास के गांवों से बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे पहुंचे। जहां एक ओर स्टालों पर जमकर खरीदारी हुई। वहीं बच्चों ने झूलों व स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया।

### व्यवस्था में जुटी रहीं महिलाएं

मेले की संपूर्ण व्यवस्था बलजीत शर्मा के संरक्षण में मोहम्मद शाकिर, मोहम्मद रहमान, मोहम्मद रिजवान और टीम द्वारा की गई। वहीं महिला सुरक्षा एवं प्रबंधन की जिम्मेदारी अनमोल प्रीत कौर, मनप्रीत कौर, लवदीप कौर एवं प्रीत कौर को सौंपी गई, जिन्होंने बेहतरीन व्यवस्था कर सभी से प्रशंसा पाई।

## छात्राओं ने ठंडा मीठा शरबत पिलाया



### राहगीरों ने दिया आशीर्वाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज के गेट पर की भीषण गर्मी एवं चौथे बड़े मंगल के उपलक्ष में आने जाने वाले राहगीरों को ठंड एवं मीठा शरबत पिलाया गया।

स्काउट गाइड की छात्राओं एवं समर कैंप की छात्राओं ने ठंडा एवं मीठा शरबत पिलाकर आने जाने वाले राहगीरों को भीषण गर्मी से राहत दिलाई। राहगीरों ने ठंडा शरबत पीकर सब छात्राओं का आभार प्रकट किया और आशीर्वाद दिया। कन्या इंटर कॉलेज में समर कैंप में उपस्थित स्काउट एवं गाइड की छात्राओं में गौरी, नौशीन, आंचल, अकक्षा, नताशा, अलसीफा द्वारा राहगीरों को शरबत पिलाया गया। इस शिविर का उद्घाटन स्कूल मैनेजर शलभ कुमार द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या रेखा देवी, उपाध्यक्ष नरेन्द्र अग्रवाल, अजय महेशवरी, पंकज महेशवरी, कृष्ण कुमार, शिक्षिका जॉली, विनोद शर्मा, रंजना, अंजलि ऑफिस स्टॉफ यशवीर, लाल सिंह आर्यन आदि का सहयोग रहा।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर विचार गोष्ठी

### कई शख्सियतों को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कासमपुर गढ़ी।** आदर्श प्रेस क्लब अफजलगढ़ द्वारा हिंदी पत्रकारिता दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई शख्सियतों को सम्मानित भी किया गया।

हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर अफजलगढ़-कालागढ़ रोड अगवानपुर स्थित खालसा पिज्जा हट पर आदर्श प्रेस क्लब अफजलगढ़ द्वारा विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

किसान नेता सरदार ज्ञान सिंह की अध्यक्षता एवं आदर्श प्रेस क्लब अफजलगढ़ के अध्यक्ष एसएम असलम के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में मीरी-पीरी खालसा एकेडमी के प्रधानाचार्य सरदार मनप्रीत सिंह संधू व नैनीताल कान्वेंट स्कूल के एमडी ठाकुर सूर्यकांत सिंह बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर व्यापार मंडल अफजलगढ़ के नगर अध्यक्ष नीरव रस्तोगी, विशिष्ट अतिथि के रूप में एवं बीबीसी हिंदी के वरिष्ठ पत्रकार शहबाज अनवर मुख्य वक्ता की हैसियत से मंचासीन रहे। कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष एसएम असलम सहित पत्रकार साथियों सुभाष तोमर, फिरोज बेग, शाहिद अली एड., राजेंद्र चौहान, वेदपाल सिंह, आशीष धानिया, सरदार विक्रम सिंह, आदित्य शर्मा व गौरव गुप्ता आदि ने उपस्थित अतिथियों का बैज लगाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया।

इस अवसर पर जहां एक ओर बार एसोसिएशन धामपुर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शाहिद अली एड. एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए शहबाज अनवर को शॉल ओढ़ाकर एवं शील्ड भेटकर सम्मानित किया गया। वहीं क्लब के शाहिद अली एडवोकेट को बार एसोसिएशन धामपुर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुने जाने पर क्लब के अध्यक्ष एसएम असलम सहित पत्रकार साथियों व अतिथियों ने शॉल ओढ़ाकर एवं शील्ड भेंटकर सम्मानित किया गया। दूसरी ओर कार्यक्रम की सफलता में सहयोग हेतू कामिल खान को भी एजाज से नवाजा गया। उपस्थित समस्त पत्रकार बंधुओं, गणमान्य व्यक्तियों एवं मंचासीन अतिथियों ने क्लब के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के मुख्य संयोजक एसएम असलम को भी कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने पत्रकारों से जनहित, देश एवं समाज हित में निष्पक्ष पत्रकारिता करने का आह्वान किया। वहीं अपने संबोधन में पत्रकारों ने मिशनरी पत्रकारिता का संकल्प दोहराते हुए पत्रकारिता का धर्म निभाने का यकीन दिलाया।

प्रोग्राम में वरिष्ठ पत्रकार शेख मौ. यूसुफ, अजमल हसन, वीरेंद्र अग्रवाल, युवा नेता शेख मौ. जैद, वरिष्ठ नेता शेख इस्लामुद्दीन, शेख हसीब अहमद, पूर्व प्रधान अब्दुल वहाब, कमर आलम व शिक्षक सलीम अहमद आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# ई रिक्शा चालकों का उत्पीड़न नहीं किया जाएगा बर्दाश्त : सुरेश वर्मा

### हाईवे पर ई-रिक्शा न चलने देने की निंदा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** नगर में ई-रिक्शा मजदूर यूनियन की बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता नदीम अहमद आजाद और संचालन शोएब अख्तर ने किया। इस बैठक में ई रिक्शा चालकों को बिजनौर में प्रवेश ना करने देने व हाईवे पर ई रिक्शा चलाने से रोकने को लेकर निंदा की गई। साथ ही इस संबंध में अधिकारियों से वार्ता करने पर विचार विमर्श किया गया।

नगर के मोहल्ला कानून गोयान स्थित यूनियन अध्यक्ष के आवास पर ई रिक्शा मजदूर यूनियन की एक बैठक आयोजित की गई। इसमें ई रिक्शा चालकों ने बिजनौर शहर में रिक्शा के प्रवेश को वर्जित करने एवं हाईवे पर रिक्शा चलाने से रोकने पर पाबंदी लगाए जाने को पूरी तरीके से गलत ठहराया। यूनियन संरक्षक व भाजपा नेता सुरेश वर्मा ने कहा कि रिक्शा चालकों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उनके हकों की लड़ाई को मजबूती से लड़ा जाएगा। यूनियन अध्यक्ष नदीम अहमद आजाद ने सभी ई रिक्शा चालकों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने जरूरी दस्तावेज पूरे कराकर रखे। साथ ही क्षेत्र में चल रही ई-रिक्शाओं की सूची पुलिस प्रशासन को सौंप दे। जहां तक ई रिक्शा चालको को हाईवे पर रोकने का सवाल है।

इसके लिए आला अधिकारियों से बातचीत कर समस्या का समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा।

इस बैठक सफल बनाने में यूनियन उपाध्यक्ष मोहम्मद अरशद उर्फ बबलू, मीडिया प्रभारी मोहम्मद बिलाल, अनीस अहमद, सुल्तान, फैयाजुद्दीन, मोहसिन, इकबाल, बाबू खान, नफीस अहमद, हसीनुद्दीन, शाहनवाज, फरियाद, आकाश कुमार, सलीम अहमद, इंतजार अहमद, महबूब, मोहम्मद नाजिम, मोहम्मद अनीस, पतराम सिंह, मोहम्मद फुरकान, जुल्फिकार, इशरत, जहीर अहमद, मोहम्मद जावेद, फरमान, हारून, इरशाद, सलीम, विकास, गफ्फार व रफीक अहमद आदि मौजूद रहे।

### टाइगर ने एक सप्ताह में पांच पशुओं को निवाला बनाया

**कालागढ़।** कार्बेट टाइगर रिजर्व की सीमा से सटे ग्रमीण इलाकों में लगातार टाइगर के हमले में पांच पशुओं को निवाला बनाया गया। शिवसेना जिला अध्यक्ष चौधरी संजय राणा ने प्रशासन से पिंजरा लगाने की मांग की। कार्बेट टाइगर रिजर्व सीमा से लगे ग्रामीण इलाके कालागढ़, हेड़ी बस्ती, नई बस्ती आदि क्षेत्र में लगातार टाइगर का अटैक दिखाई दे रहा है। टाइगर ने लगातार पांच दिनों में छोटी देवी पत्नी गजराज सिंह, सुमन देवी पत्नी जगदीश, सीता देवी पत्नी राजेंद्र सिंह, होशियारी देवी पत्नी रमेश सिंह आदि के पशुओं को एक सप्ताह के भीतर मारकर अपना निवाला बना लिया। शिवसेना जिला अध्यक्ष चौधरी संजय राणा ने प्रशासन से टाइगर की रोकथाम के लिए सीमा पर तारबाड़ एवं क्षेत्र में पिंजरे लगाने की प्रशासन से मांग की।

इस अवसर पर शिवसेना जिला अध्यक्ष चौधरी संजय राणा, तहसील अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र सिंह सिरोही, जिला कार्यकारिणी सदस्य मनवीर सिंह यादव, जिला महासचिव डॉ. सीपी सिंह ने पीड़ित परिवारों को प्रशासन से मुआवजा देने के साथ साथ देने की मांग की हैं।

## एलएल.एम. प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत



### आर्यन शर्मा प्रथम व कनिका रही दूसरे स्थान पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा एलएल.एम. प्रथम सेमेस्टर के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ, बिजनौर के विद्यार्थियों का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

विधि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार राठौर ने बताया कि छात्र आर्यन शर्मा ने प्रथम, कनिका गोयल ने द्वितीय तथा शगुफा व शमिता रानी ने संयुक्त रुप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं।

कृष्णा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. परवेज अहमद खां ने सभी उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ, बिजनौर, एम.जे.पी. रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली के अर्न्तगत जिला बिजनौर में एल.एल.एम. की शिक्षा प्रदान करने वाला एकमात्र संस्थान है।

हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्र/छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले, जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें।

कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबन्धक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्य डॉ. परवेज अहमद खां तथा विधि विभाग के प्रवक्तागणों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## भारतीय संस्कृति संरक्षण संवर्धन शिविर सम्पन्न



**धामपुर।** अनन्त नियति वर्ल्डपीस चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्थापित अनन्त श्री शिव शक्तिपीठ एवं संस्कार शाला आश्रम पर चल रहे दस दिवसीय भारतीय संस्कृति संरक्षण संवर्धन शिविर आज सम्पन्न हुआ। आचार्य डॉ. दिनेश चन्द्र भारद्वाज ने बताया कि आश्रम पर सायं सात बजे से आठ बजे तक यह प्रशिक्षण नियमित दिया जाएगा। नित्य श्लोक पाठ, स्तुति, ज्ञान वर्धक कहानियां, सुनाई तथा वीडियो के माध्यम से दिखाई जाएंगी। आज समाज में संस्कृत और संस्कृति एक जाति विशेष की समझी जाती है, इस मनोदशा से ऊपर उठकर सभी को इसका ज्ञान हो इस उद्देश्य से समाज के हर व्यक्ति ने इस शिविर में भाग लिया। समाज सेवी विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बच्चों की प्रस्तुति देखकर बहुत खुश हुए। अभिभावकों ने अपने-अपने बच्चों की ऐसी सुन्दर प्रस्तुति देखकर शिविर को बहुत उपयोगी बताया। इस अवसर पर डॉ. उर्मिला भारद्वाज, शशि शर्मा, परवेन्द्र सिंह, प्रणव भारद्वाज, शिवांश भारद्वाज, कृष्णा शर्मा, देव वर्धन, राजवर्धन, खुशी वर्मा, खुशी भारद्वाज, दुर्गा, आराध्या भारद्वाज, सुभी चौहान, भूमिका भारद्वाज, कविता भारद्वाज, अंशु वर्मा, आषी, प्रियांश, हर्षिल, दिव्यांशु जोशी, काव्या सिंह, यशवर्धन सिंह, वैभव अग्रवाल, मनिका अग्रवाल, समृद्धि सिंह, रौनक सिंह पवार, आकाश मित्तल, माधव अग्रवाल, शौर्य अत्रि, निकुंज शर्मा, कन्हैया वर्मा, अनन्त भारद्वाज, प्रथम त्यागी, शाश्वत त्यागी, नन्दनी त्यागी, अभ्युक्त चौबे, इशिका उपाध्याय, तन्मय उपाध्याय, आराध्या चौहान, अर्णव चौहान, अभिज्ञान चौहान, शताक्षी त्यागी, माही त्यागी, श्रेया मराठा आदि उपस्थित रहे।

# खुले में न करें कुर्बानी: सोलंकी

### शांति समिति की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ईद उल अजहा त्यौहार के मौके पर शांन्ति समिति की बैठक में सीओ अफजलगढ़ ने कहा कि त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाएं। खुले में कुर्बानी करने और सोशल मीडिया पर फोटो-वीडियो डालने वालों पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

कोतवाली प्रांगण में ईद उल अजहा के त्यौहार के मद्देनजर शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें नायब तहसीलदार कपिल कुमार आजाद और सीओ राजेश कुमार सोलंकी ने त्योहार को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। बैठक में विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं और प्रमुख नागरिकों ने भाग लिया। अधिकारियों ने कुर्बानी को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। जिसमें विशेष तौर से खुले में कुर्बानी न करने, सड़कों पर अवशेष न डालने और कुर्बानी की फोटो या वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड न करने की सलाह दी गई।

नायब तहसीलदार कपिल कुमार आजाद ने कहा कि सभी समाज के लोग गंगा-जमुनी तहजीब के साथ त्योहार मनाएं। सीओ ने मुस्लिम समाज से अपील की कि वे त्योहार मनाते समय अन्य धर्म के लोगों का भी ध्यान रखें। साथ ही कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

बैठक में थाना अध्यक्ष सुमित कुमार राठी, एसएसआई श्रीपाल सिंह तथा अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष शेख सुलेमान, चेयरपर्सन पति जावेद विकार, भाजपा मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह बंजारा, चेयरपर्सन सलीम अंसारी, भूतपूर्व पालिका अध्यक्ष नफीस अहमद कुरैशी, मौलाना मुख्तयार, मुफ्ती सईदुर्रहमान, कैलाश प्रधान सहित नगर सभासद व ग्राम प्रधान तथा क्षेत्र के हिंदू-मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## एक नजर

### पत्रकारों से मांगा सहयोग



**रेहड़।** थाना रेहड़ में बुलाई गई पत्रकारों की मीटिंग में उनसे बातचीत करते दौरान नवागत थानाध्यक्ष विकास कुमार ने क्षेत्रवासियों के साथ-साथ पत्रकारों से भी कानून व्यवस्था में सहयोग मांगा और कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना मेरी प्राथमिकता होगी। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जनपद गाजियाबाद निवासी उपनिरीक्षक विकास कुमार ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि मेरे रहते किसी भी फरियादी को थाने से निराश होकर नहीं जाना पड़ेगा और अपनी समस्या को लेकर आने वाले हर व्यक्ति की ससम्मान सुनवाई होगी। कानूनी दायरे में उसकी समस्या का हर संभव समाधान किया जाएगा। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने कहां कि कानून व्यवस्था को बेहतर से बेहतर बनाने में मीडिया की भी अहम भूमिका होती है, जिसके लिए उनका सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने पत्रकारों को रेहड़ पुलिस की ओर से पूर्ण सम्मान दिए जाने का यकीन दिलाते हुए कहा कि पत्रकार समाज हित में सकारात्मक कलम चलाएं और अपराधों पर नियंत्रण करने हेतु कानून को मजबूत बनाने में पुलिस का सहयोग करें। इस अवसर पर उप निरीक्षक भीम सिंह, बलबीर सिंह, राघवेंद्र सिंह व सोनू आधना, यशपाल सिंह चावड़ा, रहीसपाल सिंह, भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### भाईचारे के साथ मनाएं ईद





**राजा का ताजपुर।** चौकी परिसर में ईदुल अजहा के त्यौहार को लेकर सभी धर्मों के लोगों की शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमे बैठक को संबोधित करते हुई चौकी प्रभारी राजवीर सिंह ने कहा है कि सभी धर्मों के लोग ईदुल अजहा का त्यौहार आपसी भाईचारे मोहब्बत के साथ मनाई। कोई भी ऐसा काम ना करें।, जिससे किसी दूसरे धर्म की भावनाओं को ठेस ना पहुंचे। सभी धर्मों के त्यौहार इंसानियत भाईचारे का संदेश देते हैं। हजरत मुफ्ती अरसद साहब ने कहा है कि मुसलमानों भाईयों से कहा है कि कुर्बानी खुले में बिल्कुल ना करें। कुर्बानी का मीट कपड़े से ढक कर लेकर जायें।अपने आसपास कोई भी गंदगी ना करें। साफ सफाई का ख्याल रखें। कुर्बानी की गंदगी को सड़कों पर ना फेंके। कुर्बानी की गंदगी किसी गहरे गड्ढे में दफन कर दें। ईदुल अजहा के त्यौहार पर कोई भी नई परम्परा कायम ना करें। जिन रास्तों से कुर्बानी का मीट जाता है उसी रास्तों से लेकर जायें। इस मौके पर शाहरुख फरीदी, हजरत मुफ्ती अरसद साहब, मौलाना इरफान, मौलाना शुएैब, डॉ. राजपाल सिंह, मदन सिंह सैनी, सरदार कमलजीत सिंह, नईम अहमद एडवोकेट, डॉ. अरुण अग्रवाल, कारी अजीम, कारी गुफरान, साजीदी, धर्म अवतार वर्मा, सरफराज अहमद, सिद्दीकी खुर्शीद, अकबर सिद्दीकी, हाफिज रहीम अहमद, कारी जाहिद, महबूब सलमानी, अवधैश प्रातप सिंह आदि लोग मौजूद थे। बैठक का संचालन मुजाहिद फारूकी ने किया।

### पुलिस ने की पैदल गश्त



**अफजलगढ़।** आमजन में सुरक्षा का भाव सुदृढ़ करने एवं क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से अफजलगढ़ थाना पुलिस द्वारा सोमवार को नगर के मुख्य मार्गों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त की गई। गश्त के दौरान पुलिस बल ने बाजार, सार्वजनिक स्थलों, बैंक, चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और आमजन से संवाद स्थापित किया। स्थानीय नागरिकों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील करते हुए किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की सलाह दी गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि पैदल गश्त का उद्देश्य पुलिस की उपस्थिति का एहसास कराना है, जिससे असामाजिक तत्वों में भय बना रहे और आमजन खुद को सुरक्षित महसूस करें। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में यह अभियान और अधिक प्रभावी रूप से जारी रहेगा। पुलिस की इस सक्रियता को लेकर आम नागरिकों में संतोष एवं विश्वास का वातावरण देखा गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस द्वारा उठाए गए इस कदम की सराहना की और सहयोग का भरोसा दिलाया।

### शांति व परंपरागत ढंग से मनाएं ईद



**किरतपुर।** ईद-उल-अजहा के मौके पर ईदगाह कमेटी के सदर डॉ. अहसानउल करीम, जनरल सेक्रेटरी हाजी मोहम्मद मजहर नामी और सेक्रेटरी डॉ. एम. फैजान खान ने एक संयुक्त बयान जारी कर क्षेत्रवासियों से त्यौहार को शांति, श्रद्धा और परंपरागत ढंग से मनाने की अपील की है। बयान में कमेटी ने लोगों से अनुरोध किया कि कुर्बानी सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार ही करें। सार्वजनिक या खुले स्थानों पर कुर्बानी करने से बचें और इसे पर्दे या आड़ वाले स्थान पर ही अंजाम दें। साथ ही कुर्बानी के दौरान निकलने वाले खून को नालियों में बहाने के बजाय गड्ढा खोदकर जमीन में दबाएं। उन्होंने कहा कि कुर्बानी के अवशेष सड़कों, गलियों या कूड़ेदानों पर न फेंके, बल्कि उन्हें नगर पंचायत द्वारा निर्धारित ट्रालियों या कूड़ेदानों में ही डालें। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोग भी गोश्त को ढककर लेकर जाएं और प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी बिल्कुल न करें। कमेटी ने यह भी आग्रह किया कि कोई भी व्यक्ति कुर्बानी की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप आदि पर पोस्ट न करे, ताकि किसी की धार्मिक भावना आहत न हो। सभी नागरिकों से छोटी-मोटी बातों को नजरअंदाज कर आपसी भाईचारे और सौहार्द का परिचय देने की अपील की गई है। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने और बीमारियों से बचाव हेतु सतर्कता बरतने की भी सलाह दी गई। साथ ही प्रशासन का सहयोग करने और किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहने की बात कही गई। कमेटी ने अंत में जानकारी दी कि ईदगाह में ईद-उल-अजहा की नमाज सुबह 7:45 बजे अदा की जाएगी।

डीआईजी मुरादाबाद परिक्षेत्र मुनिराज ने दूसरे दिन पुलिस लाइन व धनारी थाने का किया निरीक्षण

# जनता से अच्छा व्यवहार कर कानून व्यवस्था को बनाए रखें सुदृढ़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जनपद के भ्रमण पर आए पुलिस उप महानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र ने पुलिस लाइन व थाने का वार्षिक निरीक्षण कर अभिलेखों की जांच की व जनता से अच्छा व्यवहार कर कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के निर्देश दिए।

मंगलवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र मुनिराज पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण करने पहुंचे। डीआईजी ने परेड की सलामी लेकर परेड में शामिल पुलिस कर्मियों का टर्न आउट चैक किया गया। तत्पश्चात क्वार्टर गार्द की सलामी लेकर पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के साथ पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण किया। शस्त्रगार का निरीक्षण कर शस्त्रों के रखरखाव व रजिस्टर का अवलोकन सम्बन्धित को निर्देशित किया। इसके अलावा राजकीय सम्पत्ति स्टोर रुम का निरीक्षण कर राजकीय सम्पत्ति से सम्बन्धित अभिलेखों का अवलोकन किया। तथा स्टोर में रखे सामान के रखरखाव को स्टोर मोहर्रिर व प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीआईजी ने पुलिस कर्मियों के खाने पीने की व्यवस्था के लिये संचालित भोजनालय का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता को चेक कर भोजन ग्रहण कर साफ-सफाई रखने तथा भोजन की गुणवत्ता बढ़ाने को निर्देशत किया, डीसीआर कार्यालय, डायल 112 कार्यालय, क्वार्टर गार्ड, गार्द रूम, कैंटीन, परिवहन शाखा, यातायात कार्यालय का निरीक्षण कर अभिलेखों की जांच की। स्नान घर, शौचालयों आरक्षी बैरक व पुलिस लाइन परिसर की साफ सफाई व उचित रख रखाव आदि की व्यवस्था के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद डीआईजी ने जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा गोष्ठी की। गोष्ठी में अपराध,अपराधियों की रोकथाम एवं कानून व शान्ति व्यवस्था को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर पुलिस लाइन सभागार में पुलिस पेंसनर्स की मीटिंग ली और उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) सुश्री अनुकृति शर्मा, क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इसके बाद डीआईजी ने धनारी थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने थाना परिसर का भ्रमण किया और थाना कार्यालय, हवालात, बैरक, मालखाना, भोजनालय व शस्त्र आदि का निरीक्षण किया। थाना पर आगन्तुकों के लिये उचित व्यवस्था एवं समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित करते हुए महिला हेल्प डेस्क अभिलेख, महिला बीट अभिलेख, अपराध रजिस्टर आदि को गहनता से जांचा परखा। तथा रात्रि गश्त करने और आम जनता से अच्छा व्यवहार करने को निर्देशित किया। इसी के साथ डीआईजी ने फीता काटकर थाना धनारी में बाल कक्ष के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण तथा विवेचना कक्ष के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) सुश्री अनुकृति शर्मा, नवागंतुक अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) राजेश कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



सम्भल- पुलिस लाइन सभागार में बैठक लेते डीआईजी मुनिराज। शाह टाइम्स

# रास्ते के विवाद में चले लाठी डंडे

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** थाना धनारी क्षेत्र के गांव हरफरी निवासी धीरज पुत्र करनपाल को परिवार के ही पांच लोगों ने जमकर लाठी डंडो से पीटा। ओर धारदार हथियार से किया जख्मी, मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल। धीरज गंभीर रूप से घायल। आरोप लगाते हुए बताया कि हमारे ही परिवार के दबंग लोग हैं। जगपाल पुत्र बाबूराम, देवेश पुत्र जगपाल, विरेश पुत्र जगपाल, सत्यदेव पुत्र जगपाल,इन सभी लोगों ने धीरज को मामूली बात पर जमकर पीटा। पहले तो गंदी-गंदी गालियां दे रहे थे विरोध किया तो परिवार के लोग करने पर उतारू हो गए। सूचना मिलने पर डायल 112 मौके पर पहुंची और घायल को सीएचसी बहजोई में भर्ती कराया। हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। एक ही परिवार के लोगों ने लाठी डंडों से मारपीट करना शुरू कर दिया। जिसमे धीरज गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। वहां उसका उपचार चल रहा है।

# मक्का के खेत में मिला विवाहिता का शव

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव के जंगल में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का शव मक्का के खेत मे मिला। मृतक विवाहिता की रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव में शादी हुई थी। लेकिन वह बीते तीन-चार महीने से अपने मायके मेड़ोली में रही रही थी जो शनिवार को ज्योति पुत्री झाऊ अपने मायके गांव मेडौली से गायब थी। जुनावई पुलिस ने रविवार को गुमशुदगी भी दर्ज की थी। मंगलवार सुबह 11 बजे के करीब ग्रामीणों ने मायके से एक किलोमीटर दूरी जंगल में मक्के के खेत के समीप शव देखा था। घटनास्थल पर अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा, फॉरेंसिक, क्राइम ब्रांच, गुन्नौर कोतवाली पुलिस समेत पहुच गए। शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है। उसके बाद अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा ने बताया कि विवाहिता ज्योति पुत्री झाऊ का शव मक्के के खेत मे मिला। उसकी शादी रजपुरा क्षेत्र में हुई थी। वह अपने मायके में रह रही थी।

**○तीन चार माह से मयके में रह रही थी मृतका**

अनुष्का फाउंडेशन के तत्वावधान में मनाया गया क्लबफुट-डे

# क्लबफुट एक जन्मजात विकृति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मंगलवार को विश्व क्लब फुट दिवस मनाया गया। जिसमें दान दाताओं का आभार जताया और अनुष्का फाउंडेशन के उददेश्यों की जानकारी दी।

जिला अस्पताल में आयोजित दिवस पर बताया गया कि अनुष्का फाउंडेशन एक गैर-लाभकारी संगठन जो भारत में क्लबफुट को खत्म करने के लिए प्रतिबद्व है। जिला अस्पताल में प्रत्येक शुक्रवार को कमरा नंबर 38 में क्लब्फूट क्लिनिक में बच्चो का निशुल्क इलाज किया जाता है। अनुष्का फाउंडेशन के साथ साझेदारी में, यहां आर्थोपेडिक डाक्टरों द्वारा इलाज किया जाता है। क्लबफुट एक जन्मजात विकृति है जो भारत में 800 नवजात शिशुओं में से 1 को प्रभावित करता है। इलाज न किए जाने या अधूरा इलाज दिए जाने से बच्चे गंभीर रूप से प्रभावित हो सकते हैं और उन्हें आजीवन विकलांगता का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, उचित उपचार से क्लबफुट का पूरी तरह से इलाज संभव है और आजीवन विकलांगता से आसानी से बचा जा सकता है। हालाँकि,क्लबफुट का इलाज किया जा सकता है, और इस तरह बाद में होने वाली विकलांगता को रोका जा सकता है, और प्रभावित लोगों के जीवन को बदलने में मदद मिल सकती है। क्लबफुट को खत्म करने के लिए अनुष्का फाउंडेशन ने अपने क्लबफुट कार्यक्रम को लागू को करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के साथ साझेदारी की, क्लबफुट और उनके उपचार कार्यक्रम के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) योजना, आशा कार्यकर्ताओं, स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों और अन्य चिकित्सा कर्मचारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है। अनुष्का फाउंडेशन के कार्यक्रम मॉडल में प्रमुख हस्तक्षेप बिंदुओं में से एक क्लबफुट उपचार की पोंसेटी पद्वति में आर्थोपेडिक डाक्टरों और कास्टिंग तकनीशियनों के लिए आयोजित चिकित्सा प्रशिक्षण है। इसमें प्रथम चरण में कास्टिंग दूसरे चरण में टेनोटॉमी और तीसरे चरण में बच्चो को पांच साल तक जूते और बार दिए जाते है।अनुष्का फाउंडेशन देश के हर जिले में क्लबफुट कार्यक्रम लागू करने के लिए प्रतिब) है ताकि हर बच्चे को इलाज तक पहुंच मिल सके। अनुष्का फाउंडेशन जैसे सरकारी हितधारकों और भागीदारों के साथ हाथ मिलाकर, उनका लक्ष्य अपने कार्यक्रम को कुशलतापूर्वक लागू करना और यह सुनिश्चित करना है कि क्लबफुट के साथ पैदा होने के कारण कोई भी बच्चा विकलांग न रहे। क्लिनिक में आरबीएसके के डीईआइसी मनु तेवतिया फाउंडेशन के ब्रांच मैनेजर विशाल सक्सेना, ऑर्थोपेडिक डा. अजफर कमाल और टैक्नीशियन मोहम्मद जावेद, नाजिम अली मौजूद रहे।



सम्भल- जिला अस्पताल में कलबफंट दिवस मनाते।

# उत्कृष्ट खेल प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** विश्व साइकिल दिवस समापन समारोह में बहजोई एथलेटिक क्लब द्वारा वर्चुअल रनिंग इवेंट दिसम्बर डायनामिक विजेताओं को पुरुस्कृत कर सम्मानित किया गया।

बहजोई एथलेटिक क्लब द्वारा आयोजित समारोह में प्रथम स्थान पर रहे अनुराग प्रजापति, द्वितीय स्थान पर रहे प्रिंस एवं तृतीय स्थान पर रहे सचिन शर्मा को ट्राफी प्रदान की गयी, साथ ही जूडो के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें भी विशेष रूप से सम्मान प्रदान किया गया। इस मौके पर जयप्रकाश गुप्ता ने कहा कि हमारा उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना, फिटनेस की भावना को बढ़ावा देना और उभरती प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। इसमें ए डी ट्रेडर्स के निदेशक अनुराग वार्ष्णेय का विशेष सहयोग रहा बहजोई एथलेटिक क्लब के संयोजकों ने बताया कि हहमारा लक्ष्य बहजोई जैसे कस्बों से भी राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करना है। इस दिशा में क्लब लगातार खेल आयोजनों और प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से प्रयासरत है। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, खेल प्रेमी, शिक्षाविद और अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में यह संदेश दिया स्वस्थ जीवन के लिए खेल और साइकिलिंग को अपनाएं, और नई पीढ़ी को आगे बढ़ने का मौका दें।

## बादल के छाने से मिली गर्मी से राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मंगलवार का दिन गर्मी से राहत भरा लेकर आया। सुबह सूरज के तीखे पन से भयंकर गर्मी की सम्भावनाएं बादलों से छाने से दूर हो गयी। दिन भर सूरज की लुका छिपी से मौसम काफी नरम बना रहा।

## समाज हित संरक्षण समिति ने दिया धरना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** समाज हित संरक्षण समिति के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी के कार्यालय परिसर में ठीक धरने पर बैठ गए। धरने पर संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों का फर्जी निस्तारण करने वाले सचिव रोहित एवम ए डी ओ पंचायत श्री सुनील कुमार के विरूद्व कार्यवाही की जावे दोपहर ढाई बजे एस डी एम ने धरना स्थल पर दोषियों के विरूद्व मुख्य विकास अधिकारी को कार्यवाही के लिए प्रेषित करने का आशवासन दिया।

# मैराथन में डीएम ने चलाई आठ किमी साइकिल

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** विश्व साइकिल दिवस पर लोगों को स्वास्थ्य, पर्यावरण और सतत जीवनशैली के प्रति जागरूक करना के उददेश्य से साइकिल मैराथन का आयोजन किया। जिसमें साइकिल प्रेमी, युवा, बुजुर्ग और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

बहजोई एथलेटिक्स क्लब, बी एम बी एल जैन कालेज एवं भारत साइकिल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मैराथन में पंजीकृत 238 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। मैराथन का शुभारम्भ जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पेंसिया ने हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ में मैराथन में शामिल प्रतिभागियों ने लगभग 08 किलोमीटर तक साइकिल चलाई। मैराथन की शुरुआत चंदौसी रोड़ स्थित बस स्टैंड से होकर, चंदौसी रोड़ होते हुए, खाटू श्याम जी मंदिर से स्टेशन रोड़, वर्तन बाजार, चौकीपर होते हुए गंवा-रजपुरा रोड़ पर स्थित बी एम बी एल जैन कालेज में पहुंची।जहां कॉलेज के सभागार में पहुँचकर मैराथन प्रतिभागियों ने स्वस्थ जीवन, स्वच्छ पर्यावरण जैसे नारों के साथ जागरूकता का संदेश भी दिया। समापन पर जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पेंसिया ने कहा, साइकिल चलाना केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सशक्त कदम है। ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और बदलाव आता है। मैराथन के समापन पर तीन जरूरतमंद बालक-बालिकाओं ग्राम चौपा शोभापुर निवासी छात्र छात्रा अरविंद व अनन्या एवं ग्राम मिर्जापुर निवासी छात्रा बसंती को भारत साइकिल स्टोर व सिल्वर स्टोन सेवा समिति के सौजन्य से डीएम द्वारा साइकिल प्रदान की गयीं। इस दौरान डा. पवन जैन, सम्भव जैन, साइकिल मैन जयप्रकाश गुप्ता द्वारा भी साइकिलिंग के विषय में विचार प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर एकांश गुप्ता, सुमित वार्ष्णेय, अनुराग वार्ष्णेय, नीरज वार्ष्णेय, विकास वार्ष्णेय, मंजू दिलेर, विनीत यादव, राजू यादव, राजीव वार्ष्णेय, नकुल प्रताप सिंह, चैतन्य सिंह, शालिनी गुप्ता, कीर्ति होरा, जसवीर सिंह,नरेंद्र कुमार एन के, बसंत शंकर, राहुल शंकर, ओमप्रकाश शास्त्री, डा. सत्यपाल आदि उपस्थित रहे, संचालन सम्भव जैन ने किया।

**○विश्व साइकिल दिवस पर किया मैराथन का आयोजन**

## सपाई एसडीएम को देंगे आज ज्ञापन

**सम्भल।** ईदे अदहा पर व्यवस्थाओं की मांग को सपा की और से एसडीएम को ज्ञापन दिया जायेगा। यह जानकारी सईद अख्तर इसराइली ने दी।



सम्भल। विश्व साइकिल दिवस पर मैराथन में साइकिल चलाते जिलाधिकारी।

# सदभाव के साथ मनाएं ईद-उल-अजहा का पर्व

**शाह टाइम्स,संवादाता**

**बबराला।** नगर गुन्नौर कोतवाली में ईदे अदहा को लेकर शासन प्रशासन अलर्ट है। इसलिए कस्बों में शांति समिति की बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। उसी क्रम में कोतवाली गुन्नौर में ईद के त्योहार को लेकर एसडीएम दीपक चौधरी व सीओ दीपक तिवारी ने शांति समिति की बैठक की ओर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर नगर के गणमान्य व संभ्रात एंव धर्मगुरुओ, उद्योग व्यापार मंडल व अन्य संगठन के पदाधिकारीयों ने ईद की शुभकामनाएं देते हुए शासन प्रशासन की गाईड लाईन का पालन करने व कराने का आश्वासन दिया। एसडीएम दीपक चौधरी व सीओ दीपक तिवारी ने कहा कि ईद की नमाज नियमानुसार ईदगाह परिसर में ही होनी चाहिए ओर सड़को पर नमाज नहीं करने दी जायेगी।कुर्बानी खुले में नहीं की जानी चाहिए। उनके अवशेष इधर उधर न फेंकें। कोतवाल अखिलेश प्रधान ने कहा की पुलिस शासन के आदेशो का पालन कराने के लिए तैयार रहेगी। हर कीमत पर कानून व्यवस्था नही बिगड़नें देंगे। इसके अलावा अपने बच्चों को हिदायत दे कि वह टूव्हीलर पर केवल 2 सवारी ही यात्रा करे और हुडदंग न करें अन्यथा कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

समीक्षा बैठक में कम प्रसव कराने पर जताई नाराजगी, ब्लॉक असमोली की 50 सम्भल की 57 आशाओं पर गिरेगी गाज

# हटाई जाएंगी निष्क्रिय आशा कार्यकत्रियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य कार्यक्रमों में प्रतिभाग नहीं करने वाली आशाओं को हटाने के निर्देश दिए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में बीपीएम एवं बीसीपीएम द्वारा प्रतिभाग किया गया। समीक्षा बैठक में ब्लॉक असमोली की 50 आशा एवं सम्भल की 57 आशाओं के द्वारा पिछले 06 माह में जीरो प्रसव कराये जाने की जानकारी मिली। जबकि अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों में कार्य किया जा रहा है, जिन्हे कार्य में सुधार हेतु चेतावनी दी गई, परन्तु नरौली में 1 आशा, पवांसा में 5 आशा, गुन्नौर में 1, सम्भल में 5, बहजोई में 3, तथा रजपुरा में 5 आशा, कुल 20 आशाओं द्वारा किसी भी कार्यक्रम में कार्य न किये जाने के कारण मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरूण पाटक ने उनकी सेवा समाप्त किये जाने के निर्देश दिये। जिनको हटाने की कार्यवाही ग्राम पंचायत सुनिश्चित करायेगी। समीक्षा बैठक में बीपीएम पवांसा एवं जुनावई तथा बीसीपीएम बहजोई एवं असमोली बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाये गये, जिनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये गये। समीक्षा बैठक में, डा पंकज कुमार विश्नोई, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आरसीएच, संजीव कुमार राठौर, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, अरबाव मेंहदी, डीसीपीएम, बीपीएम एवं बीसीपीम उपस्थित रहें।

**○अनुपस्थित बीपीएम पंवासा व बीसपीएम जुनावई का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश**

# संगठन मजबूत बनाने को 36 हिस्सों में बांटने पर दिया ज़ोर

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देशन पर शहर कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक में संगठन को मजबूती प्रदान करने तथा पार्टी को और आगे बढ़ाने को अपने-अपने सुझाव पेश किए।

जिला कार्यालय पर आयोजित बैठक में पदाधिकारियों ने अपने सुझाव और वक्तव्य के माध्यम से संगठन को मजबूत करने और पार्टी को आगे बढ़ाने के सुझाव दिए। निष्कर्ष के रूप में शहर के नौ वार्डो को चार-चार हिस्सों में बांटते हुए पूरे 36 हिस्सों में बांटने पर जोर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कोआर्डिनेटर फ्रंटल विनीत त्यागी मौजूद रहे। उन्होंने प्रदेश कमेटी की नीतियां जो संगठन को लेकर तैयार की गई हैं कार्यकर्ताओं को समझाईं। शहर अध्यक्ष शिव किशोर गौतम ने शहर में काम करने की कार्यशैली को बताया और घर-घर कांग्रेस का झंडा लगाने का निर्देश दिया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की ने और संचालन फाजिल अंसारी ने किया। कार्यक्रम में पूर्व शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद, विधानसभा प्रत्याशी मुशीर खान तरीन, पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी हाजी अशरफ अंसारी आदि मौजूद रहे।

**○कांग्रेस की मासिक बैठक में दिए गए सुझाव**

# छात्राओं ने प्रस्तुत किए नाटक

**○परिणाम और पुरस्कार समापन दिए जाएंगे**

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** कस्बा के सरस्वती कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में समर कैंप के चौदहवें दिवस शिक्षिका नेहा यादव की देखरेख में छात्राओं ने थिएटर और पौष्टिक आहार जानकारी दी गयी। प्रधानाचार्या अल्पना चौधरी ने छात्राओं को थियेटर, लघु नाटक, नुक्कड़ नाटक बताया। जिसके बाद छात्राओं ने 'आपसी मतभेद' और 'आदर्श शिक्षक' आदि नाटक प्रस्तुत किया। नेहा यादव ने स्मार्ट क्लास के माध्यम से छात्राओं को पौष्टिक आहार की जानकारी दी गई।' अवसर मंच' पर छात्राओं के लिए फैशन शो और नृत्य प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परिणाम और पुरस्कार समापन के दिन वितरित किया जाएगा।



बबराला। सरस्वती कन्या उच्चतर मा ध्यमिक विद्यालय में नृत्यश करती बालिकाएं।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर लगाए जाएंगे सहजन के पौधे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** 5 जून को होने वाले विश्व पर्यावरण दिवस तथा गंगा दशहरा पर होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी सुश्री वंदना ने तैयारियों से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में मीठा सहजन के पौधो को प्राथमिकता के आधाार पर लगवाया जाए। प्रत्येक विद्यालय एवं गौशाला में सहजन के पौधे लगाएं जाएं। प्रत्येक गौशाला में लगभग 50 पौधे सहजन के लगाए जाएं तथा विद्यालयों में कम से कम 10 सहजन के पौधे लगाए जाएं। सरकारी भवनों में भी लगभग 5 पौधे सहजन के लगाए जाएं तथा मार्गों के किनारे तथा सरकारी उपवनों में भी सहजन लगाया जाए। हरीशंकरी वृक्षारोपण को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस एवं गंगा दशहरा मेला पर राजघाट पर होने वाले कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा की कार्यक्रम के अन्तर्गत सहजन एवं नीम पर बच्चों द्वारा कहानी नाटिका प्रस्तुत की जाए। गौ उत्पादों को कार्यक्रम में रखने आदि पर भी चर्चा की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी सुश्री वंदना, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, डिप्टी कलक्टर शुभि गुप्ता, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रत्नेश कुमार आदि मौजूद रहे।

**○जिलाधिकारी ने तैयारियों को लेकर बैठक में दिए निर्देश**

# पत्रकारों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर भाजपा ने बबराला नगर के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में एक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें क्षेत्र के पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष योगेंद्र यादव ने पत्रकारों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताया। योगेंद्र यादव ने कहा कि पत्रकार अपनी जान की परवाह किए बिना समाज के हित में कवरेज करते हैं और समाज में फैली कुरीतियों तथा महत्वपूर्ण मुद्दों को उजागर करने का काम करते हैं।संजीव वार्ष्णेय ने हिंदी पत्रकारिता दिवस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह हर साल 30 मई को मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि 30 मई, 1826 को 'उदंत मार्तंड' नामक पहला अखबार प्रकाशित हुआ था, जिसमें खड़ी बोली और ब्रज भाषा का उपयोग किया गया था।

# अवैध प्लॉटिंग करने वालों पर एमडीए का ताबड़तोड़ एक्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** एमडीए उपाध्यक्ष अनुभव सिंह के निर्देश पर नगर क्षेत्र एवं अधिसूचित क्षेत्रों में अनधिकृत निर्माण तथा अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध विकास प्राधिकरण द्वारा प्रवर्तन अभियान निरंतर प्रभावी कार्यवाही करते हुए अवैध निर्माण को गिरा कर दिया है। जोन-01 अंतर्गत तीन अलग-अलग स्थलों पर प्रवर्तन कार्यवाही कर अवैध प्लॉटिंग ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई। वाद संख्या-455/2023 जोन-01, सबजोन-02, ग्राम डिडोरा, थाना मझोला स्वामी उमेश कुमार कृत्य बिना स्वीकृति के लगभग 05 बीघा भूमि पर अवैध प्लॉटिंग कार्यवाही प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पूर्ण अवैध प्लॉटिंग को नियमानुसार ध्वस्त कर भूमि को प्राधिकरण के अधिपत्य में लिया गया। वाद संख्या-389/2023 जोन-01, सबजोन-02, ग्राम रसूलपुर सूनवाती, थाना मझोला स्वामी महावीर सिंह बिना स्वीकृति के लगभग 06 बीघा भूमि पर अवैध प्लॉटिंग कार्यवाही प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पूर्ण अवैध प्लॉटिंग को नियमानुसार ध्वस्त कर भूमि को प्राधिकरण के अधिपत्य में लिया गया। वाद संख्या-421/2023 जोन-01, सबजोन-02, ग्राम रसूलपुर सूनवाती, थाना मझोला स्वामी लाल सिंह कृत्य बिना स्वीकृति के लगभग 06 बीघा भूमि पर अवैध प्लॉटिंग कार्यवाही: प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पूर्ण अवैध प्लॉटिंग को नियमानुसार ध्वस्त कर भूमि को प्राधिकरण के अधिपत्य में लिया गया।सभी कार्यवाहियां प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते एवं पुलिस बल की उपस्थिति में शांतिपूर्ण, विधिसम्मत एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई गई। विकास प्राधिकरण पुन: समस्त नागरिकों, भू-स्वामियों एवं संपत्ति क्रय-विक्रय करने वालों से सख्त चेतावनी एवं जनहित में अपील करता है कि वे किसी भी भूखंड, प्लॉट अथवा निर्माण कार्य का क्रय-विक्रय अथवा निर्माण प्रारंभ करने से पूर्व प्राधिकरण की वैध स्वीकृति अनिवार्य रूप से प्राप्त कर लें। अन्यथा, प्राधिकरण द्वारा ऐसे अवैध निर्माण एवं प्लॉटिंग के विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही कर ध्वस्तीकरण अथवा सीलिंग की कार्यवाही तत्काल प्रभाव से अमल में लाई जाएगी तथा संबंधित के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी।






# टीएमयू में एडमिशन का मतलब जॉब की गारंटी

## 2023-24 के पासआउट 3000+ स्टुडेंट्स को पसंदीदा जॉब, शेष छात्र-छात्राओं ने इंटरप्रिन्योरशिप और उच्च शिक्षा को चुना बतौर करियर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नैक से 'ए' ग्रेड का दर्जा हासिल तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद का प्लेसमेंट रिकॉर्ड भी बेमिसाल है। 23 बरसों से अपनी झोली में बेशुमार उपलब्धियां रखने वाला यह उच्च शिक्षण संस्थान- टीएमयू एक बार फिर अपने स्टुडेंट्स के सपनों में रंग भरने में कामयाब रहा है। 2023-24 में 3,000+ स्टुडेंट्स को उनकी अपनी पसंदीदा जॉब मिली है। पासआउट शेष छात्र-छात्राओं ने इंटरप्रिन्योरशिप और उच्च शिक्षा को बतौर करियर चुना है। दरअसल यह ऑनलाइन/ऑफलाइन प्लेसमेंट यूनिवर्सिटी की संजीदगी का प्रतिफल है। यूनिवर्सिटी अपने ध्येय वाक्य- सही दर्शन, सही ज्ञान, सही आचरण को हमेशा शत प्रतिशत आत्मसात करती है। टीएमयू में अनुभवी एवम् उच्च शिक्षित फैकल्टीज स्टुडेंट्स को स्मार्ट क्लासेज में केवल किताबी ज्ञान ही नहीं देते हैं, बल्कि ब्लेंडेड मोड के संग-संग इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग, विजिट के अलावा समय-समय पर गेस्ट लेक्चर भी होते हैं, जिनमें उद्योगों की नामचीन हस्तियां तो आती ही हैं, देश-विदेश की जानी-मानी हस्तियां भी शिरकत करती हैं। लीडरशिप टॉक सीरीज उल्लेखनीय है। 2023-24 में 3,000 से अधिक स्टुडेंट्स को मशहूर कंपनियों में जॉब मिली है। इन सभी का सलेक्शन प्लेसमेंट ड्राइव के तहत 315 से अधिक एमएनसी कंपनियों ने किया है। इन चयनित छात्र-छात्राओं में सर्वाधिक पैकेज 63 लाख रुपए सालाना है। टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन कहते हैं, रोजगारपरक शिक्षा ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। चयनित विद्यार्थी मेडिकल, डेंटल, पैरा मेडिकल, नर्सिंग, फार्मेसी, बीबीए, एमबीए, लॉ, बीसीए, एमसीए, इंजी. नियरिंग एंड कम्प्यूटर साइंसेज-एफओईसीएस, एग्रीकल्चर, फिजिकल एजुकेशन, फाइन आर्ट्स आदि कोर्स के हैं। इन छात्रों का विप्रो, टाटा, एक्सेंचर, फ्लिपकार्ट, डिलोयट, यूएसटी ग्लोबल, टेकमहेन्द्रा, डेटोपिक टेक्नोलॉजीज, लावा इंटरनेशनल लिमिटेड, एक्रो टेक्नोलॉजीज, अल्ट्राटेक, आईटीसी, एशियन पेंट्स, जीएसके, डाबर, बर्जर पेंट्स, पेटीएम, डीकैथलॉन, रिलायंस- जीओ, एसबीआई जनरल, टीसीआई, नौकरी डॉट कॉम, एचडीएफसी-एएमसी, अपोलो हॉस्पिटल, मैक्स हैल्थ केयर, सीके बिरला हॉस्पिटल, मेदांता हॉस्पिटल, जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल आदि नामी कंपनियों/ संस्थानों में चयन हुआ है। टीएमयू के एल्युमिनाई न केवल देश की नामी कंपनियों में तैनात हैं, बल्कि यूएस, कनाडा, आस्ट्रेलिया, यूके, यूएई, सउदी अरब, जर्मनी, अफ्रीका समेत दुनियाभर में अपना परचम लहरा रहे हैं। स्टार्टअप्स एवंरिसर्च में भी सफलता की नई इबारत लिख रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 6 लेन दिल्ली-मुरादाबाद नेशनल हाइवे-9 पर, टीएमयू वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर के संग 130 एकड़ में स्थापित है, जो दिल्ली से मात्र 140 किलो मीटर दूर है। देश के कोने-कोने से 16,000 से अधिक स्टुडेंट्स अध्ययनरत हैं। 800 अनुभवी फैकल्टीज के संग 200 गेस्ट फैकल्टीज इन छात्रों को वैश्विक स्तर पर रोजगार, स्टार्टअप्स एवंरिसर्चके लिए निखार रहे हैं। 2023-24 में टीएमएयू के 3,000+ स्टुडेंट्स में लगभग 270 छात्रों को 24 लाख रुपये से लेकर 63 लाख रुपये वार्षिक तक के उच्च स्तरीय पैकेज ऑफर हुए। वहीं, लगभग 1400 छात्रों को 10 लाख से 24 लाख रुपये प्रतिवर्ष के पैकेज प्राप्त हुए। लगभग 1150 छात्रों को 5 लाख से 10 लाख रुपये के बीच का वेतन प्रस्ताव मिला, जो स्किल्स और अनुभव के क्षेत्र में टीएमयू की मजबूती को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, लगभग 200 छात्रों को 2.4 लाख से 5 लाख रुपये के बीच का पैकेज मिला।




# गो सेवा गतिविधि की टीम ने उठाई ईद से पहले बेसहारा गोवंश को गोशालाओं में पहुंचाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** गौशाला गतिविधि की टीम आज जिला संयोजक विकास शर्मा के निर्देशन में गो आश्रय स्थल रायपुर खुर्द पहुंची और 10 कुंतल हरा चारा ले जाकर गौशाला को उपलब्ध कराया। उन्होंने बताया कि गौशाला में करीब 240 गोवंश संरक्षित हैं बीमार और छोटे गोवंश को रखने की व्यवस्था अलग से की गई है लेकिन इस गौशाला को 10 पंचायत से जोड़ा गया है जिन पर इन्हें हरा चारा उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी दी है लेकिन इस जिम्मेदारी को ग्राम प्रधानों द्वारा पूरा नहीं कराया जा रहा है जिससे गोवंश को उपयुक्त मात्रा में हरा चारा नहीं मिल रहा है उन्होंने कहा कि काफी संख्या में बेसहारा गोवंश सड़कों पर घूम रहा है जिनकी जान को खतरा बना हुआ है उन्होंने इन बेसहारा गोवंश को ईद से पहले गौशालाओं में पहुंचाने की मांग उठाई। इस अवसर पर विशाल, बिट्टू बिश्नोई, पंकज कुमार, मुकेश कुमार, ओंक. ार सिंह आदि मौजूद रहे।



# टिमिट की छात्राओं का कोडर्स ब्रेन टेक्नोलॉजी प्राईवेट लिमिटेड कंपनी में हुआ चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट कॉलेज के बीबीए की छात्राएँ अमरीन सलमानी, सानिया जैदी व वंशिका गुप्ता का चयन कोडर्स ब्रेन टेक्नोलॉजी प्रा. लिमिटेड में एचआर एग्जीक्यूटिव के पद पर हुआ है। यह तीनों विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, समर्पण और कॉलेज की उत्कृष्ट मार्गदर्शन प्रणाली का प्रमाण है। कोडर्स ब्रेन टेक्नोलॉजी प्रा. लिमिटेड एक अग्रणी टेक्नोलॉजी कंसल्टिंग कंपनी है, जो भारत और विदेशों में कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों को टैलेंट सॉल्यूशन और आईटी सेवाएं प्रदान करती है। एचआर एग्जीक्यूटिव पद पर इन छात्राओं की नियुक्ति उनके उज्ज्वल करियर की एक सशक्त शुरुआत है। एचआर एग्जीक्यूटिव के तौर पर अमरीन सलमानी, सानिया जैदी व वंशिका गुप्ता कंपनी की संचालन प्रक्रियाओं को सुगम बनाने और ग्राहकों को बेहत. रीन सेवाएं प्रदान करने में योगदान देंगी। टिमिट के डीन, प्रो. विपिन जैन, ने अमरीन, सानिया व वंशिका को इस उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा, "यह हमारे छात्रों की प्रतिभा और मेहनत का परिणाम है। उनका यह चयन टिमिट परिवार के लिए गर्व की बात है और अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।" कॉरपोरेट रिसोर्स सेंटर के असिस्टेंट डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर और जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने भी तीनों छात्राओं को बधाई देते हुए कहा, "अमरीन, सानिया और वंशिका ने अपनी मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर इस मुकाम को हासिल किया है। यह उनकी कड़ी तैयारी और सीखने की लगन का परिणाम है। कॉलेज का लक्ष्य न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है, बल्कि छात्रों को सही अवसर और प्लेटफॉर्म देना भी है। अमरीन, सानिया और वंशिका का चयन हमारे प्लेसमेंट प्रयासों की सफलता को दर्शाता है।" तीनों छात्राओं ने अपनी इस सफलता के लिए टिमिट कॉलेज, शिक्षकों और अपने परिवार को धन्यवाद दिया।

उन्होंने कहा, "कॉलेज ने न केवल हमें एक मजबूत शैक्षिक आधार दिया, बल्कि हमें व्यावसायिक दुनिया के लिए तैयार करने में भी मदद की। हम इस अवसर को लेकर उत्साहित हैं और अपनी जिम्मेदारियों को पूरी मेहनत से निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।


अमरीन सलमानी | सानिया जैदी | वंशिका गुप्ता

# तहसील बार चुनाव में पहले दिन 15 अधिवक्ताओं ने कराएं नामांकन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** तहसील बार में वार्षिक चुनावी प्रक्रिया का आज नामांकन के साथ शुभारंभ हो गया नामांकन के पहले दिन अध्यक्ष पद हेतु प्रदीप कुमार एडवोकेट व प्रमोद कुमार शर्मा ने अपने पर्चे भरे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए शीशराम सिंह एडवोकेट एवं हरपाल सिंह एडवोकेट ने अपना नामांकन कराया, महासचिव पद हेतु दीपक कुमार विश्नोई और सुनील कुमार ने अपने नामांकन पत्र भरे, जबकि कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए जैनुल हसन, चरन सिंह एडवोकेट और जीशान आलम ने नामांकन कराया। सह सचिव प्रशासनिक के लिए लक्ष्मण सिंह, सहसचिव पुस्तकालय के लिए राहुल चौधरी ने नामांकन कराया सह सचिव प्रकासन के लिए (मीडिया प्रभारी) हेतु सलमान खान, कोषाध्यक्ष के लिए करतार सिंह और भु प्रकाश सिंह द्वारा नामांकन कराया गया। सदस्य कार्यकारिणी हेतु इमरान खान त्यागी ने अपना नामांकन पत्र भरा। आज 4 जून को भी नामांकन प्रक्रिया अपनाई जाएगी नामांकन को लेकर तहसील बार में उत्सुकता का माहौल रहा नामांकन करने आए प्रत्याशियों ने मिठाई वितरण कर चुनावी प्रक्रिया को लेकर हर्ष व्यक्त किया है। इस मौके पर एल्डर कमेटी के अध्यक्ष महावीर सिंह सचिव शहजाद रफी और कोषाध्यक्ष संजीव बिश्नोई मौजूद रहे।



# कीटनाशक विक्रेताओं से बिल लेना अनिवार्य : राजेंद्रपाल सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी ,मुरादाबाद डॉ राजेंद्र पाल सिंह ने समस्त पंजीकृत कीटनाशी विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि जनपद में कीटनाशक का व्यापार करने हेतु अपने अधिष्ठान पर आप द्वारा जिस कंपनी या थोक विक्रेता द्वारा कृषि निवेश क्रय किया जाता है तो उससे संबंधित कंपनी प्रतिनिधि से या संबंधित थोक विक्रेता से बिल अनिवार्य रूप से लिया जाए एवं अपने पास सुरक्षित रखें ताकि निरीक्षण के समय निरीक्षणकर्ता अधिकारी द्वारा बिल मांगे जाने पर प्रस्तुत किया जा सके। साथ ही समस्त कीटनाशक विक्रेताओं द्वारा कृषि निवेश का विक्रय करते समय बिल/ कैश मेमो कृषकों को अनिवार्य रूप से दिया जाए। कृषि निवेश के साथ अन्य उत्पाद की जबरन टैगिंग तथा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर विक्रय ना किया जाए। साथ ही यह भी निर्देशित किया है कि सभी विक्रेताओं के द्वारा स्टॉक रजिस्टर तथा सेल रजिस्टर एवं कैश मेमो पूर्ण करके अधिष्ठान पर रखना अनिवार्य है । यदि अधिष्ठान पर किसी भी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कीटनाशक अधिनियम 1968 एवं कीटनाशी अधिनियम 1971 में दिए गए प्राविधानों के अंतर्गत कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी ।जिसके लिए संबंधित विक्रेता स्वयं उत्तरदायी होंगे।

# भाजपा महानगर अध्यक्ष का धूमधाम से मनाया जन्मदिन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला के जन्मदिन के शुभ अवसर पर महानगर कार्यालय पर जन्मदिन को लेकर भव्य आयोजन किया गया। उनका जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया महानगर की टीम एवं सभी दस मंडलों के मंडल अध्यक्ष अपनी टीम के साथ शामिल हुए एवं सभी ने मिलकर महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला को पुष्प गुच्छ भेटकर एवं उनसे केक काटवा कर व मिठाई बाटकर शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की एवं उनके उज्ज्वल भविष्य व लंबी उम्र की कामना की।महानगर अध्यक्ष के जन्मदिवस कार्यक्रम में महानगर महामंत्री नत्थूराम कश्यप महानगर उपाध्यक्ष विशाल त्यागी,दिनेश सिसोदिया, राजेश रस्तौगी, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, महानगर मंत्री शम्मी भटनागर,अजय वर्मा गेत्रपाल सिंह, शशी किरण, धर्मेश सैनी, अभिषेक चौबे, संजीव चौहान, अश्वनी शर्मा, सुरेंद्र विश्नोई, पुनीत गुप्ता, अर्चित गुप्ता, आलोक सैनी, विजय लक्ष्मी पंडित, विनीता मल्होत्रा शीतल चौहान, ज्योति बंसल, के पी सैनी, दीक्षांत चौधरी, मंडल अध्यक्ष विपिन प्रजापति, विशाल रस्तौगी, कपिल गुप्ता, सोमपाल सिंह, विजयपाल सिंह, राजीव शर्मा, गजेंद्र लोदी, अनूप महरोत्रा, मयंक कश्यप, अनुज शर्मा, नीरज कुमार, भरत टंडन, पार्षद राजेश गुप्ता, दिनेश गोला, विनय राजोरिया, योगेंद्र रस्तौगी, प्रेम प्रजापति, तुषार कुमार, सौरभ सक्सैना, बंटी सैनी आदि महानगर, युवा मोर्चा महिला मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण कार्यकर्तागण पार्षदगण शामिल रहे।



## एक नजर

### एनएचएम संविदा कर्मचारी संघ की बैठक का आयोजन

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश एनएचएम संविदा कर्मचारी संघ जनपद शाखा मुरादाबाद की बैठक का आयोजन नर्सिंग मैस में किया गया। जिसमें जनपद स्तर पर कर्मचारी और अधिकारियों की चल रही समस्याओं के संदर्भ में चर्चा की गई एवं भविष्य की रणनीति पर विचार किया गया बैठक में भारी संख्या में संविदा कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे, बैठक में रघुवीर सिंह चन्द्र शेखर , चंचल सिंह आजाद,प्रमोद कुमार, मोनिका, अखिलेश, पैकर जहां ,शिवानी कौशल किशोर, ललित कुमार ,अतर पाल सिंह ,मोहम्मद फुरकान, अनुराग चौधरी ,सचिन भारद्वाज, आदि उपस्थित रहे, बैठक का संचालन सगीर अहमद ने किया एवं अध्यक्षता डॉ अजीजुर रहीम ने की।



### ईदुल अजहा का पर्व अमन-चैन के साथ मनाएं कुर्बानी की वीडियो ना बनाएं: दुल्हा नंबरदार

**मूंढापांडे।** ईदुल अजहा का पाक पर्व नजदीक है, ऐसे में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने लोगों से पर्व को सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की है, पूर्व जिला पंचायत सदस्य दुल्हा नंबरदार ने मुस्लिम समाज से अपील करते हुए कहा कि ईदुल अजहा को शांति और सादगी से मनाएं तथा कुर्बानी की वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड करने से परहेज करें,दुल्हा नंबरदार ने कहा कि कुर्बानी एक धार्मिक कार्य है, इसे दिखावे का माध्यम न बनाया जाए,उन्होंने कहा कि कुर्बानी की वीडियो बनाने और उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित करने से सामाजिक सौहार्द बिगड़ सकता है, इसलिए ऐसा करने से बचें,उन्होंने लोगों से सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पूरी तरह से पालन करने की भी अपील की, उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है और पर्व को मिलजुल. कर मनाना ही इसकी खूबसूरती है।



### गाली देने को मना करने पर मारपीट, मामला दर्ज

**कांठ।** गाली देने को मना किया तो दबंगों ने मारपीट शुरू कर दी पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया है।

थाना क्षेत्र के गांव आवि हफीजपुर निवासी शंकर पुत्र रघुवीर सिंह आज सुबह 5.30 बजे अपनी बैल बुग्गी लेकर खेत पर जा रहा था गाँव का अशोक कुमार पुत्र मोती सिंह व ब्रहमपाल पुत्र मोती मोटर साईकिल लेकर रास्ते मे खड़े थे। इनसे बाईक हटाने को कहा तो यह गाली गलोच करने लगे गाली देने से मना किया तो इन्होंने लाठी डण्डो से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुऐ चले गये। पुलिस ने शिकायत के आधार पर हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### 'माटीकला कौशल विकास योजना' के अंतर्गत 20 जून तक कर सकते है आवेदन

**मुरादाबाद।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बातया कि महाप्रबन्धक, उ0प्र0 माटीकला बोर्ड, लखनऊ द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद मुरादाबाद के शिल्पकारो को ''माटीकला कौशल विकास योजना'' के अन्तर्गत 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण विभाग के मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र नजीबाबाद, बिजनौर द्वारा प्रदान किया जायेगा। जनपद मुरादाबाद में प्राप्त लक्ष्यों के सापेक्ष ऑनलाइन प्राप्त आवे. दन का चयन जनपद स्तरीय चयन समिति के माध्यम से किया जायेगा। चयन उपरान्त प्रशिक्षण मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र नजीबाबाद, बिजनौर द्वारा दिया जायेगा। प्रशिक्षण अवधि में रहने, खाने की व्यवस्था नि:शुल्क होगी तथा प्रशिक्षण अवधि का मानदेय भुगतान प्रशिक्षार्थी के खाते में छम्थ्ज् द्वारा किया जायेगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक माटीकला शिल्पकारो के पुरुष/महिला प्रशिक्षार्थी दिनांक 20.06.2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन निम्न वेबसाइट (नचउंजपांसंइवंतकण्पद) पर कर सकते है। आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम न हो। विस्तृत जानकारी हेतु मोबाइल नं0 9580503151 एवं 8191967279 या जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, एम0आई0जी0ए0 एम0-6 दीन दयालनगर, मुरादाबाद से भी सम्पर्क कर सकते है।

### कुर्बानी के साथ-साथ अपने नफ्स को भी कुर्बान करें: मन्सूर आलम

**कुंदरकी।** नानपुर स्थित मेटल मास्टर्स कंपनी के स्वामी प्रसिद्ध निर्यातक एवं वरिष्ठ समाजसेवी मंसूर आलम ने कहा मुसलमान कुर्बानी के साथ साथ अपने नफ्स को भी कर्ुर्बान करें बुग्ज कीना हसद झूठ वादा खिलाफी जेसे गुनाहों से भी अपने आप को पाक साफ करें मुसलमानों से अपील है सार्वजनिक खुले स्थानों पर कुर्बानी न करें कुर्बानी के फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड न करें आपसी भाईचारा कायम रखें मिलजुल ईद मनाएं खघसकर गरीबों मिस्कीनों का खयाल रखें।



### प्रेरणा दिवस में सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

**डिलारी।** मंगलवार को ब्लॉक डिलारी के सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र की समूह की महिलाएं मौजूद रही, बैठक की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी डिलारी त्रिलोक चंद ने की ,कार्यक्रम का संचालन बी एम् एम् प्रिंस शर्मा ने किया, कार्यक्रम की व्यवस्था सुमित चौहान ने की, प्रेरणा दिवस में माह के प्रथम मंगलवार को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत समूह की सखियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। बैठक में रिवाल्विंग फंड सीआईएफ फंड, सीसीएल समूह गठन आदि। के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर रवि शंकर, सुमित चौहान, सुरेंद्र सिंह, नेहा परवीन,गार्गी, रेखा, गायत्री, पिंकी, शशि देवी, नाजिया परवीन, नेहा कुमारी आदि ,मौजूद रहे।



# त्रिवेणी चीनी मिल के गन्ना सर्वे का किसानों ने किया विरोध

## सुपरवाइजर की छीनी मशीन गांव से बाहर भगाया किसानों के बीच नोकझोंक

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के कुआंखेड़ा खालसा में त्रिवेणी चीनी मिल द्वारा कराए जा रहे गन्ना सर्वे का किसानों ने विरोध किया है। किसानों का आरोप है कि मिल द्वारा केवल उन्हीं गन्ने की वरायती का सर्वे कराया जा रहा है जो मिल द्वारा निर्धारित की गई हैं, जैसे कि 14201, 15023, 118 और 98014। किसानों का कहना है कि उन्होंने बाहर से लाकर अन्य वरायती के गन्ने की बुवाई की है, लेकिन उनका सर्वे नहीं कराया जाए जो मील से मिले गन्ने का ही सर्वे कराए जाने की मांग की है। वही किसानों ने कहा अन्य गन्ना का सर्वे किया जाता है। तो समस्त किसानों विरोध प्रदर्शन करेंगे वही किसानों का नुकसान किसानों का आरोप है कि मिल द्वारा निर्धारित की गई गन्ने की वरायती से उन्हें ज्यादा नुकसान हो रहा है। किसानों ने मांग की है कि मिल द्वारा सभी गन्ने की वरायती का सर्वे कराया जाए, न कि केवल निर्धारित वरायती का। किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांग नहीं मानी गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस दौरान उपेन्द्र सिह रोहिताश सिह ,नव नीत चौहान, प्रतुल कुमार . हरि ओम सिह सत्तेवृत सिह भूरे , धीरज , रो. हित कुमार आदि शामिल रहे।



## मिशन सड़क सुरक्षाश् अभियान के तहत पुलिस ने कोचिंग संस्थानों पर किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान के लिए अभियान चलाया। अभियान में सड़क दुर्घटनाओं रोकने के लिए यातायात नियमों का पालन करने हेतु नगर के कोचिंग संस्थानों पर जाकर छात्र छात्राओं को जागरूक किया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाया जा रहा यातायात नियमों के प्रतीक जागरूकता अभियान के अंतर्गत सड़क दुर्घटना रोकने को लेकर अभियान चला जा रहा अभियान के अंतर्गत विशेष कर युवा पीढ़ी को बिना हेलमेट एवं अन्य गलतियों की जानकारी दे रहे हैं। जिसके चलते देश भर में प्रतिवर्ष लाखों लोगों को मौत के मुंह में जाना पड़ता है।

नगर में यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत चलाये जा रहे अभियान के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में महिला उपनिरीक्षक अंजली रानी के नेतृत्व में पुलिस द्वारा कोचिंग संस्थानों पर छात्र छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया तथा सड़क सुरक्षा प्रचार-प्रसार व सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गयी इस दौरान महिला हैड कॉस्टेबल कुसुम, कॉस्टेबल गौरव सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।


## संबंध विच्छेद सूचना

मेरे पुत्र हरीश व पुत्रवधू सुशीला का आचरण परिवार के प्रति सही नहीं है और आये दिन झगड़ा करते रहते हैं। इस कारण मैं एवं मेरा परिवार इन्हें अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध-विच्छेद करते हैं। इनके द्वारा किये गये किसी भी कार्य व लेन-देन के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **भवदीय -रोहन सिंह उर्फ रॉनी पुत्र श्री बुद्दी नि० ग्राम राजा का मझोला थाना बहजोई जिला सम्भल।**

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स हिन्दुस्तान राइस मिल, मौ० माजुल्लानगर नियर ईदगाह केमरी बिलासपुर जिला रामपुर (उत्तर प्रदेश) नामक फर्म की पार्टनरशिप डीड दिनांक 27.11.2017 को बनायी गयी, जिसका पंजीकरण पार्टनरशिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत पंजीकरण सं० RAM/0016022 पर दिनांक 26.08.2023 को कराया गया। फर्म पंजीकरण के समय 1. मौ० सिद्दीकी, 2. श्री सालिम अहमद, 3. श्री मौहम्मद नसीम व 4. श्री मौहम्मद जहीर पार्टनर्स थे। दिनांक 04.02.2025 को श्री मौहम्मद सिद्दीक की मृत्यु हो गयी और शेष पार्टनर के साथ दिनॉक 07.02.2025 को फर्म पुर्नगठित की गयी। वर्तमान में उक्त फर्म में 1. श्री सालिम अहमद, 2. श्री मौहम्मद नसीम व 3. श्री मौहम्मद जहीर साझीदार है। **भवदीय- ( सालिम अहमद ) पार्टनर हिन्दुस्तान राइस मिल मौ0 माजुल्लानगर नियर ईदगाह केमरी बिलासपुर, जिला रामपुर।**

## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र मोहम्मद वसीम पुत्र शाहिद हुसैन, पुत्रवधू श्रीमती अमरीन पत्नी मोहम्मद वसीम व पुत्र माज शाहिद पुत्र शाहिद हुसैन निवासीगण मोहल्ला बाडा शाह सफा थाना कोतवाली जिला मुरादाबाद को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार मे करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल (आक) कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **शाहिद हुसैन पुत्र अब्दुल वाहिद निवासी मोहल्ला बाडा शाह सफा थाना कोतवाली, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

## नामपरिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम ABARAR ALI से बदलकर ABRAR ALI पुत्र ISRAR रख लिया है। भविष्य में मुझे ABRAR ALI पुत्र ISRAR के नाम से जाना एवं पहचाना जाए। अबरार अली पुत्र इसरार निवासी मोहल्ला नई बस्ती वार्ड 21 फतेहउल्ला गंज ठाकुरद्वारा मुरादाबाद उ.प्र. 244601

## ग्रामोद्योग क्षेत्र विकास समिति

ग्राम व पो. सुरजननगर जिला रेज (उ.प्र.) पिन 244602

**निविदा सूचना**

संस्था को खादी वस्त्र उत्पादन हेतु कच्चा माल देशी रूई (वजन 150. 00 कुंतल) कच्ची उन 50.00 कुन्तल की खरीद करनी है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता कम्पनी/कॉर्पोरेशन/पंजीकृत फर्म आपूर्ति करने हेतु टेण्डर/निविदा दिनांक 27.06.2025 तक संस्था के कार्यालय पर जमा कर सकती है जिसमें आपूर्ति की सभी शर्तों का उल्लेख किया जाना आवश्यक है।

**सचिव-गौरव विश्नोई**
**मोबाइल नं. 724887088**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सबलपुर
## विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक 01/ग्रा.पं. सबलपुर /राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/2025-26 **दिनांक:** 03.06.2025

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सामग्री आपूर्ति सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सबलपुर वि०ख० ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष **2025-26** हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष **2025-26** के अनुसार निर्माण कार्यवार पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवां वित्त आयोग एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री कार्यवार निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/कोटेशन आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्यों की सूची **https://egramswaraj.gov.in@approvedactionplan.do** पर जाकर देखी जा सकती है या ग्राम पंचायत सचिवालय में सूची/प्राक्कलन / निविदा प्रपत्र स्वयं जाकर प्राप्त कर सकतें है।

**निविदा से संबंधित विवरण-**

| क्र. सं. | निविदा का विवरण | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र GPDP 2025-26 के क्रम में कार्यवार प्राप्त किये जा सकते है। कार्यवार निर्माण कार्य स्थल पर निर्माण से सम्बंन्धित समस्त सामग्री आपूर्ति प्राक्कलन के अनुसार करनी होगी। | निविदा प्रारंभ | 04.06.2025 | सुबह 10.00 बजे |
| 2 | | निविदा समाप्त | 10.06.2025 | दोपहर 1.00 बजे |
| 3 | | निविदा खोलने की दिनांक | 10.06.2025 | सां. 4.00 बजे |

इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता ग्राम पंचायत सचिवालय से उपरोक्त अनुसार कार्यवार निविदा प्रपत्र प्राप्त करके ग्राम पंचायत सचिवलय में सीलबन्द निविदा/कोटेशन दरें सहित जमा कर सकते है। स्वीकृत निविदा/कोटेशन की आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर कार्य आदेश जारी किया जायेगा जो कि समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधरित है।

1. कार्य से संबंधित विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. आयकर व्यापार कर नियमानुसार देय होगा।
3. कार्यो का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन/स्वीकृती प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा।
4. कार्यादेश एवं कार्य का भुगतान शासन से धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त ही किया जायेगा।
5. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने या सामग्री की आपूर्ति को बढाने या घटाने का अधिकार कार्यालय ग्राम पंचायत के पास होगा।

**ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत सबलपुर**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

## कार्यालय ग्राम पंचायत अमानताबाद
## विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक 01/ग्रा.पं. अमानताबाद/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/2025-26 **दिनांक:** 03.06.2025

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सामग्री आपूर्ति सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अमानताबाद वि०ख० ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष **2025-26** हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष **2025-26** के अनुसार निर्माण कार्यवार पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवां वित्त आयोग एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री कार्यवार निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/कोटेशन आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्यों की सूची **https://egramswaraj.gov.in@approvedactionplan.do** पर जाकर देखी जा सकती है या ग्राम पंचायत सचिवालय में सूची/प्राक्कलन / निविदा प्रपत्र स्वयं जाकर प्राप्त कर सकतें है।

**निविदा से संबंधित विवरण-**

| क्र. सं. | निविदा का विवरण | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र GPDP 2025-26 के क्रम में कार्यवार प्राप्त किये जा सकते है। कार्यवार निर्माण कार्य स्थल पर निर्माण से सम्बंन्धित समस्त सामग्री आपूर्ति प्राक्कलन के अनुसार करनी होगी। | निविदा प्रारंभ | 04.06.2025 | सुबह 10.00 बजे |
| 2 | | निविदा समाप्त | 10.06.2025 | दोपहर 1.00 बजे |
| 3 | | निविदा खोलने की दिनांक | 10.06.2025 | सां. 4.00 बजे |

इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता ग्राम पंचायत सचिवालय से उपरोक्त अनुसार कार्यवार निविदा प्रपत्र प्राप्त करके ग्राम पंचायत सचिवलय में सीलबन्द निविदा/कोटेशन दरें सहित जमा कर सकते है। स्वीकृत निविदा/कोटेशन की आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर कार्य आदेश जारी किया जायेगा जो कि समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधरित है।

1. कार्य से संबंधित विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. आयकर व्यापार कर नियमानुसार देय होगा।
3. कार्यो का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन/स्वीकृती प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा।
4. कार्यादेश एवं कार्य का भुगतान शासन से धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त ही किया जायेगा।
5. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने या सामग्री की आपूर्ति को बढाने या घटाने का अधिकार कार्यालय ग्राम पंचायत के पास होगा।

**ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत अमानताबाद**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

## नूतन ग्राम विकास समिति

कार्यालय ग्राम व पोस्ट कासमपुर गढ़ी जिला बिजनौर (उ.प्र.)-246722

**निविदा सूचना**

संस्था को खादी वस्त्र उत्पादन हेतु कच्चा माल देशी रूई (वजन 110. 00 कुंतल) तथा कच्ची ऊन (वजन 30.00 कुंतल) की खरीद करनी है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता कम्पनी/कॉर्पोरेशन/ पंजीकृत फर्म आपूर्ति करने हेतु टेण्डर/निविदा दिनांक 27. 06.2025 तक संस्था के कार्यालय पर जमा कर सकती है जिसमें आपूर्ति की सभी शर्तो का उल्लेख किया जाना आवश्यक है।

**सचिव-अरविन्द कुमार**
**मोबाइल नं. 7983154792**

## रविदास ग्रामोद्योग आश्रम

कार्यालय दुल्हापुर सबलपुर पो. टांडा अफजल जिला मुरादाबाद (उ.प्र.) 244602

**निविदा सूचना**

संस्था को खादी वस्त्र उत्पादन हेतु कच्चा माल देशी रूई (वजन 90.00 कुंतल) तथा कच्ची ऊन (वजन 40. 00 कुंतल) की खरीद करनी है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता कम्पनी/ कॉर्पोरेशन/ पंजीकृत फर्म आपूर्ति करने हेतु टेण्डर/निविदा दिनांक 27.06.2025 तक संस्था के कार्यालय पर जमा कर सकती है जिसमें आपूर्ति की सभी शर्तों का उल्लेख किया जाना आवश्यक है।

**सचिव-विनीत कुमार चौहान**
**मोबाइल नं. 8006215099**

## खादी निर्बल वर्ग विकास समिति

कोट पूर्वी सम्भल जिला सम्भल उ.प्र. पिन कोड-244302

**निविदा सूचना**

संस्था को खादी वस्त्र उत्पादन हेतु कच्चा माल देशी रूई वजन 80. 00 कुन्तल की खरीद करनी है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता कम्पनी / कॉर्पोरेशन/ पंजीकृत फर्म हेतु टेण्डर/निविदा दिनांक 27.06.2025 तक जमा कर सकती है। जिसमें आपूर्ति की सभी शर्तों का उल्लेख किया जाना आवश्यक है।

**सचिव-उज्जवल कुमार**
**मोबाइल नम्बर-9719331111**

## लोकप्रिय खादी ग्रामोद्योग विकास समिति

कार्यालय सबलपुर पो. टांडा अफजल जिला मुरादाबाद (उ.प्र.) 244602

**निविदा सूचना**

संस्था को खादी वस्त्र उत्पादन हेतु कच्चा माल देशी रूई (वजन 140. 00 कुंतल) तथा कच्ची ऊन (वजन 60.00 कुंतल) की खरीद करनी है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता कम्पनी/कॉर्पोरेशन / पंजीकृत फर्म हेतु टेण्डर/निविदा दिनांक 27.06. 2025 तक जमा कर सकती है। जिसमें आपूर्ति की सभी शर्तों का उल्लेख किया जाना आवश्यक है।

**सचिव-राहुल कुमार चौहान**
**मोबाइल नम्बर-941028340**


# बकराईद को लेकर हुई शांति सीमित की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नगर पंचायत में स्थित पुलिस चौकी पर बकरा ईद को लेकर नगर के गणमान्य लोगों के साथ शांति सीमित की बैठक की गई। जिसमें सीओ सिविल लाइंस ने लोगों को हिदायत देते हुए कहा कि कोई भी खुले में कुर्बानी नहीं करेगा न ही कुर्बानी का खून नलियों में बहना चाहिए। कुर्बानी के जानवर की खाल या ओज सड़कों पर न डाले। नगर में किसी भी तरह की गंदगी न फैलाए। खासतौर पर ऐसी जगह का ध्यान ज्यादा रखा जाए जहां मंदिर है। बकरा ईद के त्यौहार को शांति और भाईचारे के साथ मनाए।

सीओ सिविल लाइन ने अगवानपुर नगर। अध्यक्ष गुलरेज खान से कहा कि नगर पंचायत की ओर से साफ सफाई का खास ध्यान रखें। नगर अध्यक्ष गुलरेज खान ने आश्वासन दिया कि बकरा ईद पर साफ सफाई का खास खयाल रखा जाएगा। इंस्पेक्टर मनीष सक्सैना ने कहा कि जो कुर्बानी के स्थान हमारे त्यौहार रजिस्टर में दर्ज हैं वही कुर्बानी करे इसपर लोगों ने कहा कि त्यौहार रजिस्टर में कुर्बानी के स्थान तो बहुत कम लिखे हुए हैं। मनीष सक्सैना ने कहा कि त्यौहार रजिस्टर ओर एल.आई.यू रिकॉर्ड में जो दर्ज है वही कुर्बानी होनी चाहिए। अगर कोई ओर स्थान कुर्बानी का है तो उसे बकरा ईद बाद रजिस्टर में दर्ज करा ले। वही बैठक के दौरान कुछ लोगों ने नगर के बाईपास निवासी महिला गुलशन पर आरोप लगाते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति पर गलत आरोप लगाकर उसे फंसा देती है। ओर उससे पैसे ऐंठती है। इसपर इंस्पेक्टर मनीष सक्सैना ने कहा कि अगर महिला की ओर से ऐसा कोई कैस दर्ज होता हैं तो उसकी जांच करने के बाद ही कार्यवाही की जाएगी। अन्यथा किसी निर्दोष के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होगी। इस दौरान भाजपा जिला सहसंयोजक अंशुल गुप्ता, भाजपा नेता अभिनव गुप्ता, नगर अध्यक्ष गुलरेज खान, कल्लन हाजी, शाहिद हुसैन, फैजी नकवी, सभासद जुनैद आलम, शाहिद नेता, वकील कुरैशी, सरताज अली, बब्बू ठेकेदार, आदि लोग मौजूद रहे।



# मुख्यमंत्री पोर्टल पर सट्टे की शिकायत करना पड़ा भारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर के एक युवक ने नगर में जोरो पर पनप रहे सट्टे की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर कर सट्टा बंद कराए जाने की मांग की थी। इसके बाद भी सट्टे का कारोबार बंद नहीं हुआ। बल्कि शिकायत की बात से लगातार शिकायतकर्ता पर उसके परिजनों को कभी पुलिस तो कभी सट्टे का कारोबार करने वाले उक्त लोग द्वारा मानसिक रूप से प्रताडित कर धमकाया जा रहा है। जिसमें पीडिघ्त ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेज कर कहां है कि पुलिस में सट्टे के कारोबारी उसे व उसके परिजनों को लगातार मानसिक रूप से प्रताडिघ्त कर धमका रहे हैं। नगर के मोहल्ला बंजारन वार्ड 12 निवासी मोहित उर्फ मोदी पुत्र अकील अहमद ने शिकायती पत्र में कहा कि नगर का एक दरोगा उस पर दबाव बनाने के लिए मेरे घर पहुंच कर परिजनों को धमकाते हैं। कभी शिकायतकर्ता को झूठे मुकदमे में जेल भेजने की धमकी दे रहे हैं उक्त दरोगा द्वारा फोन पर धमकाने की सभी रिकॉर्डिंग उसके पास सुरक्षित है। मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करने के बाद धड़ल्ले से सट्टे का कारोबार चल रहा है। लेकिन स्थानीय लोग सट्टा कारोबारी व पुलिस की मिली भगत से नगर मे चल रहे सट्टे के कारोबार को अंजाम देने वाले दबंगों के डर से शिकायत करने का साहस नहीं कर पाते हैं। पीडिघ्त को पुलिस सट्टा कारोबारी मानसिक तौर पर प्रताडिघ्त कर रहे हैं। पीडिघ्त ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र भेज कर के अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# सड़क किनारे टूटे बिजली के पोल हटाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर के तिको. निया पार्क स्थित निगरानी केंद्र के पास रोड पर सड़क किनारे खड़े बिजली के पोल टूट कर गिर जाने से हादसों की वजह बन रहे हैं।

हल्का का सा मोड़ होने के चलते वाहन चालकों को टूटा विधुत पोल दूर से नजर नहीं आते और हादसा हो जाता है। वही मुंशी इकराम कुरैशी व संभ्रांत लोगो ने बिजली के पोल हटाने के लिए कई बार बिजली विभाग को शिकायत दी गई है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इससे पहले भी ऐसे कई हादसे हो चुके है।

इन पोल पर बिजली के तार भी नहीं हैं। इसके बारे में बिजली अधिकारियों को अवगत कराया हुआ है लेकिन किसी ने भी इसकी तरफ ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग के अधिकारी मनमर्जी करते है। लोग समस्या के बारे में अवगत कराने के लिए जाते हैं तो दफ्तर में अधिकारी नहीं मिलते। ऐसे में ग्रामीण काफी परेशान हो चुके है।

# श्रीरामकथा से पूर्व निकाली कलश यात्रा



**ठाकुरद्वारा।** श्रीराम कथा से पूर्व विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ भव्य कलश यात्रा हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ रामगंगा तट पर भाजपा के पूर्व विधान सभा प्रत्याशी रहे ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने की। मंगलवार को ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत बहापुर में श्रीराम कथा का शुभारंभ विधि विधान से किया गया। श्रीराम कथा से पूर्व रामगंगा के तट पर गंगा पूजन कर कलश यात्रा का फीता काटकर शुभारंभ भाजपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह ने किया। कलश यात्रा में महिलाएं पीले वस्त्रधारण कर सिर पर कलश रखकर भगवान के भजनों का गुणगान करते चल रही थी तो वही पुरूष श्रद्वालु भी भगवान के भजनों पर थिरकते हुए चल रहे थे। कलश यात्रा बलिया, बल्लमगढ, नाजरपुरपट्टी, होते हुए बहापुर में कथा स्थल तक पहुंची। कलश यात्रा में भगवान श्रीराम के जयकारों से क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि श्री राम कथा 3 जून से 11 जून तक चलेगी। यात्रा में जयचंद्र सिंह, जयप्रकाश सिंह, संजीव कुमार, योगेश कुमार, ओमप्रकाश सिंह, धान सिंह, निपे. दर आदि लोग मुख्य रूप से रहे।

# राष्ट्रीय लोकदल की विधान सभा कार्यकारिणी का गठन

## महासचिव मुकेश कुमार और मीडिया प्रभारी बने सलीम अहमद एडवोकेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** मंगलवार को नगर निवासी मुख्तार हुसैन सैफी जिला उपाध्यक्ष राष्ट्रीय लोक दल मुरादाबाद के आवास पर राष्ट्रीय लोक दल की मीटिंग आहूत की गई। जिसमे राष्ट्रीय लोक दल के जिला महासचिव डॉक्टर नफीस अहमद, राष्ट्रीय लोक दल के विधानसभा अध्यक्ष अरुण कुमार भारद्वाज एडवोकेट के द्वारा राष्ट्रीय लोक दल की विधानसभा कार्यकारिणी का गठन किया गया और राष्ट्रीय लोक दल की नीतियो के प्रचार एवं प्रसार के विषय में चर्चा की गई। बैठक में सभी पदाधिकारीयों को राष्ट्रीय लोक दल की नितियों और जयंत चौधरी के विचारों को घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया गया। नव नियुक्त कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा महासचिव मुकेश कुमार दिव्यांश कुमार मीडिया प्रभारी मोहम्मद सलीम अहमद एडवोकेट ब्लॉक अध्यक्ष ठाकुरद्वारा हेमचंद्र मोहन उपाध्यक्ष विपिन कुमार सचिव विवेक कुमार दिलाई ब्लॉक उपाध्यक्ष करण सिंह सैनी उपाध्यक्ष सचिन कुमार आदि लोगों को राष्ट्रीय लोक दल कार्यकारिणी विधानसभा क्षेत्र ठाकुरद्वारा में पार्टी को मजबूत करने के लिए जिम्मेदारियां सोपी गई है।




## कार्यालय ग्राम पंचायत खाईखेड़ा
## विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो/पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग/2025-26 दिनांक: 03.06.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत खाईखेड़ा में पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 12.06.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत लाख | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मैन रोड से राम निवास तक नाली कार्य। | सीमेंट, बारीक रेत, मोटा रेत, बजरी ईंट रोड़ा, आदि। | 116611/- | 2333/- | 250/- | 3 माह |
| 2. | मैन रोड से राम निवास के घर तक सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | बारीक रेत, ईंट रोड़ा, सीसी टाईल्स आदि। | 397718/- | 7955/- | 250/- | 3 माह |
| 3. | योगेन्द्र के घर से चन्द्र सेन के घर तक सीसी टाईल्स कार्य। | बजरी 20 एमएम, ईट रोड़ा ईंट सीसी टाईल्स आदि। | 167667/- | 3354/- | 250/- | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-खाईखेड़ा**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

## कार्यालय ग्राम पंचायत राजूपुर कलां
## विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो/पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग/2025-26 दिनांक: 03.06.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत राजूपुर कलां में पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 12.06.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत लाख | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बहारे आलम से ब्रहमपाल सिंह के घर तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, बारीक रेत, मोटा रेत, बजरी 20 एमएम, ईंट, रोड़ा, ईंट, सीसी टाईल्स आदि। | 249648/- | 4993/- | 250/- | 3 माह |
| 2. | पीडब्लूडी रोड से रामप्रसाद के घर तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, बारीक रेत, मोटा रेत, बजरी 20 एमएम, ईंट रोड़ा, ईंट, सीसी टाईल्स आदि। | 287589/- | 5752/- | 250/- | 3 माह |
| 3. | संजीव से कौशल शर्मा के घर तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, बारीक रेत, मोटा रेत, बजरी 20 एमएम ईंट रोड़ा, ईंट, सीसी टाईल्स आदि। | 309045/- | 6181/- | 250/- | 3 माह |
| 4. | तेजपाल सिंह के घर से राकेश कुमार के घर तक सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | बारीक रेत, ईंट रोड़ा, सीसी टाईल्स आदि। | 413097/- | 8262/- | 250/- | 3 माह |
| 5. | तेजपाल सिंह के घर से राकेश कुमार के घर तक नाली निर्माण कार्य। | ईंट रोड़ा, ईंट, मोटा रेत, बजरी, स्टील आदि। | 227994/- | 4560/- | 250/- | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-राजूपुर कलां**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**


# बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत चलाया संघन चेकिंग अभियान

**ठाकुरद्वारा।** नगर में कोतवाली पुलिस ने अपराधियों पर नियंत्रण के दृष्टिगत नगर के सभी बैंकों, एटीएम व बैंकों के आसपास खड़े वाहन की संघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर सुरक्षा व्यवस्था परखी कर ग्रामीणों व बैंक कर्मचारियों को सुरक्षा व्यवस्था का एहसास कराया।

कोतवाली प्रभारी जसपाल सिंह के निर्देश पर उपनिरीक्षक अर्चना तोमर के नेतृत्व में भारी पुलिस कर्मियों के साथ बुधवार नगर के बैंक व एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया इस दौरान नगर के बैंको के आस पास विभिन्न जगहों पर वाहनों को भी चेक किया गया व आस पास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई है साथ ही सीसीटीवी कैमरे को देखा गया साथ ही रजिस्टर चेककर बैंक सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए चेकिंग अभियान में महिला हेड कांस्टेबल कुसुम, कॉस्टेबल गौरव कुमार सहित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## आईपीएल-2025 फाइनल मुकाबला

# बेंगलुरु ने पंजाब को 191 का लक्ष्य दिया

- विराट कोहली ने 35 गेंद पर 43 रन बनाए, अर्शदीप ने आखिरी ओवर में तीन विकेट लिए
- फाइनल देखने पहुंची अनुष्का शर्मा, टीमों ने लीग स्टेज में 9-9 मैच जीते, भारी संख्या में पहुंचे दर्शक



**अहमदाबाद, वार्ता।** आईपीएल फाइनल में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को 191 रन का टारगेट दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चल रहे मुकाबले में बेंगलुरु की ओर से विराट को. हली ने 35 गेंदों पर 43 रन बनाए। उनके अलावा कोई बल्लेबाज 30 रन का आंकड़ा नहीं पार कर पाया। हालांकि, जितेश ने तेज बल्लेबाजी की और 240 के स्ट्राइक रेट से 10 गेंद में 24 रन बनाए।

पंजाब की ओर से काइल जेमिसन ने 3 और अर्शदीप ने 3 विकेट लिए। अर्शदीप को तीनों विकेट आखिरी ओवर में मिले। आईपीएल का 18वां सीजन खेल रही इन दोनों टीम को अपने पहले खिताब का इंतजार है। रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी पहला फाइनल खेल रही है। उधर, पंजाब भी श्रेयस अय्यर की कप्तानी में पहली बार खिताबी मुकाबले में पहुंची है। पारी का आखिरी ओवर डाल रहे अर्शदीप सिंह ने 3 विकेट झटके। उन्होंने भुवनेश्वर कुमार, क्रुणाल पांड्या और रोमारियो शेफर्ड को पवेलियन की राह दिखाई है। उन्होंने महज 3 रन दिए। 18वें ओवर की चौथी बाल पर विजयकुमार वैशाख ने जितेश शर्मा को 24 रन पर बोल्ड कर दिया। वैशाख ने 134 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से सीम-अप लेंथ बाल चौथे स्टंप लाइन पर फेंकी। जितेश ने लॉन्ग-ऑन के ऊपर से मारने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके बल्ले से लगकर पिछले पैर पर गई और फिर स्टंप्स को हल्का सा छू गई। बेल्स गिर गईं। व्यासक ने जश्न मनाने के लिए हाथ उठाया लेकिन फिर खुद को रोक लिया। इसी ओवर में प्रवीण दुबे से रोमारियो शेफर्ड का कैच ड्राप हुआ। 17वें ओवर में जितेश शर्मा ने काइल जैमिसन की बाल पर 3 छक्के मारे। इसी ओवर की 5वीं बाल पर लियम लिविंगस्टन पगबाधा हो गए। उन्होने 25 रन बनाए। 17वें ओवर में बेंगलुरु ने 150 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। काइल जैमिसन के ओवर की पहली बाल पर जितेश शर्मा ने छक्का लगाकर टीम को 150 पार पहुंचाया। 15वें ओवर में बेंगलुरु ने चौथा विकेट गंवाया। यहां विराट कोहली 43 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अजमतुल्लाह उमरजई ने अपनी ही बाल पर कैच किया। 12वें ओवर में बेंगलुरु ने 100 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। कोहली ने चहल की 5वीं बाल पर दो रन लेकर टीम को 100 पार पहुंचाया। 11वें ओवर में बेंगलुरु ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां कप्तान रजत पाटीदार 26 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें काइल जैमिसन स्ठॅ किया। उन्होंने फिल साल्ट द्ध16 रनत्रः को पावरप्ले में कैच कराया था। बेंगलुरु ने 7वें ओवर में दूसरा विकेट गंवाया। यहां युजवेंद्र चहल ने मयंक अग्रवाल को अर्शदीप सिंह के हाथों कैच आउट कराया। चहल ने मयंक को आईपीएल में 8वीं बार आउट किया है। चहल ने अपने पहले ओवर में विकेट हासिल किया है। फाइनल में आरसीबी की शुरुआत खास नहीं रही। टीम ने अपना पहला विकेट फिल साल्ट के रूप में 18 रन पर गंवा दिया। साल्ट 16 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें काइल जेमिसन ने पवेलियन भेजा। इसके बाद कोहली और अग्रवाल ने मिलकर पारी संभाली। आरसीबी ने दूसरे ही ओवर में अपना पहला विकेट गंवा दिया। ओवर की चौथी बाल काइल जैमिसन ने गुड लेंथ पर स्लोअर फेंकी। फिल साल्ट बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन लान्ग आन पोजिशन पर श्रेयस अय्यर के हाथों कैच हो गए। साल्ट ने 9 गेंद पर 16 रन बनाए। पंजाब किंग्स से अर्शदीप सिंह ने पहला ओवर फेंका। उन्होंने वाइड से शुरुआत की। फिल साल्ट ने ओवर की तीसरी गेंद पर छक्का और पांचवीं गेंद पर चौका लगाया। ओवर से 13 रन बने। 18 सीजन में आरसीबी चौथा ही फाइनल खेल रही है। टीम ने इससे पहले 2009, 2011 और 2016 में भी खिताबी मुकाबले खेले। हर बार टीम ने बाद में बैटिंग की, उन्हें अब पहली बार फाइनल में पहले बैटिंग करने का मौका मिला। 2025 से पहले टीम ने 2 बार टास हारा था, वहीं 2009 में टॉस जीतकर बालिंग चुनी थी। दूसरी ओर पंजाब किंग्स को 2014 में टॉस हारकर पहले बैटिंग करनी पड़ी थी। टीम ने अब टास जीता और पहले बालिंग चुनी। टॉस के दौरान दोनों कप्तानों के साथ मौजूद रहे कामेंटेटर रवि शास्त्री ने गलती से कह दिया कि पंजाब ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी है। जबकि श्रेयस ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।







## गुकेश ने हमवतन ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी को हराया

**जीत के साथ ही गुकेश के 11.5 अंक हो गए है और वे चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर पहुंच गए है**

**नॉर्वे, वार्ता।** नॉर्वे शतरंज 2025 के सातवें राउंड में मौजूदा विश्व चैंपियन डोमाराजू गुकेश ने रोमांचक मुकाबले में हमवतन अर्जुन एरिगैसी को हराया। गुकेश ने अर्जुन को पहली बार क्लासिकल चेज में हराया है। यह टूर्नामेंट में गुक. ेश की लगातार दूसरी जीत है। इस जीत के साथ ही गुकेश के 11-5 अंक हो गए हैं और वह चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर पहुंच गए है। अमे. रिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना 12-5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं। महिला वर्ग में यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक ने आर्मागेडन टाई-ब्रेक में दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी को हराया। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी आर वैशाली को चीन की लेई टिंगजी से हार का सामना करना पड़ा।



## जोकोविच ने नोरी को दी मात

**■ नोवाक ने फ्रेंच ओपन में ब्रिटेन के केमरून को एकल वर्ग में हराकर अपनी 100वीं जीत हासिल की**



**पेरिस, वार्ता।** सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जो. कोविच ने फेंच ओपन में ब्रिटेन के कैमरून नोरी को एकल वर्ग में हराकर अपनी 100वीं जीत हासिल की है। वहीं कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रिटेन के शीर्ष खिलाड़ी जैक ड्रेपर को शिकस्त दी। सोमवार को खेले गए प्री क्वार्टर फाइनल में 38 वर्षीय जोकोविच ने ब्रिटेन के नोरी पर सीधे सेटों में 6-2, 6-3, 6-2 से जीत दर्ज की और लगातार 16वें साल रोलांड गैरोस के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। 23 वर्षीय जैक ड्रेपर पर सबसे कम रैंक वाले रूस के बुब्लिक ने 5-7, 6-3, 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की। इसी के साथ कजाकिस्तान के बुब्लिक ने टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। क्वार्टरफाइनल में बुब्लिक का सामना जैनिक सिनर से होगा। मैच के बाद ब्रिटेन के जैक ड्रेपर ने कहा कि विश्व के 62वें नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुब्लिक से मिली आश्चर्यजनक हार के बाद उन्हें फ्रेंच ओपन क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का 'अवसर गंवाने' जैसा महसूस हो रहा है। ड्रेपर की हार ने एकल में ब्रिटेन के अभियान को समाप्त कर दिया है। मैच के बाद जोकोविच ने कहा कि यह बहुत सुंदर संख्या है, लेकिन 101 जीत बेहतर लगती है। मैं एक और जीत की तलाश जारी रखूंगा, जाहिर है कि मेरे लिए यह यहीं खत्म नहीं हुआ है। मैं इस खेल में इतिहास रचकर बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जिसने मुझे मेरे जीवन में सब कुछ दिया है। एक अन्य मुकाबले में डेनमार्क के टैलोन ग्रिक्सपूर के 6-4, 3-0 से पिछड़ने के दौरान उन्हें पेट में परेशानी के कारण मैच से हटने से जर्मनी के अलेक्जेंडर जेवरेव ने आठ साल में सातवीं बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व नंबर वन इटली के जैनिक सिनर ने 17वीं वरीयता प्राप्त रूस के एंड्री रूबलेव को 6-1, 6-3, 6-4 से हराया। अगले दौर में इटली के सिनर का अगला मुकाबला कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक से होगा। महिला वर्ग में 22 वर्षीय फ्रांसीसी वाइल्डकार्ड लोइस बोइसन ने तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को 3-6, 6-4, 6-4 से हराकर शानदार वापसी की और 2017 के बाद से रोलांड गैरोस के अंतिम आठ में पहुँचने वाली पहली फ्रांसीसी महिला बन गईं। एक अन्य मैच में अमेरिकी स्टार कोको गॉफ ने रूस की एकटरीना एलेक्जेंड्रोवा को 6-0, 7-5 से हराया।

### खेल विशेष

## रोड्रिग्स 'मई प्लेयर ऑफ द मंथ' के लिए नामित हुई



**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने भारतीय महिला टीम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स को मई महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में नामित किया हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को मई महीने के पुरुष और महिला वर्ग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामांकन की घोषणा की है। आईसीसी ने महिला वर्ग में पिछले महीने में सफेद गेंद प्रारुप में बेहत. रीन बल्लेबाजी करने वाली भारत की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स, वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज और दक्षिण अफ्रीका की ऑलराउंडर क्लो ट्रायोन को 'मई माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' के चयन को लेकर नामित किया हैं। पुरुष वर्ग में स्कॉटलैंड के ऑलराउंडर ब्रेंडन मैकमुलेन और अमेरिका के मिलिंद कुमार ने एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मई महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी की दावेदारी की है।

## इंडिया-ए व इंग्लैंड लायंस के बीच पहला अनऑफियल टेस्ट ड्रा

**कैंटरबरी, वार्ता।** इंडिया-ए और इंग्लैंड लायंस के बीच पहला अनऑफिशियल टेस्ट ड्रा हो गया। मुकाबले के चौथे दिन भारत की ओर से 4 अर्धशतक लगे। पहले दिन शुक्रवार को इंग्लिश टीम ने टॉस जीतकर बालिंग का फैसला किया। इंडिया-ए ने पहले पारी में 557 रन बनाए थे। वहीं, इंग्लैंड टीम 587 रन पर ऑलआउट हुई। चौथे और आखिरी दिन भारत दूसरी पारी में दो विकेट खोकर 241 रन बनाया। दूसरा मुकाबला 6 जून से खेला जाएगा।



## न्यूजीलैंड क्रिकेट की केन्द्रीय अनुबंध सूची में चार नए चेहरे शामिल

**■ विलियमसन, कॉन्वे, फिल, लॉकी ने केन्द्रीय अनुबंध नहीं किया**

**वेलिंग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने विकेटकीपर बल्लेबाज मिशेल हे, ऑलराउंडर मुहम्मद अब्बास, तेज गेंदबाज जैक फॉल्क्स और लेग स्पिनर आदित्य अशोक चार नए चेहरों को इस बार केंद्रीय अनुबंध सूची में शामिल किया हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा जारी 20 राष्ट्रीय खिलाड़ियों के केन्द्रीय अनु. बंध में ईश सोढ़ी, एजाज पटेल, टिम साउथी और जोश क्लार्कसन को इस वर्ष अनुबंध की पेशकश नहीं की गई।

इसके अलावा न्यूजीलैंड क्रिकेट ने केन विलियमसन, डेवोन कॉन्वे, फिन एलन, टिम सीफर्ट और लॉकी फर्ग्यूसन ने केन्द्रीय अनुबंध नहीं किया है। उनके आकस्मिक खेल अनुबंधों पर चर्चा जारी है। नए चेहरों में मिशेल हे ने इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवासीय सीरीज के दौरान नाबाद 99 रन बनाए थे और अब्बास ने इसी श्रृंखला के दौरान 24 गेंदों पर सबसे तेज अपना पहला एकदिवसीय में अर्धशतक बनाया था। फॉल्क्स ने दस टी-20 मैच खेले हैं और पिछले वर्ष श्रीलंका के खिलाफ उन्होंने एकदिवसीय में पदार्पण किया था। अशोक ने 2023 में तीन अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले, लेकिन मार्च में पाकिस्तान के खिलाफ टीम का हिस्सा थे और हाल ही में न्यूजीलैंड ए के बंगलाद. ेश दौरे पर उन्होंने चार दिवसीय मैच में 54 रन देकर पांच विकेट लेकर चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। न्यूजलैंड क्रिकेट के मुख्य कार्यकारी स्कॉट वेनिंक ने नए केन्द्रीय अनुबंध को लेकर कहा कि मिच, मुहम्मद, आदि और जैक के साथ अनुबंध हमारे साथ आने वाली अविश्वसनीय प्रतिभा को दर्शाते हैं।



## 'डुबकी किंग'

# परदीप नरवाल ने लिया संन्यास

- परदीप को प्रो कबड्डी के इतिहास के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक माना जाता है, उन्होंने कबड् डी को देशभर में लोकप्रिय बनाने में बड़ा योगदान दिया है

**मुंबई, वार्ता।** महाराष्ट्र के मुंबई में प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) 2025 की नीलामी में किसी भी टीम द्वारा नहीं खरीदे जाने पर परदीप नरवाल ने कबड्डी खेल से संन्यास ले लिया है। परदीप ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम लाइव में कहा, ‌हसच कहूं तो उस वक्त मुझे कुछ महसूस नहीं हुआ। मैंने सोचा था कि कोई न कोई टीम जरूर खरीदेगी। उन्होंने कहा कि जब मैं पटना के लिए खेलता था, तब मैं 200-300 प्वाइंट्स बनाता था। अब तो 111 या 122 भी कम लगते हैं। मैं हर मैच में 15-16 प्वाइंट्स बनाना चाहता था, सिर्फ तीन-चार नहीं। परदीप ने कहा कि वह संन्यास लेन के बाद कोचिंग में हाथ आजमाएंगे। परदीप को प्रो कबड्डी के इतिहास के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक माना जाता है। उन्होंने कबड्डी को देशभर में लोकप्रिय बनाने में बड़ा योगदान दिया। उन्होंने पटना पाइरेट्स को लगातार तीन सीजन (सीजन तीन से पांच तक) में चैंपियन बनाया। वह पीकेएल में 1000 और 1500 रेड प्वाइंट्स पार करने वाले पहले खिलाड़ी बने। भारत के लिए खेलते हुए उन्होंने 2016 कबड्डी वर्ल्ड कप, 2017 एशियन कबड्डी चैंपियनशिप और 2018 दुबई कबड्डी मास्टर्स जीते। परदीप को उनकी खास चाल 'डुबकी' की वजह से प्यार से उन्हें डुबकी किंग कहा जाता है। उन्होंने कुल 190 मैचों में 1801 रेड प्वाइंट्स लेकर प्रो कबड्डी के सबसे सफल रेडर के रूप में संन्यास लिया। पटना पाइरेट्स के अलावा परदीप ने बेंगलुरु बुल्स और यूपी योद्धा के लिए भी खेला है।

## रुद्रांश, संजीव और आमिर की टीम ने डब्ल्यूएसपीएस विश्व कप में जीता रजत पदक

**व्यक्तिगत श्रेणी के मुकाबले में रुद्रांश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया**

**दक्षिण कोरिया, वार्ता।** विश्व निशानेबाजी पैरा स्पोर्ट्स विश्वकप (डब्लयूएसपीईस) 2025 के चौथे दिन मंगलवार को स्टैंडर्ड एयर पिस्टल स्पर्धा में रुद्रांश खंडेलवाल, संजीव गिरी और आमिर अहमद भट की टीम ने रजत पदक जीता। भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार वहीं व्यक्तिगत श्रेणी के मुकाबले में रुद्रांश खंडेलवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। उल्लेखनीय है कि कल 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा के पुरुष वर्ग में रुद्रांश खंडेलवाल और महिला वर्ग में सुमेधा पाठक ने स्वर्ण पदक जीते थे।

# तेज हवा के साथ हुई मूसलाधार बारिश से हुआ जलभराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** मंगलवार को सुबह से आकाश में बादल छाये रहे। वहीं उमस एवं गर्मी का अहसास रहा। हालांकि मौसम विभाग ने पहले ही बता दिया था कि 02 या 03 जून को बारिश हो सकती है। मंगलवार को सायं 04 बजे आकाश में बादल छाए और कुछ ही देर में बारिश होने लगी लेकिन कुछ देर बाद बारिश रुक गई। इसके बाद तेज हवा के साथ पुनः मूसलाधार बारिश होने लगी। थोड़ी ही देर की बारिश ने सड़कों पर जलभराव हो गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शहर में जलभराव की समस्या जैसी की तैसी बनी हुई है। हालांकि नगरपालिका द्वारा नालों की सफाई भी की गई परंतु जलभराव पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। मंगलवार को हुई बारिश से फुब्बारा चौक से भगतसिंह मूर्ति, संभल गेट, गौशालारोड, सीकरी गेट आदि स्थानों पर जलभराव हुआ। वहीं बदायूं चुंगी स्थित 35बी रेलवे फाटक के पास तेज हवा के कारण पेड़ गिर गये जिस कारण यातायात बाधित हो गया। इसी तरह कोतवाली परिसर में स्थित पेड़ भी तेज हवा के कारण धराशायी हो गया जिसके कोतवाली की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। बुल्डोजर के द्वारा पेड़ को हटवाया गया।



# भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के जिला सचिव बने उमेश सैन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के शीर्ष नेतृत्व द्वारा चन्दौसी नि0 अनिल कुमार पुत्र योगेन्द्र पाल सिंह को जिलाध्यक्ष अधिवक्ता संघ व उमेश सैनी पुत्र जयपाल सैनी को जिला सचिव मनोनीत किया गया।

साथ ही आशा व्यक्त की गई कि यूनियन व किसानों के हित में कार्य करेंगे।



## एक नजर

### विधायक कमाल अख्तर ने लोगों की समस्याएं सुनकर दिलाया समाधान का भरोसा

**कांठ।** समाजवादी पार्टी से कांठ विधायक कमाल अख्तर ने आज कांठ में पार्टी कार्यालय पर जनता दरबार लगाया और क्षेत्र से आए लोगों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान का भरोसा दिलाया लोगों ने अपनी अपनी समस्याएं उनके सामने रखी तो उन्होंने संबंधित विभाग के



अधिकारियों से उन समस्याओं के समाधान को लेकर वार्ता की और जल्द ही उनका निदान करने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर पूर्व सांसद यशवीर सिंह, जावेद अख्तर, राशिद सैफी, अरशद फुरकान खा, जय देव प्रजापति, अमजद अली, डा. दानिश, पिंटू विश्नोई, भूरा खा, उम्मेद चौधरी, दानिश चौधरी, श्यामी जाटव, रामवीर जाटव, डा. मतीन, इल्यास, संदीप गुज्जर, गुड्डू चौधरी, शकील अहमद, आरिफ मलिक, नफीस सैफी, मुजाहिद आदि मौजूद रहे।

### ग्यारह साल पूरे होने पर भाजपा 9 से 21 जून तक सरकार की उपलब्धियां को रक्खेगी जनता के समक्ष

**कांठ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर प्रदेश भाजपा 9 से 21 जून तक विशेष अभियान चलाएगी। अभियान को मोदी सरकार के 11 साल, संकल्प से सिद्धि तक नाम दिया गया है। इस अभियान के दौरान मोदी सरकार की उपलब्धियों को बताया जाएगा। भाजपा की ओर से मंगलवार को लखनऊ में एक राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इसमें अभियान के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। राजधानी स्थित भागीदारी भवन में आयोजित कार्यशाला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री दुष्यंत कुमार गौतम, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह समेत सभी पदाधिकारी शामिल रहे सप्रदेश उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह को अभियान का प्रभारी बनाया गया है।

### राजेंद्र मोहन शर्मा श्रृंग स्मृति सम्मान से सम्मानित होंगे रामदत्त द्विवेदी



**मुरादाबाद।** मुरादाबाद मंडल के साहित्य के प्रसार और संरक्षण को पूर्ण रूप से समर्पित संस्था साहित्यिक मुरादाबाद की ओर से वयोवृद्ध हिन्दी साहित्यकार रामदत्त द्विवेदी को राजेंद्र मोहन शर्मा श्रृंग स्मृति सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए संस्थापक डॉ मनोज रस्तोगी ने बताया कि उन्हें यह सम्मान दिवंगत साहित्यकारों की जयंती/पुण्यतिथि पर आयोजित सम्मान समारोह की श्रृंखला में 12 जून 2025, गुरुवार को आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज मिलन विहार मुरादाबाद में सायं चार बजे साहित्यकार स्मृतिशेष राजेन्द्र मोहन शर्मा श्रृंग जी की जयंती पर आयोजित सम्मान समारोह एवं संगोष्ठी में प्रदान किया जाएगा। योगेन्द्र वर्मा व्योम के संयोजन तथा जितेंद्र कुमार जौली के सहसंयोजन में आयोजित इस समारोह में स्मृतिशेष राजेन्द्र मोहन शर्मा श्रृंग जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा होगी तथा उनके गीतों की प्रस्तुति होगी। उल्लेखनीय है इससे पूर्व संस्था द्वारा स्मृतिशेष रामलाल अनजाना, स्मृतिशेष डॉ मक्खन मुरादाबादी, स्मृतिशेष पंडित सुरेन्द्र मोहन मिश्र और स्मृतिशेष पंडित मदन मोहन व्यास की पावन स्मृति में आयोजन किया जा चुका है जिसमें क्रमशः वरिष्ठ साहित्यकारों ओंकार सिंह ओंकार, त्यागी अशोका कृष्णम, सुरेश चंद्र शर्मा तथा रामावतार रस्तोगी शरणागत को सम्मानित किया जा चुका है।

### चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराकर उचित कार्रवाई की सीओ से लगाई गुहार

**कांठ।** पीड़ित ने मंगलवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी को दिए पत्र में 20 मई को डेरे में चोरी की रिपोर्ट लिखकर दोषी लोगों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की हैस रामकुमार सिंह ने रुस्तमपुर में अपना डेरा डाल रखा है। डेरे में रखे दो तोले की सोने चुडी, 1.5 तोले का हार, आधा तोले की झुमकी और सन्दूक में बेटी का डेढ तोले का हार आधा तोले की झुमकी व पाजेवश कानो की बाली व 18000 रुपए 20 मई को चोरी हो गये। उसने कुछ लोगों पर चोरी का शक जाहिर करते हुए प्रार्थना पत्र दिया लेकिन अभी तक उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।

उन्होंने लाखों रुपए की हुई चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर उचित कार्रवाई की मांग की हैस घटना के बाद पुलिस ने इस मामले में जांच भी की और नगर के एक ज्वेलर से जानकारी भी की है।

### भीषण गर्मी में किया गया शरबत का वितरण

**बिलारी।** नगर के स्टेशन रोड पर भारत जागृति कांफ्रेंस के तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसके अलावा भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों को शर्बत का वितरण किया गया। भारी तादात में पहुंचे लोगों ने शर्बत पीकर गला तर किया। मंगलवार को भारत जागृति मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमित शर्मा ने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। इस बीच कार्यकर्ताओं को निरंतर मानव सेवा करने का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर डॉक्टर अनिल कुमार, सुमित शर्मा, डॉक्टर मेघपाल सिंह, मेघ लता, डॉक्टर अमित लाठे, हरिशंकर शर्मा, अनिल गुप्ता, शेर सिंह, मनोज गुप्ता, अरविंद शर्मा आदि का सहयोग रहा।

### राघव सर्वधर्म सामाजिक संगठन ने की काव्य गोष्ठी

**चन्दौसी।** राघव सर्वधर्म सामाजिक संगठन के तत्वाधान में सीकरी गेट स्थित दिनेश पाल सिंह दिलकश के आवास पर राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयन्ती पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भारतीय किसान यूनियन टिकैत पं उ0प्र0 प्रमुख बिजेंद्र सिंह यादव, विशिष्ट अतिथि राघव सर्वधर्म सामाजिक संगठन के अध्यक्ष नरेश राघव एवं मुख्य वक्ता समा. जसेवी डॉ. टी.एस. पाल ने अहिल्याबाई होल्कर एवं माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि बिजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि महापुरुषों की प्रेरणा एवं उनके आदर्श हमें आगे बढ़ने में मददगार साबित होते हैं। मुख्य वक्ता डॉ टी.एस.पाल ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने अनेक जनहित के कार्य किये जिनमें मंदिर निर्माण, सामाजिक कल्याण और सुशासन शामिल हैं। उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण करवाया, घाटों और कुओं का निर्माण करवाया और शिक्षा व व्यापार को बढ़ावा दिया। उन्होंने नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया।

वीर रस के कवि सुखपाल सिंह गौर ने पढ़ा 'साथ चलते हैं तो वह साथ साथ चलते हैं, साथ पाकर हम मन ही मन उछलते हैं। साथ न हो करके भी साथ देते हैं वह मेरा, हमने देखा है वह करवट नहीं बदलते हैं।।' दिनेश पाल सिंह दिलकश ने सुनाया 'आजकल दिल से लोग क्यूं मिलते नहीं, प्यार में प्यार से क्यूं लोग मिलते नहीं, मिलते तो हैं बहुत से लोग आज भी संसार में पर आप जैसे लोग संसार में मिलते नही।' इस दौरान एल.के. विकास मिश्रा एड.,वी.के. त्रिपाठी, अमित यादव, कवयित्री शांति राणा, डॉ जयशंकर दुबे आदि ने काव्य पाठ किया। काव्य गोष्ठी में कवि सुखपाल सिंह गौर, कवि विकास मिश्र एड., नीलेन्द्र सिंह, गीता सिंह, सुदेशपाल सिंह, अमित प्रताप सिंह, कवींद्र गौड़, दिव्यांशी तोमर, प्रदीप कुमार चौहान आदि उपस्थित रहे।

# डीआईजी ने की प्रेसवार्ता

**चन्दौसी।** बहजोई स्थित पुलिस लाईन में मंगलवार को डीआईजी मुरादाबाद मुनिराज जी. द्वारा प्रेसवार्ता की गई। डीआईजी ने बताया कि संभल जनपद में वार्षिक दौरे पर संभल पुलिस का कार्य अच्छा एवं संतोषजनक है। एसपी सांल ने मुख्यालय पर आए फरियादियों के लिए व्यवस्था की गई है। मुख्यालय पर आने फरियादियों को भरोसे की पर्ची दी जाती है और पूरा रिकॉर्ड रखा जाता है एवं फरियादी की फरियाद पर क्या कार्यवाही हुई है, डीआईजी ने कहा कि उनके द्वारा थाना धनारी का निरीक्षण किया गया है। साथ ही ईदुल अजहा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं।

थाना स्तर पर त्यौहार को लेकर बैठक की जा चुकी है।



# 30 जून को लखनऊ में होगा पासी समाज का महा सम्मेलन

● वीरांगना ऊदा देवी पासी के जयंती में प्रतिभाग करने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** क्षेत्र के ग्राम बीरमपुर में पासी समाज धर्मशाला में एक बैठक हुई, जिसमें संगठन की एकता पर बल दिया गया। मंगलवार को आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय पासी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद रावत का जोरदार स्वागत किया गया, बैठक में मुख्य अतिथि ने कहा कि यह बैठक वीरांगना ऊदा देवी पासी के जन्मदिवस को लेकर की जा रही है। लखनऊ में 30 जून को वीरांगना उदा देवी पासी जी के जन्म दिवस पर, पासी समाज का महासम्मेलन लखनऊ में होने जा रहा है, जिसमें भारी संख्या में अनेकों जिलों से पासी समाज के लोग एकत्र हो रहे हैं और बैठक में तहसील बिलारी के कई ग्रामो से पासी समाज के लोग आए, सभी को पासी समाज के महासम्मेलन में प्रतिभाग करने का आह्वान किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से ग्राम बीरमपुर से भाजपा मंडल महामंत्री राजेंद्र पासी, उमराला से मंडल अध्यक्ष रवि पासी और बिलारी से मंडल महामंत्री विजय राणा, खाबरी अव्वल से भाजपा मंडल अध्यक्ष दयाराम मौर्य और मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र मौर्य और बीरमपुर से इंद्रपाल पासी, गंगाराम पासी, प्रेम सिंह पासी, नगला से इंद्रराज पासी, सोमपाल पासी, मल्हपुर जान्नु से, सोनू पासी, रायपुर से प्रेमपाल पासी, सोहन पासी, जिला संभल से ग्राम सोतीपुरा से वीरपाल पासी, मल्हपुर



सिधारी से शेर सिंह पासी, मोहनलाल पासी, हरिद्वार पासी, छत्रपाल पासी आदि सहित अनेक पासी समाज के लोग मौजूद रहे।

# शाहजी मुहम्मद शेर मियां का 122वां कुल शरीफ मनाया गया

**कुन्दरकी।** नगर की मस्जिदे आला हजरत में मुहिब्बाने सुखघ्न नेटवर्क की जानिब से हजरत शेर मुहम्मद शाहजी मियां का कुल शरीफ मनाया गया जिसमें शोअरा हजरात ने अपने अपने कलाम पेश किए, डॉ नाजिम कुन्दरकीवी ने कहा हो गया है करम शाहजी आपका,मिल गया हमको गम शाहजी आपका, इकरार इमरतपुरी ने कहा मुसीबत में अगर कोई सदा शाहजी को देता है खुघ्दा के फज्ल से शाहजी मियां उसको बचाते हैं इसके बाद औलामा अहले सुन्नत ने आपकी सीरत पर रोशनी डाली खघ्तीबे अहले सुन्नत मोलाना आसिफ रजा सुब्हानी ने कहा शाहजी मुहम्मद शेर मियां की वो शान है की। आपकी कोई सांस जिक्रे इलाही से खाली नहीं जाती थी। हर मौसम में पाँचों वक्त की नमाज ताजे वुजू से पढ़ते थे। रोजे पाबन्दी से रखते, नमाजे तहज्जुद, इशराक व चाश्त वगैरह को भी अदा करते नफ्स को मारने के लिये आपने बड़ी तकलीफें उठाई। कभी जंगल में आदमकद गड्ढे में बैठकर चालीस चालीस दिन का चिल्ला करते, कभी कब्र में, कभी हुजरे में व कभी छप्पर में। सोलह सोलह दिन तक भूखे प्यासे रहते, लगातार रोजे रखते, थक जाते और लेटने पर मजबूर हो जाते तो एक पतली सी खटोली पर लेटते जिस पर ठीक से पैर भी नहीं फैल सकते थे। आप कभी लिहाफ, गद्दा या बिस्तर पर नहीं लेटते थे। सर्दी में एक हल्की सी फर्द रखते थे। इस कदर अल्लाह की इबादत की के जिस्म बहुत कमजोर हो गया और नफ्स आपका गुलाम बन गया। सारी ख्वाहिशात मर गई। जईफी (बुढ़ापा) में भी इबादत व मेहनतकशी में कमी न आई। मस्जिद के हुजरे में तीस साल तक रात-दिन इबादत में मशगूल रहे और शरीअत तरीकघ्त मारिफत व हकीकत की सभी मंजिलें तय कीं और फनाफिल्लाह हुये और वह हाल हुआ कि अक्सर जिस्म मुबारक टुकड़े-टुकड़े



होकर हुजरे में पड़ा रहता। इस हाल में अगर कोई आपको देख लेता तो दहशत के मारे चीख कर बेहोश हो जाता। होश में आता तो आपको ठीक पाता तो आप उसे उसकी आँखों का धोखा कहकर टाल देते और अपना पर्दाफाश न करते। आप फनाफिल्लाह के बुलन्दो बाला मकाम पर फाइज थे। आखघ्रि फातिहा ख्वानी के बाद देश व मिल्लत की खुशहाली के लिए दुआ कराई इस मौके पर अरमान रजा कघदरी अब्दुल वकील अहमद मास्टर कघ्मर अली रजवी गुलाम नबी अत्तारी इकरार हुसैन डॉ नाजिम खलील खां आदि मौजूद रहे।

# शिविर में बच्चों को कराया योग

**चन्दौसी।** भारत विकास परिषद् नव उदय शाखा चंदौसी के तत्वाधान में संचालित पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर के द्वितीय दिवस का शुभारंभ वन्देमातरम गायन के साथ किया गया। इसके उपरांत पराग बंसल द्वारा बालकों को योग प्रशिक्षण दिया गया जिसमें उपस्थित बच्चों द्वारा पूर्ण मनोयोग से प्रतिभाग किया गया। साथ ही सुनीता शर्मा द्वारा बच्चों को नृत्य प्रशिक्षण व कल्पना गुप्ता द्वारा ढोलक वादन का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में विकास गोयल, अतुल शंकर चौधरी, शहनाज, पूजा रानी, नितिन गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, विष्णु शर्मा आदि उपस्थित रहे।



# कक्षा केंद्र पर अच्छे अंक लाने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** कक्षा केंद्र पर आज बच्चों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें अच्छे अंक लाने वाले बच्चों कर्णिका विश्नोई, परिषी विश्नोई, वंशिका सिंह,जुनैरा ताबिश, अदिति विश्नोई, उत्कर्ष चौहान, गौरी विश्नोई, मनस्वी, वंश चौहान, कृष राजपूत, कृष्णा विश्नोई, संस्कृति विश्नोई, जूनियर कक्षा से बलप्रीत सिंह, अम्मान, वंशिका, तन्मय विश्नोई, मोहम्मद आजम, सुखविंदर, अंश राजपूत, लवीश, अनन्या सिंह एवम प्राइमरी कक्षा से ओजस आर्य, रूही भार्गव, उन्नति माहेश्वरी, दीपांशु, सिद्धार्थ, अन्वी, नित्या, अव्या, मुकुल कुमार, दिशु विश्नोई, अमोल विश्नोई, दीक्षित, देव को प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि इंस्पेक्टर क्राइम रामनरेश यादव और एसएसआई सुभाष धनखड़ ने बच्चों को सम्मानित कर और भी ज्यादा



अच्छा प्रदर्शन करने और सड़क सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नाबालिग बच्चों के हाथों में अभिभावक वाहन ना दें और जो बालिग बच्चे वाहनों से स्कूल या कोचिंग सेंटर जाते हैं वह यातायात नियमों का पालन करें दोपहिया वाहन पर हेलमेट लगाएं और चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट लगाकर ही वाहनों को चलाएं। उन्होंने कहा कि जब एक बच्चा अच्छे अंक लेकर आता है तो इससे उसके माता-पिता का ही नहीं परिवार और गांव का भी सम्मान बढ़ता है। विशिष्ट अतिथि गुरुद्वारा सिंह साहिब के प्रधान सरदार कुलवंत सिंह ने भी बच्चों को सम्मानित करते हुए उनका हौसला बढ़ाया। कक्षा केंद्र के संचालक रजत शर्मा ने केंद्र पर संचालित कोर्स की जानक. ारी दी और आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इवेंट को सफल बनाने के लिए कक्षा केन्द्र से विधार्थियों में नोमन, वंश, निर्लिप्त, देव ने सहयोग किया। कक्षा केंद्र टीम से भावना विश्नोई, भानु विश्नोई, कनिका विश्नोई, प्रगति माहेश्वरी, युवराज भारद्वाज, सोफिया, विश्वेता सिंह, लबीबा उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन मनस्वी एवम गौरी विश्नोई द्वारा किया गया।इस मौके पर भावेश शर्मा तनवीर आलम सत्यवान सिंह राजपूत सुधीर चौहान अशोक चौहान सहित गणमान्य व्यक्ति और बच्चों के माता-पिता मौजूद रहे। कक्षा केंद्र पर अच्छा शिक्षण कार्य करने और व्यवस्था को सुचारू रूप से सहयोग करने वाले स्टाफ को भी मेडल देकर सम्मानित किया गया।




# गोशाला के रास्ते पर पिचिंग लगाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डिलारी।** क्षेत्र के गांव ईलर में ढेला नदी के किनारे गौशाला के रास्ते पर पिचिंग लगाने की ग्रामीणों ने मांग की है। आबादी से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूरी पर ढेला नदी के किनारे विशाल गौशाला है। जिसमें अधिकतम 300 से अधिक गोवंशीय पशु हैं। जिनकी देख रेख 6 केयर टेकर करते हैं, गौशाला जाने के लिए ढेला नदी के किनारे कच्चा रास्ता है, जिसके तट पर पत्थर की पिचिंग लगाने की मांग की गई है, पिछले वर्ष ढेला नदी में बाढ़ आने से कच्चा रास्ता टूट गया, गौशाला तक पहुंच रही बिजली के खंभे उखड़कर नदी में बह गए थे, जिससे विद्युत आपूर्ति चौपट हो गई, पशुओं के सामने चारे का संकट पैदा हो गया, कई गोवंश पशु, पानी के तेज-बहाव के साथ बह गए थे। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नवाब. जान ने उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर बताया कि बरसात का मौसम करीब है, गौशाला के रास्ते को दुरुस्त करने के लिए पिचिंग लगाई जाए। जिससे ढेला नदी में बाढ़ आने पर रास्ता न टूटे,कच्चा रास्ता टूटने से गौशाला के अलावा आबादी में भी पानी घुस जाता है, जिससे लोगों का काफी नुकसान हो जाता है। आबादी और गौशाला को बाढ़ से बचाने के लिए ढेला नदी के किनारे तट पर पत्थर की पिचिंग लगाई जाए, इस संबंध में खंड विकास अधिकारी डिलारी, त्रिलोक चंद से बातचीत की गई, उन्होंने बताया कि गौशाला के रास्ते पर पिचंग बनाने के लिए उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

# कलशयात्रा के साथ हुआ नौ दिवसीय यज्ञ का शुभारंभ

**चन्दौसी।** नगर के महानंदपुरम स्थित श्री शनि महाराज मंदिर पर नौ दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिसका शुभारंभ मंगलवार को कलश यात्रा के साथ किया गया। मंदिर के पुजारी व शास्त्री रामानुजदास ने मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत रुप से पूजन कराया गया। कलश यात्रा में सुनीता मिश्रा, भूमिका मिश्रा, तुलसी देवी, राजकुमारी, पवन कुमार सिंह, सीमा रानी, सुनील चौहान, रेखा देवी, निशू चौहान, संगीता देवी, दलपत सिंह, रेखा देवी, रामगोपाल, अंजू देवी, संजय चौहान, नीलम देवी, इंद्रपाल शर्मा, सोमवती शर्मा, सुखपाल श्रीवास्तव, कांति देवी आदि शामिल हुईं।



# संसद सत्र की मांग

मंगलवार को एक बार फिर इंडिया समूह ने पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर, सैन्य कार्रवाई तथा आतंकवाद को खत्म कर पाकिस्तान को अलग-थलग करने में देश कितना सफल रहा, इस पर चर्चा व जानने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग प्रधानमंत्री से एक पत्र लिखकर की गई। पत्र लिखने से पूर्व इंडिया समूह की एक बैठक हुई। जिसमें 16 दलों ने हिस्सा लिया। पत्र में 16 दलों के नेताओं के ही हस्ताक्षर हैं। बैठक में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुख, शिवसेना उद्धव गुट, राजद, नेशनल कान्फ्रेंस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी आईयूएमएल, आरएसपी, झारखंड मुक्ति मोर्चा ने हिस्सा लिया। दिलचस्प बात यह रही कि इसमें आप, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) ने हिस्सा नहीं लिया। विपक्ष पहले ही मांग करता रहा है कि संसद का सत्र बुलाना चाहिए और सरकार को बताना चाहिए कि पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में हमने किस तरह की उपलब्धि हासिल की है। इन सब नेताओं का कहना है कि पहलगाम आतंकी हमले की बाद की स्थिति और सांसद के सात प्रतिनिधिमंडलों को दुनिया के विभिन्न देशों की राजधानी में भेजकर आतंकवाद पर अपना पक्ष रखने के लिए भेजा जा रहा है। विपक्ष यह भी जानना चाहता है कि यह प्रतिनिधिमंडल कितना सफल रहा, इस पर भी देश को बताना चाहिए। विपक्षी इंडिया समूह के नेताओं की शिकायत है कि सांसदों का प्रतिनिधिमंडल भेजा जाता है लेकिन अपनी संसद और उसके माध्यम से देश की जनता को कुछ नहीं बताया जाता। इंडिया समूह के नेताओं का मानना है कि संसद सत्र बुलाना आवश्यक है। ताकि सांसदों और देश को पूरे घटनाचक्र की जानकारी मिल सके। जैसेकि बैठक के बाद कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह, राष्ट्रीय जनता दल के मनोज झा, शिवसेना उद्धव गुट के संजय राउत ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कई सवाल खड़े किए। सपा के रामगोपाल यादव ने यहां तक कहा कि पहलगाम हमले के बाद आतंकी ठिकानों पर हमला और फिर पाक के खिलाफ सैन्य कार्रवाई हुई, उसमें कितने सफल हुए। उन्होंने जानना चाहा कि किन देशों ने इस कार्रवाई में हमारा साथ दिया। उन्होंने खुद ही जवाब भी दे डाला। इस कार्रवाई के दौरान एक भी देश भारत के समर्थन में नहीं आया, जबकि पाक का कई देशों ने खुलकर समर्थन किया। इसमें कोई दोराय नहीं है कि ऑपरेशन सिंदूर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में पूरी तरह सफल रहा, लेकिन यह कहने में कोई गुरेज नहीं कि भारत में इसको लेकर जमकर राजनीति हो रही है और सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों ही इस पर जमकर राजनीति करते दिखाई दे रहे हैं। उनकी राजनीति के चलते ही देश में भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। यह भ्रम के बादल तभी छंट सकते हैं जब खुले विचारों के साथ इस पर चर्चा हो और चर्चा के लिए संसद से बेहतर स्थान कौन सा हो सकता है। यूं भी सरकार को संसद का विशेष सत्र बुलाने में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए।

## हमें मनाने की जरूरत नहीं है



संघर्षविराम के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत हुई, हम अमेरिकी राष्ट्रपति पद का बहुत सम्मान करते हैं और हम उसी सम्मान को ध्यान में रखते हुए बात करेंगे, लेकिन मोटे तौर पर कहें तो हमारी समझ थोड़ी अलग है, हमें रोकने के लिए किसी को मनाने की जरूरत नहीं थी, हमने पहले ही रुकने के लिए कह दिया था, अगर अमेरिकी राष्ट्रपति या उनके वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किसी को मनाने की जरूरत थी, तो वह पाकिस्तानियों को मनाने की थी, उन्हें मनाना पड़ता, हमें मनाने की जरूरत नहीं है क्योंकि हम युद्ध नहीं चाहते, हम विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं, यही मूल संदेश है।

-शशि थरूर
कांग्रेस सांसद

# पृथ्वी पर मिली जीवों की नई प्रजातियां

हर वर्ष वैज्ञानिक पृथ्वी की अनछुई, अनदेखी और अनजानी जगहों पर शोध करते हैं, जिनका उद्देश्य प्रकृति की जैव विविधता को समझना और संरक्षित करना होता है। वर्ष 2025 इस .ष्टि से बेहद महत्वपूर्ण रहा क्योंकि इस वर्ष विभिन्न महाद्वीपों, महासागरों और पर्वतीय इलाकों में वैज्ञानिकों ने कई नई पशु प्रजातियों की खोज की, जिनमें से कुछ अपने व्यवहार, आकार, रंग या जीवनशैली के लिए विलक्षण हैं। इन खोजों ने न केवल वैज्ञानिक समुदाय को रोमांचित किया, बल्कि आम लोगों की प्रकृति के प्रति जिज्ञासा और जागरूकता भी बढ़ाई।

इन नई प्रजातियों की खोज से यह स्पष्ट हो जाता है कि पृथ्वी पर अभी भी लाखों ऐसे जीव मौजूद हैं जिन्हें हमने देखा तक नहीं है। विश्व भर में पर्यावरणीय परिवर्तन, वनों की कटाई और जलवायु परिवर्तन के कारण कई प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं, वहीं कुछ अब जाकर हमारे ज्ञान में शामिल हो रही हैं। 2025 में खोजी गई नई पशु प्रजातियां इसी तथ्य की पुष्टि करती हैं कि प्रकृति में रहस्य अब भी बहुत बचे हुए हैं।

### खोज की पृष्ठभूमि और स्थान

2025 में खोजे गए अधिकांश जानवर घने वर्षावनों, गहरे समुद्रों और दूरस्थ पहाड़ी इलाकों से संबंधित हैं। अमेजन के वर्षावनों, कांगो बेसिन, इंडोनेशिया के द्वीपों, ऑस्ट्रेलिया के दूरस्थ क्षेत्रों और भारत के पूर्वोत्तर पर्वतीय अंचलों में कई नई प्रजातियां दर्ज की गईं। इन क्षेत्रों में जैव विविधता अधिक होती है और मनुष्यों की पहुंच अपेक्षाकृत कम, जिसके कारण यहां नई प्रजातियों की संभावना अधिक होती है।

**उल्लेखनीय स्थान जहां से महत्वपूर्ण खोजें हुईं-**

- ब्राजील का अंधकारमय अमेजन जंगल
- इंडोनेशिया का सुलावेसी द्वीप
- भारत का अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड क्षेत्र
- मेडागास्कर का पश्चिमी भाग
- ऑस्ट्रेलिया की किम्बरली रेंज
- गहरे समुद्र के तल पर स्थित थर्मल वेंट्स

इन स्थानों से खोजे गए जीवों में स्तनधारी, उभयचर, सरीसृप, कीट, मछलियां और समुद्री अकशेरुकी प्रजातियां शामिल हैं।

### नीली आंखों वाला जंगल बिलाव

**(Blue-eyed Forest Cat)**

इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर खोजा गया यह बिलाव अपनी चमकीली नीली आंखों और घने भूरे फर के लिए जाना जा रहा है। यह मुख्य रूप से रात्रिचर है और घने जंगलों में अकेला घूमता है। इसकी शारीरिक संरचना पारंपरिक बिल्ली से थोड़ी बड़ी है।

### गूंजती आवाज वाला मेढक

**(Echo Tree Frog)**



अमेजन वर्षावन में खोजा गया यह उभयचर प्राणी बेहद छोटी काया वाला है लेकिन इसकी आवाज कई मीटर दूर तक सुनाई देती है। इसका रंग चमकीला हरा और पीला होता है, जो इसे वन में छिपने में मदद करता है। इसकी खोज उस समय हुई जब शोधकर्ता पेड़ों की ऊंचाई पर लगे साउंड सेंसर की जांच कर रहे थे।

### दूधिया रंग की गुफा मछली

**(Milky Cavefish)**

भारत के मेघालय राज्य की एक गुफा में पाई गई यह मछली पूरी तरह से सफेद और पारदर्शी है। इसकी आंखें विकसित नहीं हैं क्योंकि यह अंधेरी गुफाओं में रहती है। यह जलस्त्रोत की सतह पर तैरने की बजाय गहराई में रहकर बायोफ्लोरसेंस तकनीक से दिशा का निर्धारण करती है।

### कठोर कवच वाली समुद्री मकड़ी

**(Armored Sea Spider)**

अंटार्कटिक महासागर की गहराइयों में वैज्ञानिकों को एक ऐसी समुद्री मकड़ी मिली है, जिसका शरीर धातु जैसे कठोर कवच से ढका हुआ है। यह प्रजाति अत्यंत ठंडे पानी में जीवित रहने के लिए विकसित हुई है और इसकी चाल अत्यंत धीमी होती है। इसकी लंबाई लगभग 15 सेंटीमीटर होती है।

### गायन करने वाला चमगादड़

**(Singing Bat)**

ऑस्ट्रेलिया के किम्बरली क्षेत्र में पाया गया यह चमगादड़ रात के समय एक विशेष प्रकार की ध्वनि उत्पन्न करता है जो पक्षियों की चहचहाहट जैसी लगती है। यह ध्वनि मुख्य रूप से साथी को आकर्षित करने और क्षेत्र की सीमा तय करने के लिए होती है। इस प्रजाति का नाम वैज्ञानिकों ने Vespertilio sonatus रखा है।

### बर्फीले खरगोश जैसा स्तनधारी

**(Ice Rabbit Mole)**

साइबेरिया के एक जमी हुई सुरंग में पाए गए इस छोटे स्तनधारी का शरीर खरगोश जैसा और पैर तिलचट्टे जैसे हैं। यह अत्यधिक ठंड में जमीन के नीचे रहने वाला प्राणी है जो बर्फ के नीचे कीट और छोटे पौधों की जड़ों पर निर्भर करता है।

### रंग बदलने वाला पंखहीन पक्षी

**(Featherless Chameleon Bird)**

मेडागास्कर से खोजा गया यह पक्षी वैज्ञानिकों के लिए आश्चर्य का विषय बना हुआ है क्योंकि इसमें पंख नहीं होते, लेकिन इसकी त्वचा में रंग बदलने की क्षमता है जैसे गिरगिट में होती है। यह जमीन पर रहने वाला पक्षी है जो मुख्यत: फल और छोटे कीड़ों का भक्षण करता है।

### सुनहरी आंखों वाला अजगर

**(Golden&eyed Python)**

भारत के अरुणाचल प्रदेश में खोजा गया यह अजगर अत्यंत दुर्लभ और शांत प्रकृति का है। इसकी त्वचा हल्के पीले रंग की होती है और आंखें सुनहरी चमक लिए होती हैं। यह पेड़ों पर रहने वाला अजगर है जो छोटे स्तनधारियों और पक्षियों को अपना आहार बनाता है।

**वैज्ञानिक दृष्टिकोण और खोज का महत्व**

इन सभी खोजों का वैज्ञानिक महत्त्व अत्यधिक है। एक नई प्रजाति की पहचान करने के लिए मात्र दिखने में भिन्नता पर्याप्त नहीं होती, बल्कि डीएनए विश्लेषण, व्यवहार अध्ययन, भोजन प्रणाली, प्रजनन प्रक्रिया आदि का सूक्ष्म विश्लेषण किया जाता है। इन सभी प्रजातियों को अंतर्राष्ट्रीय जीव विज्ञान संस्थानों द्वारा सत्यापित किया गया और उन्हें संबंधित जीव वर्गों में स्थान दिया गया। इन खोजों से यह भी पता चलता है कि पृथ्वी की जैव विविधता का केवल एक छोटा हिस्सा ही अब तक वैज्ञानिकों के ज्ञान में है। अनुमानत: लगभग 80 % जीव-जंतु अभी तक अज्ञात हैं और वे पृथ्वी के किसी न किसी छोर पर छिपे हुए हैं। नई प्रजातियां हमारी पारिस्थितिकी को समझने, दवाओं की खोज करने, और भविष्य की जलवायु रणनीतियों में मददगार हो सकती हैं।

**पर्यावरणीय चेतावनी और संरक्षण की आवश्यकता**

नव खोजी गई प्रजातियां अक्सर बेहद नाजुक होती हैं और उनके आवास में थोड़े से भी बदलाव से वे खतरे में पड़ सकती हैं। जैसे ही कोई प्रजाति खोजी जाती है, उस पर मानव गतिविधियां बढ़ जाती हैं . जैसे पर्यटन, शोध, और मीडिया का ध्यान। इसका दुष्प्रभाव यह होता है कि कभी-कभी नई प्रजातियां खोजे जाने के कुछ वर्षों में ही संकटग्रस्त श्रेणी में आ जाती हैं। इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि इन नई प्रजातियों को खोजने के साथ-साथ उनके आवास का संरक्षण भी प्राथमिकता पर हो। अंतर्राष्ट्रीय संरक्षण संगठन जैसे **IUCN** को इन प्रजातियों की निगरानी करनी चाहिए और सरकारों को उनके पर्यावरण की रक्षा के लिए उचित नीतियां अपनानी चाहिए। 2025 में खोजी गई नई पशु प्रजातियां यह दिखाती हैं कि पृथ्वी अभी भी रहस्यों से भरी हुई है। इन खोजों ने वैज्ञानिक समुदाय के लिए नई चुनौतियां और अवसर दोनों प्रदान किए हैं।

साथ ही यह हम सबके लिए एक चेतावनी भी है कि जैव विविधता को संरक्षित रखने की जिम्मेदारी सिर्फ वैज्ञानिकों की नहीं, बल्कि हम सभी की है। यदि हम इस विविधता की रक्षा करने में असफल रहे, तो हम ऐसे अनगिनत रहस्यों को खो देंगे जिन्हें जानने का अवसर भी हमें कभी नहीं मिलेगा। आने वाले वर्षों में उम्मीद की जाती है कि और भी प्रजातियां प्रकाश में आएंगी, बशर्ते हम अपनी पृथ्वी और उसके जीवन को बचाने के लिए समर्पित रहें।



> **पृथ्वी पर गिरगिट की 200 से ज्यादा प्रजातियाँ हैं और यह खूबसूरत गिरगिट सबसे दुर्लभ प्रजातियों में से एक है। इसके आवास के लिए खतरे बढ़ते जा रहे हैं, इसलिए हजा जैसे समर्पित संरक्षणवादियों के प्रयासों के बिना, यह प्रजाति हमारे जीवनकाल में लगभग निश्चित रूप से विलुप्त हो जाएगी।**

# तीसरे विकल्प के रूप में बढ़ रही प्रचंड की स्वीकार्यता




> **तराई जिसे मधेश भी कहा जाता है , यहां राजशाही समाप्त होने के बाद मधेशी दलों का वर्चस्व बढ़ा था। चूंकि मधेशी दल कई पार्टियों में बंटे हुए हैं इसलिए बड़ी पार्टियां इनका इस्तेमाल केवल सरकार बनाने के लिए करती रही हैं। इनका वजूद बस इतना था कि पद पाकर किसी भी नेतृत्व की सरकार को समर्थन देते रहें। आज भी इनका यही वजूद है। लेकिन तराई में इन दलों के पास अभी भी कुछ न कुछ वोट बचा है। प्रचंड का कहना है कि आगामी चुनाव वे अकेले लड़ेंगे लेकिन अंदर खाने मधेशी दलों के साथ भी उनकी खिचड़ी पक रही है। प्रचंड के राजनीतिक सफर पर गौर करें तो निसंदेह उनकी भी छवि भारत विरा. धी ही रही है लेकिन इनमें खास यह है कि यह राजनी. तिक रूप से अन्य नेपाली नेताओं की अपेक्षा समझदार हैं। कब क्या फैसला लेना है , यह समझ इनमें है।**

नेपाल में राज संस्था और हिन्दू राष्ट्र की बहाली की तेज होती मांग के बीच नेपाली जनता तीसरे विकल्प की तलाश में है। जन चर्चाओं पर गौर करें तो लोगों में पूर्व पीएम व माओवादी नेता प्रचंड की स्वीकार्यता बढ़ रही है।

बता दें कि राज संस्था की मांग को लेकर राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी तथा राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी नेपाल एक साथ हो लिए हैं। दोनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रमश: राजेंद्र लिंगदेन और पूर्व गृह मंत्री कमल थापा के बीच पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र की पंचायत में सहमति बनी है। इसके पहले भले ही मंजिल एक हो लेकिन दोनों के रास्ते अलग थे। दोनों ही हिंदू वादी नेता और राजशाही के समर्थक हैं। हाल ही 29 मई से राज संस्था की बहाली की मांग को लेकर शुरू किए गए राप्रपा के आंदोलन में राप्रपा नेपाल भी शामिल हुआ है। नेपाल में विभिन्न नामों से सक्रिय हिंदू वादी संगठन भी राज संस्था व हिन्दू राष्ट्र की मांग के समर्थन में इनके साथ आ गए हैं। नेपाल में राप्रपा और राप्रपा नेपाल के मुकाबले हिंदू संगठनों की स्थिति बहुत मजबूत है। लिहाजा राप्रपा के नेतृत्व में शुरू हुआ राज संस्था की मांग को लेकर तीसरा आंदोलन संख्या बल के हिसाब से काफी सशक्त था। ओली सरकार इसे देख घबड़ा गई। अंतत: हिंसा की संभावना का बहाना बताकर सरकार ने आंदोलन के चौथे दिन यानी एक जून को इस आंदोलन को वैन कर दिया। दरअसल एक जून को स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी क्योंकि राप्रपा नेपाल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल थापा के नेतृत्व में आंदोलनकारी बालुआटार प्रधानमंत्री आवास परिसर में जबरदस्ती प्रवेश करना चाहते थे। आंदोलन कारियों के जबरन प्रवेश पर पुलिस ने सख्ती की,कमल थापा से हाथापाई हुई, वे जमीन पर गिर पड़े। राजेंद्र लिंगदेन ने इसे आंदोलन कुचलने की ओली सरकार की साजिश करार देते हुए आंदोलन और उग्र करने की धमकी दी। इसी के बाद ओली सरकार ने किसी भी प्रकार के आंदोलन प्रदर्शन को अगले दो महीने तक के लिए वैन कर दिया लेकिन आंदोलनकारी काठमांडू में कुछ चिन्हित स्थान पर प्रदर्शन कर सकते हैं। ओली सरकार के इस आदेश के बाद भी काठमांडू वैली में हिंदू वादी संगठन तथा राप्रपा के कार्यकर्ता अलग-अलग ठिकानों पर जमे हुए हैं। राज संस्था व हिन्दू राष्ट्र की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के बीच एक मैसेज यह गया कि ओली सरकार नकारा है। उसके नेता और मंत्री भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हुए हैं। यही हाल ओली के समर्थक दल नेपाली कांग्रेस का भी है। नकली भूटानी शरणार्थी के मामले में दोनों ही दलों के कई बड़े नेता जेल की हवा खा चुके हैं या अभी जेल में ही हैं। नेपाल में दोनों दलों की मिली जुली साझा सरकार भले ही है लेकिन ए जनता में स्वीकार्य नहीं हैं। दोनों के शीर्ष नेताओं की आलोचना नेपाल में पहाड़ से लेकर मैदानी इलाकों तक खूब हो रही है, लेकिन एक सच यह है कि नेपाली जनता राजशाही और मौजूदा सरकार के इतर तीसरे विकल्प की तलाश में है। ऐसे में लोगों की जुबान पर प्रचंड के नाम की चर्चा है। प्रचंड भी कट्टर माओवादी नेता हैं और तीन बार नेपाल के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। वे लंबे समय तक चले राजशाही के खिलाफ जनयुद्ध के नायक हैं। अन्य राजनीतिक दलों और नेताओं की अपेक्षा उनकी छवि इमानदार व सिद्धांतवादी नेता की है। 2008 में जब वे पहली बार प्रधानमंत्री चुने गए थे तो ठीक नौ महीने बाद तत्कालीन राष्ट्रपति से सेना के एक अफसर की नियुक्ति के मामले में उत्पन्न मतभेद के चलते उन्होंने प्रधानमंत्री पद त्याग दिया था। प्रचंड के इस कदम की चर्चा आज नेपाल में खूब है। हाल ही ओली के समर्थन से वे तीसरी बार प्रधानमंत्री बने थे। इस बार भ्रष्टाचार की जांच को लेकर ओली ने समर्थन वापस ले कर प्रचंड को पदच्युत कर दिया और नेपाली कांग्रेस के समर्थन से खुद प्रधानमंत्री बन गए। भ्रष्टाचार की जांच हो पाती तो ओली की पार्टी एमाले और नेपाली कांग्रेस के कई बड़े नेताओं पर गाज गिरना तय था। ऐसे समय ओली ने प्रचंड सरकार से समर्थन वापस लेकर उन्हें भले ही सत्ता से बेदखल कर दिया लेकिन प्रचंड की छवि नेपाल में हीरो की उभरी है। एक यह बात भी गौर करने लायक है कि आने वाले दिनों में नेपाल के प्रतिनिधि सभा का चुनाव तराई बनाम पहाड़ होगा। यानी तराई को इग्नोर कर कोई पार्टी सत्ता में नहीं पंहुच सकती। इसलिए सभी राजनीतिक दलों ने तराई में संगठन विस्तार और लोगों तक पंहुच बनाने में ज्यादा जोर देना शुरू कर दिया है। तराई के 20 जिलों की आबादी करीब 18 लाख है। यहां माइनारिटी की संख्या भी चुनाव परिणाम की दृष्टि से निर्णायक है। नेपाल के तराई का यह वोटर जो कभी नेपाली कांग्रेस का हुआ करता था अब, एमाले और माओवादी केंद्र में बंट गया है। हिंदू राष्ट्र की मांग का उनपर गहरा असर पड़ा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बढ़ते तापमान से महिलाओं में बढ़ सकता है कैंसर का खतरा

जलवायु परिवर्तन और बढ़ती गर्मी का महिलाओं के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है। एक नए अध्ययन में वैज्ञानिकों ने पाया है कि तापमान बढ़ने के साथ महिलाओं में स्तन, अंडाशय द्धओवरीत्र्, गर्भाशय और सर्वाइकल कैंसर के मामले और मौतें दोनों बढ़ रही हैं। जलवायु परिवर्तन का महिलाओं में कैंसर के खतरे पर क्या असर पड़ता है, यह जानने के लिए शोधकर्ताओं ने मध्य पूर्व और उत्तर अफीका के 17 देशों को चुना है। इनमें शामिल अल्जीरिया, बहरीन, मिस्र, ईरान, इराक, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, लीबिया, मोरक्को, ओमान, कतर, सऊदी अरब, सीरिया, ट्यूनीशिया, संयुक्त अरब अमीरात और फिलिस्तीन शामिल थे। गौरतलब है कि ए सभी देश जलवायु परिवर्तन के प्रति बेहद संवेदनशील हैं और पहले ही तापमान में तेजी से होती वृद्धि का सामना कर रहे हैं। वहीं आशंका है कि इस क्षेत्र में 2050 तक तापमान के चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। इसके साथ ही अपने अध्ययन में शोधकर्ताओं ने इन देशों में स्तन, अंडाशय, गर्भाशय और सर्वाइकल कैंसर के मामलों और मौतों से जुड़े आंकड़ों को भी जुटाया है और उनकी तुलना 1998 से 2019 के बीच बढ़ते तापमान से की है।

**गर्मी और कैंसर के बीच है नाता**

शोध के नतीजे दर्शाते हैं कि तापमान में वृद्धि के साथ मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका में स्तन, अंडाशय, सर्वाइकल और गर्भाशय कैंसर के मामले भी बढ़े हैं। वहीं कतर, बहरीन, जॉर्डन, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और सीरिया जैसे देशों में यह बढ़ोतरी सबसे अधिक देखी गई। यह वो देश हैं जो साल दर साल भीषण गर्मी का सामना करते हैं। शोधकर्ताओं के मुताबिक तापमान में हर एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ ए चारों तरह के कैंसर कहीं ज्यादा आम और घातक हो रहे हैं। इस अध्ययन के नतीजे अंतराष्ट्रीय जर्नल फंटियर्स इन पब्लिक हेल्थ में प्रकाशित हुए हैं। अध्ययन से पता चला है कि तापमान में हर एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ महिलाओं में कैंसर के मामलों में प्रति लाख लोगों पर 173 से 280 मामलों तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसमें अंडाशय का कैंसर सबसे ज्यादा, जबकि स्तन कैंसर सबसे कम बढ़ा है। बढ़ते तापमान की वजह से सिर्फ कैंसर के मामले ही नहीं बढ़ रहे, इनसे होने वाली मौतों में भी इजाफा दर्ज किया गया है। आंकड़ों से पता चला है कि तापमान में हर डिग्री की बढ़ोतरी के साथ प्रति लाख लोगों पर होने वाली मौतों में 171 से 332 तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

**किन देशों में बढ़ा खतरा?**

अध्ययन में यह भी सामने आया है कि कैंसर के मामलों और मौतों में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी कतर, बहरीन, जॉर्डन, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और सीरिया में दर्ज की गई है। हालांकि साथ ही अध्ययन में यह भी सामने आया है कि यह वृद्धि सभी देशों में एक समान नहीं थी। उदाहरण के लिए कतर में हर डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ स्तन कैंसर के मामले प्रति लाख लोगों पर 560 तक बढ़े, जबकि बहरीन में यह बढ़ोतरी 330 रिकॉर्ड की गई।

**क्यों बढ़ रहा है खतरा?**

वैज्ञानिकों के मुताबिक यह अध्ययन दिखाता है कि बढ़ता तापमान इन कैंसरों की एक वजह हो सकता है। हालांकि हर देश में इसका प्रभाव अलग-अलग देखा गया। इसका मतलब है कि तापमान के अलावा भी कुछ और कारण कैंसर के खतरे को बढ़ा सकते हैं। उदाहरण के लिए, कुछ जगहों पर बढ़ती गर्मी के साथ हानिकारक वायु प्रदूषण भी बढ़ता है, जो कैंसर को फैलने में मदद कर सकता है। वैज्ञानिकों का यह भी मानना है कि बढ़ती गर्मी के साथ कई तरह से कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। यह लोगों को कैंसर पैदा करने वाले केमिकल्स के संपर्क में लाता है। इसकी वजह से स्वास्थ्य सेवाएं बाधित होती हैं, जिससे समय पर जांच और इलाज नहीं मिल पाता। बढ़ती गर्मी शरीर की कोशिकाओं पर भी असर डाल सकती है। ए सभी कारण मिलकर समय के साथ कैंसर का खतरा बढ़ा सकते हैं।



**गरीब महिलाएं सबसे बड़ी शिकार**

काहिरा की अमेरिकन यूनिवर्सिटी और अध्ययन से जुड़े शोधकर्ता डॉक्टर सुंगसू चुन ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ष्महिलाएं प्राकृतिक रूप से खासकर गर्भावस्था के दौरान जलवायु से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति अधिक संवेदनशील होती हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में असमानता उनके जोखिम को और बढ़ा देती है। जो महिलाएं हाशिए पर जीवन जी रही हैं, वे कहीं अधिक प्रदूषण और पर्यावरणीय खतरों के संपर्क में आती हैं और उनके लिए समय पर जांच या इलाज नहीं मिल पाना मुश्किल होता है। गौरतलब है कि जलवायु परिवर्तन और बढ़ता तापमान दुनिया के लिए पहले ही बड़ा खतरा बन चुका है। इससे सेहत पर असर पड़ रहा है। तापमान बढ़ने से खाने-पीने की चीजों की कमी और दूषित हवा की वजह से बीमारियों और मौतों का खतरा दुनिया भर में बढ़ रहा है। प्राकृतिक आपदाएं और अचानक से बदलता मौसम स्वास्थ्य सेवाओं समेत जरूरी बुनियादी ढांचे को भी नुकसान पहुंचाते हैं। कैंसर के मामले में, इसका मतलब है कि लोग ज्यादा जहरीले प्रदूषण के संपर्क में आते हैं और उन्हें सही समय पर जांच व इलाज नहीं मिल पाता। इन सभी कारणों से गंभीर कैंसर के मामलों में बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन इसका सही आंकलन करना मुश्किल है। अध्ययन के मुताबिक कैंसर के ज्यादा मामलों के सामने आने को बेहतर जांच प्रणाली से जोड़ कर भी देखा जा सकता है। लेकिन अगर जांच बेहतर हुई होती, तो मौतें भी कम होतीं क्योंकि शुरुआती चरण में कैंसर का इलाज आसान होता है। लेकिन यहां मामले और मौतें दोनों बढ़े हैं, जिससे लगता है कि असली कारण कहीं ज्यादा लोगों के जोखिम भरे कारकों से संपर्क में आना है। शोधकर्ताओं ने सुझाव दिया है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को स्वास्थ्य योजनाओं में तुरंत शामिल किया जाना चाहिए, ताकि इससे जुड़ी बीमारियों से निपटने की बेहतर तैयारी हो सके। वैज्ञानिकों ने जोर दिया है कि कैंसर की समय पर जांच के लिए स्क्रीनिंग कार्यक्रम को सशक्त किया जाना चाहिए। साथ ही जलवायु के प्रति मजबूत स्वास्थ्य तंत्र तैयार करने की जरूरत है। प्रदूषण और कैंसर की वजह बनने वाले जन्य कारकों के संपर्क को कम किए जाने की आवश्यकता है। वैज्ञानिकों ने चेताया है कि अगर इन उपायों को नहीं अपनाया गया, तो जलवायु परिवर्तन के साथ कैंसर का खतरा और ज्यादा बढ़ता जाएगा।

# ऑपरेशन सिंदूर: सिर्फ पाक ही जानता है नुकसान का अंदाजा

## खुलासा: भारत ने जितना बताया उससे कहीं अधिक ठिकानों को सेना ने बनाया निशाना

**इस्लामाबाद।** दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सशस्त्र बलों ने पिछले महीने 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया था। इस सैन्य अभियान के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में कई आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया था। इसके अलावा, 11 एयरबेस को भी निशाना बनाया गया था।

हालांकि, पाकिस्तान के एक आधिकारिक दस्तावेज (डोजियर) में नया खुलासा हुआ है। दरअसल, पाकिस्तान ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जवाब में 'ऑपरेशन बुनयान उन मरसूस' चलाया था। इससे जुड़े डोजियर में उसने स्वीकार किया है कि भारत ने सात अतिरिक्त ठिकानों पर भी हमले किए। डोजियर में दिखाए गए नक्शों में पेशावर, झांग, सिंध में हैदराबाद, पंजाब में गुजरात, बहावलनगर, अटक और छोर इलाकों पर हमले दिखाए गए हैं।

- पाकिस्तान ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जवाब में 'ऑपरेशन बुनयान उन मरसूस' चलाया था
- पाकिस्तान ने भारत से संघर्ष विराम की गुहार क्यों लगाई थी



पिछले महीने हवाई हमलों के बाद मीडिया ब्रीफिंग में भारतीय वायु सेना या सैन्य महानिदेशक (डीजीएमओ) ने इन स्थानों का जिक्र नहीं किया था। इस नए खुलासे से पता चलता है कि भारत ने जिन इलाकों में हमले करने की बात की स्वीकार की थी, उससे कहीं अधिक गहराई में जाकर हमले किए गए थे। इससे यह बात भी समझ में आती है कि पाकिस्तान ने भारत से संघर्ष विराम की गुहार क्यों लगाई थी। इस खुलासे से पाकिस्तान के उस दावे पर भी सवाल खड़ा होता है, जिसमें उसने कहा था कि उसने भारत को बड़ा नुकसान पहुंचाया। भारतीय सशस्त्र बलों ने इससे पहले कई मीडिया ब्रीफिंग में ऑपरेशन सिंदूर की विस्तार से जानकारी दी थी और बताया था कि ये हमले कितनी सटीकता और योजना से किए गए। अब यह माना जा रहा है कि भारत की ओर से कुछ ठिकानों के नाम न बताना एक रणनीतिक फैसला था, जिससे पाकिस्तान खुद ही नुकसान की असली तस्वीर उजागर करे और भविष्य में वह कोई झूठा दावा न कर सके।

इससे पहले, मैक्सार टेक्नोलॉजीज की ओर जारी की गई सैटेलाइट तस्वीरों में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किए गए सटीक हवाई हमलों से हुए नुकसान को दिखाया गया था। भारत ने 7 मई को पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया था। जिन ठिकानों पर हमले हुए थे, उनमें बहावलपुर स्थित जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) का मुख्यालय और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का प्रशिक्षण केंद्र भी शामिल हैं। इसके अलावा जिन अन्य जगहों को निशाना बनाया गया उनमें मुजफ्फराबाद, कोटली, रावलकोट, चकस्वारी, भिंबर, नीलम घाटी, झेलम और चकवाल शामिल थे।

## ब्रिटिश संसद ने आतंकवाद को बताया लोकतंत्र के लिए खतरा

**लंदन।** ब्रिटेन की संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स के स्पीकर सर लिडसे हॉयल ने माना है कि आतंकवाद किसी भी रूप में लोकतंत्र के लिए एक गंभीर खतरा है। भारतीय जनता पार्टी के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाले भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने यहां हाउस ऑफ कॉमन्स के स्पीकर सर लिडसे हॉयल से मुलाकात की। इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रसाद ने पाकिस्तान से उत्पन्न सीमा पार आतंकवाद पर गहरी चिंता व्यक्त की, जहां अनिर्वाचित और अनियंत्रित सैन्य अधिकारी आतंकवाद को एक सरकारी उपकरण के रूप में उपयोग करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह दृष्टिकोण न केवल लोकतंत्र को कमजोर करता है, बल्कि लोकतांत्रिक समाज की नींव को भी नष्ट करता है। स्पीकर ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए स्वीकार किया कि आतंकवाद किसी भी रूप में लोकतंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा है। उन्होंने भारत की उल्लेखनीय प्रगति की भी सराहना की, जिसमें डिजिटल परिवर्तन, तकनीकी प्रगति, आर्थिक विकास और अंतरिक्ष क्षेत्र में उपलब्धियां शामिल हैं।



गुवाहाटी। भारी बारिश के बाद साइकिल रिक्शा पर जलमग्न सड़क को पार करते लोग।

## भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने की मेलिशया में आतंकवाद निरोधक शोध संस्थान के साथ बैठक

**नई दिल्ली।** जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में भारत के सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मलेशिया में कुआलालंपुर में दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्रीय आतंकवाद निरोधक केंद्र (एसईएआरसीसीटी) के महानिदेशक दतिन पादुका नूर आशिकिन मोहम्मद तैयब के नेतृत्व में केंद्र के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। आधिकारिक जानकारी के अनुसार भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने एसईएआरसीसीटी के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा में किसी भी और नाम से की जाने वाली आतंकवादी गतिविधि को रत्ती भर भी सहन न करने की भारत की सैद्धांतिक नीति और दृढ़ संकल्प की विस्तार से व्याख्या की। भारत के संसदीय दल ने एसईएआरसीसीटी के लोगों को विशेष रूप से पहलगाम में हाल ही में सीमा पार से आतंकवादी हमले के परिप्रेक्ष्य में अपनी बात को समझाया। गत 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तान की सह पर आतंकवादियों ने बर्बर तरीके से चुन-चुन कर 26 लोगों की हत्या कर दी थी, जिसमें एक नेपाल का नागरिक भी था।

## प्रेम प्रस्ताव ठुकराने पर हुई पाक टिकटॉक स्टार की हत्या

- रिश्तेदार बनकर घर में घुसा फिर सना को गोली मारी हमलावर 10वीं पास बेरोजगार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सना यूसुफ की सोमवार को उनके ही घर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना इस्लामाबाद के जी-13 इलाके में हुई। गोली मारने के बाद हमलावर भाग खड़ा हुआ था। इस्लामाबाद पुलिस के आईजी सैयद अली नासिर रिजवी ने कहा कि सना के हत्यारे का पता चल गया है।



अपराधी 22 साल का लड़का है, जिसे फैसलाबाद से गिरफ्तार किया गया। वह रिश्तेदार बनकर सना के घर में घुसा था। पुलिस का कहना है कि हमलावर ने सना को कई बार प्रपोज किया था। हर बार उसने मना कर दिया।

हमलावर मैट्रिक पास और बेरोजगार है और बेहद गरीब परिवार से आता है। आरोपी ने हत्या की बात कबूल कर ली है। रिजवी ने बताया कि सना ने 29 मई को अपना बर्थडे मनाया था। इस दिन संदिग्ध ने सना से मिलने की खूब कोशिश की थी। वह उसके घर भी पहुंचा था और सात से आठ घंटे तक मिलने की कोशिश करता रहा, लेकिन सना से उसकी मुलाकात नहीं हो पाई थी। उन्होंने कहा कि संदिग्ध ने सबूत मिटाने के लिए सना का मोबाइल फोन ले लिया था। पुलिस को हत्या में इस्तेमाल हथियार भी मिला है। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने पहले सना से घर के बाहर कुछ देर बात की और फिर घर के अंदर आकर गोलियां चलाईं। सना को बहुत नजदीक से दो गोलियां लगीं, जिसके बाद उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की गिरफ्तारी संभव हो पाई है। पुलिस ने आरोपी के पास से हत्या में इस्तेमाल पिस्तौल और सना का मोबाइल फोन बरामद कर लिया है।

## माली में घुसपैठ की असफल कोशिश में 14 आतंकी मारे गए

**बमाको।** माली के उत्तरी शहर टिम्बकटू में सोमवार को आतंकवादी लड़ाकों ने एक सैन्य शिविर में घुसपैठ करने की असफल कोशिश की जिसमें 14 आतंकवादी मारे गए। यह जानकारी माली सशस्त्र बलों ने एक बयान जारी कर दी। बयान में कहा गया कि घुसपैठ की कोशिश स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे के आसपास हुई और 'मालियन सशस्त्र बलों की त्वरित प्रतिक्रिया से आतंकवादियों को तुरंत खदेड़ दिया गया। बयान में कहा गया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार 14 आतंकवादी मारे गए, 31 संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार हुए तथा हथियार, वाहन और विभिन्न सामग्रियां बरामद की गईं। घुसपैठ की यह कोशिश, डौएंट्ज़ा के मध्य क्षेत्र में स्थित बौलकेसी के एक सैन्य अड्डे पर हुए घातक हमले के एक दिन बाद हुई। रविवार को एक अलग बयान में, एफएएमए ने बौलकेसी शिविर पर हमले की पुष्टि की तथा कहा कि वापस जाने से पहले उसने जोरदार जवाब दिया।

## कराची जेल से 216 कैदी भागे, 136 अभी भी फरार

### भूकंप के बाद अफरातफरी में मेन गेट से फरार, 80 से ज्यादा कैदी दोबारा पकड़े गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कराची की मलिर जेल से सोमवार रात 216 कैदी फरार हो गए। जेल प्रशासन के मुताबिक कराची में आए भूकंप के झटकों के बाद ऐहतियातन कैदियों को बैरकों से बाहर निकाला गया था। जियो न्यूज के मुताबिक इसी दौरान मौके का फायदा उठाकर कैदी मेन गेट से फरार हो गए। इनमें से करीब 80 कैदियों को दोबारा पकड़ लिया गया है, जबकि 135 कैदी अभी भी फरार हैं।

- इससे पहले कई मीडिया रिपोर्ट्स में कैदियों के दीवार तोड़कर भागने की बात कही जा रही थी



जेल सुपरिटेंडेंट अरशद शाह ने मंगलवार तड़के इसकी पुष्टि की। इससे पहले कई मीडिया रिपोर्ट्स में कैदियों के दीवार तोड़कर भागने की बात कही जा रही थी। प्रशासन ने साफ किया है कि कोई दीवार नहीं तोड़ी गई, सभी कैदी मेन गेट से ही भगदड़ के बीच भाग निकले। फरार कैदियों को पकड़े जाने के बाद पुलिस ने उनकी एक साथ परेड कराई। पकड़े एक फरार कैदी ने बताया कि भूकंप की खबर सुनने के बाद सब लोग भाग रहे थे, इसलिए वो भी भाग गया। एक दूसरे कैदी ने दावा किया कि जेल की दीवार गिर गई थी, इसलिए वो लोग भाग गए। गृह मंत्री लांजार ने बताया कि भूकंप के बाद 700 से 1000 कैदियों को बैरकों से बाहर लाया गया था। इसी अफरा-तफरी में 100 से ज्यादा कैदियों ने मेन गेट की तरफ धक्का-मुक्की शुरू की और भाग निकले। जेल प्रशासन के मुताबिक तलाशी अभियान अब भी जारी है। इस अभियान में स्पेशल सिक्योरिटी यूनिट (एसएसयू), रैपिड रिस्पान्स फोर्स (आरआरएफ), रेंजर्स और फ्रंटियर कोर (एफसी) की टीमें मिलकर काम कर रही हैं। घटना के तुरंत बाद जेल का नियंत्रण रेंजर्स और एफसी ने संभाल लिया। आईजी जेल, डीआईजी जेल और जेल मंत्री ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। घटना में एक कैदी की मौत की खबर है। वहीं, 4 सुरक्षाकर्मी घायल हुए हैं। गृह मंत्री ने माना कि प्रशासनिक लापरवाही भी इस घटना का कारण हो सकती है। मुख्यमंत्री मुराद अली शाह को पूरी जानकारी दे दी गई है। उन्होंने गृह मंत्री को जेल जाकर हालात की निगरानी करने के निर्देश दिए। सिंध के राज्यपाल कामरान टेसोरी ने भी घटना का संज्ञान लेते हुए गृह मंत्री और आईजी सिंध पुलिस से सभी कैदियों को जल्द गिरफ्तार करने को कहा। गृह मंत्री लांजार ने बताया कि हर फरार कैदी की पहचान और रिकार्ड उपलब्ध है। उनके घरों और आसपास के इलाकों में छापेमारी जारी है। जेल मंत्री ने कहा कि लापरवाह अफसरों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा के लिहाज से चौक पोस्ट्स और निगरानी सख्ती बरती जा रही है। पिछले साल जुलाई में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की रावलकोट जेल से 19 कैदी फरार हो गए थे। इनमें से 6 को मौत की सजा सुनाई गई थी। घटना पुंछ के रावलकोट जेल की है, जो मुजफ्फराबाद से करीब 110 किमी दूर है। रविवार दोपहर करीब 2:30 बजे एक कैदी ने पहरेदार से उसकी लस्सी बैरक तक लाने के लिए कहा था। जब पहरेदार लस्सी देने पहुंचा, तब कैदी ने बंदूक तानकर उसे दबोच लिया और उसकी चाबियां छीन लीं। इसके बाद कैदी ने बाकी बैरक का ताला भी खोल दिया था। फिर सभी कैदी मेन गेट की तरफ भागे। इस दौरान पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक कैदी की मौत हो गई थी। पाकिस्तान में इससे पहले भी कई बार आतंकियों के जेल तोड़कर भागने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। 2012 में पाकिस्तान के बन्नू शहर में 400 कैदी जेल से फरार हो गए थे।

## ईरान ने अमेरिकी परमाणु समझौते को किया खारिज

**तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान ने अमेरिका के परमाणु समझौते को 'बेकार' बताते हुए इसे यह कहते हुए खारिज कर दिया है कि समझौता देश के राष्ट्रीय हितों के अनुरूप नहीं है, क्योंकि यह उसे यूरेनियम संवर्धन से रोकता है। ईरान ने बार-बार स्पष्ट किया है कि यह एक अस्वीकार्य प्रस्ताव है। मेज़ा नेट की रिपोर्ट के अनुसार प्रस्तावित समझौते के बारे में बात करते हुए एक ईरानी राजनयिक ने कहा कि इस प्रस्ताव में ईरानी धरती पर संवर्धन पर अमेरिका का रुख अपरिवर्तित है और प्रतिबंधों को हटाने के बारे में कोई स्पष्ट स्पष्टीकरण नहीं है। ईरान एक नकारात्मक प्रतिक्रिया तैयार कर रहा है, जिसे अमेरिकी प्रस्ताव की अस्वीकृति के रूप में समझा जा सकता है। इससे पहले एक्सियोस समाचार पोर्टल ने सोमवार को सूत्रों का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में बताया था कि ट्रम्प प्रशासन ने कथित तौर पर अधिकारियों द्वारा अभी तक अनिर्धारित अवधि के लिए यूरेनियम के सीमित निम्न-स्तरीय संवर्धन पर सहमति व्यक्त की थी।

ओमान के विदेश मंत्री सईद बदर अल-बुसैदी ने 31 मई को ईरान के दौरे के दौरान ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच मध्यस्थता में मस्कट की मदद की पेशकश की। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रतिनिधि स्टीव विटकॉफ के बीच पांच दौर की वार्ता के बाद दोनों देशों में इस मुद्दे पर गतिरोध बरकरार है।

## रूस का दावा: 24 घंटे में यूक्रेन के 1400 सैनिक मारे

### यूक्रेन बोला: तीन साल में रूस के 10 लाख सैनिक मारे गए

**मास्को/कीव।** यूक्रेन में चल रहे युद्ध के बीच रूस ने मंगलवार को दावा किया कि उसकी सेना ने पिछले 24 घंटों में यूक्रेन के करीब 1400 सैनिकों को मार गिराया है।

रूस के रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी इस आंकड़े की घोषणा तब हुई, जब मास्को और कीव के प्रतिनिधिमंडल इस्तांबुल में युद्धविराम पर बातचीत के लिए मिल रहे थे। यह दावा ऐसे समय पर किया गया है, जब 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से दोनों देशों ने एक-दूसरे पर अब तक के सबसे बड़े ड्रोन हमले किए। वहीं, यूक्रेन की सेना के जनरल स्टाफ ने 3 जून को दावा किया कि फरवरी 2022 से शुरू हुए युद्ध में अब तक रूस के लगभग 10 लाख सैनिक मारे जा चुके हैं। पिछले 24 घंटों में 1100 सैनिक मारे गए। यूक्रेन ने यह भी दावा है कि युद्ध में अब तक रूस के 10881 टैंक, 22671 बख्तरबंद वाहन, 50607 वाहन और फ्यूल टैंक, 28623 तोपखाने सिस्टम, 1402 राकेट लान्चर, 1176 एयर डिफेंस सिस्टम, 384 हवाई जहाज, 336 हेलिकाप्टर, 38748 ड्रोन, 28 जहाज और एक पनडुब्बी खोई है।

- यह दावा ऐसे समय पर किया गया है, जब 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से दोनों देशों ने एक-दूसरे पर अब तक के सबसे बड़े ड्रोन हमले किए



## भारत की राष्ट्रीय भाषा है एकता और विविधता: कनिमोझी

- डीएमके सांसद ने स्पेन में कहा: यही संदेश हमारा डेलिगेशन दुनिया को देने आया है

**मैड्रिड।** भारत के ऑल पार्टी डेलिगेशन की अगुआई कर रहीं डीएमके सांसद कनिमोझी ने सोमवार को स्पेन में कहा कि भारत की राष्ट्रीय भाषा एकता और विविधता है।

उन्होंने कहा कि यही संदेश यह प्रतिनिधिमंडल दुनिया को देने आया है। दरअसल, स्पेन में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए उनसे पूछा गया कि भारत की राष्ट्रीय भाषा क्या है। इसके जवाब में कनिमोझी ने कहा कि भारत की राष्ट्रीय भाषा है एकता और विविधता। यही सबसे जरूरी संदेश है जो आज दुनिया तक पहुंचाना चाहिए। कनिमोझी का यह बयान ऐसे समय में आया है जब हाल ही में डीएमके केंद्र सरकार की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शामिल तीन-भाषा फार्मूले का विरोध कर चुकी है। स्पेन में कनिमोझी के नेतृत्व में भारत का 'ग्रुप-6' डेलिगेशन स्पेन के विदेश मंत्री जोसे मैनुएल अल्बारेस से भी मिला। स्पेन में भारतीय दूतावास ने जानकारी दी कि इस मुलाकात में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई और अप्रैल 22 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर भारत की स्थिति की जानकारी स्पेन को दी। विदेश मंत्री अल्बारेस ने कहा कि स्पेन भारत की आतंकवाद विरोधी लड़ाई में पूरी तरह से उसके साथ खड़ा है।

## बाइडन के क्षमादानों की जांच करेगा अमेरिकी न्याय विभाग

> यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि क्या बाइडन ने क्षमादान के लिए ऑटोपेन का उपयोग किया था

**वाशिंगटन।** अमेरिकी क्षमादान अटॉर्नी एड मार्टिन ने अपने कर्मचारियों को सूचित किया कि उन्हें तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडन की ओर से उनके प्रशासन के अंतिम दिनों में जारी किए गए क्षमादानों की जांच करने का निर्देश दिया गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के न्याय विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मार्टिन को पूर्व राष्ट्रपति बाइडन द्वारा अपने राष्ट्रपति कार्यकाल के अंतिम दिनों में अपने परिवार के सदस्यों और मृत्युदंड के कैदियों को दी गई क्षमा की जांच करने का निर्देश दिया गया है। न्याय विभाग के क्षमा अटॉर्नी के रूप में कार्यरत मार्टिन ने एक ईमेल में खुलासा किया कि जांच इस बात पर केंद्रित है कि क्या बाइडन अपने कार्यकाल के दौरान सक्षम थे और क्या उन्हें ऑटोपेन या अन्य तरीकों के माध्यम से दवाब बनाया गया था। ऑटोपेन एक ऐसा उपकरण है जो स्वचालित रूप से दस्तावेज पर हस्ताक्षर करता है और ट्रम्प और उनके समर्थकों द्वारा अपुष्ट दावे किए गए हैं कि बाइडन द्वारा अपने राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान इस उपकरण का उपयोग उनके कार्यों की वैधता पर सवाल उठाता है। यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि क्या बाइडन ने क्षमादान के लिए ऑटोपेन का उपयोग किया था। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि मार्टिन यह जांच करने की योजना बना रहे हैं कि क्या यह क्षमादान बाइडन के शासनकाल के दौरान उनके अधिकार क्षेत्र में था या फिर कुछ लोग उनपर इसका दबाव बनाकर उनका शोषण कर रहे थे।



## मानवीय सहायता केंद्र पर इजरायल के हमले से 19 की मौत

**गाजा।** दक्षिणी गाजा पट्टी के मानवीय सहायता वितरण केंद्र में फिलिस्तीनियों के एक समूह पर इजरायल कर सेना द्वारा की गई गोलाबारी में कम से कम 19 फलस्तीनी मारे गए। मीडिया रिपोर्टों से यह जानकारी मिली है। सूत्रों के अनुसार पश्चिमी राफा में मानवीय सहायता वितरण का इंतजार कर रहे लोगों के एक समूह पर इजरायल की सेना द्वारा की गई गोलाबारी में 19 लोग मारे गए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि मई के अंत से मानवीय सहायता वितरण केंद्रों पर इसी प्रकार के कई इजरायली हमले हुए हैं, जिनमें 75 लोग मारे जा चुके हैं जबकि 400 से अधिक घायल हुए हैं। अल जज़ीरा ने रिपोर्ट में कहा कि मई में संघर्ष में हुई उल्लेखनीय वृद्धि के बीच इज़रायल के अधिकारियों ने गाजा पट्टी के लोगों को मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए एक नई योजना की घोषणा की।

## हमें मनाने की जरूरत नहीं

### ट्रम्प के दावे पर शशि थरूर की दो टूक, पाकिस्तान को भी लताड़ा

- हम अमेरिकी राष्ट्रपति पद का बहुत सम्मान करते हैं और हम उसी सम्मान को ध्यान में रखते हुए बात करेंगे

**ब्रासीलिया।** ऑपरेशन सिंदूर पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भारत-पाकिस्तान संघर्षविराम में तीसरे पक्ष की संलिप्तता से इनकार किया है और कहा है कि संघर्षविराम के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत हुई।

थरूर के नेतृत्व वाला सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल फिलहाल ब्राजील में है और ब्राजील से अमेरिका के लिए रवाना होगा। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बार-बार दावा कर रहे हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम के लिए उन्होंने मध्यस्थता की। ब्राजील में शशि थरूर ने कहा कि हम अमेरिकी राष्ट्रपति पद का बहुत सम्मान करते हैं और हम उसी सम्मान को ध्यान में रखते हुए बात करेंगे, लेकिन मोटे तौर पर कहें तो हमारी समझ थोड़ी अलग है। हमें रोकने के लिए किसी को मनाने की जरूरत नहीं थी। हमने पहले ही रुकने के लिए कह दिया था। अगर अमेरिकी राष्ट्रपति या उनके वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किसी को मनाने की जरूरत थी, तो वह पाकिस्तानियों को मनाने की थी। उन्हें मनाना पड़ता। हमें मनाने की जरूरत नहीं है क्योंकि हम युद्ध नहीं चाहते। हम विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। यही मूल संदेश है। थरूर ने कहा कि हमने 7 मई को शुरू से ही लगातार कहा था कि हम संघर्ष को लंबा खींचने के इच्छुक नहीं हैं। यह किसी तरह के युद्ध की शुरूआत नहीं है। यह सिर्फ आतंकवादियों के खिलाफ प्रतिशोध है, बस। अगर पाकिस्तान ने प्रतिक्रिया नहीं की होती, तो हम भी प्रतिक्रिया नहीं करते। डोनाल्ड ट्रम्प का दावा है कि भारत-पाकिस्तान के बीच उन्होंने ही मध्यस्थता कराई। ट्रम्प ने ही सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में सबसे पहले भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम की जानकारी दी थी। हालांकि भारत ने ट्रम्प ने दावे को खारिज कर दिया। भारत ने बताया कि पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारतीय समकक्ष को फोन करके संघर्षविराम की अपील की थी। जिसके बाद संघर्षविराम हुआ।